सूर्योदय प्रातः 5:19 | सूर्यास्त संध्या 6:31 | पखवाड़ा | श्रावण कृ. पंचमी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 30° | न्यूनतम 24°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, सोमवार, 03 अगस्त 2026, वर्ष : 17, अंक : 170, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


# पहली सोमवारी पर बाबा नगरी में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची/देवघर :** सावन माह की पहली सोमवारी को लेकर देवाधिदेव महादेव की पूजा-अर्चना के निमित्त श्रद्धालु भक्तगण बहुत उत्साहित हैं। बाबा बैद्यनाथ धाम में आस्था का सैलाब उमड़ने को तैयार है। रविवार से ही लाखों की संख्या में कांवरिया श्रद्धालु सुल्तानगंज से जल लेकर देवघर की ओर बढ़ते दिखाई दिये। सोमवार को जलार्पण करने की इच्छा के साथ श्रद्धालु तेज गति से कांवरिया पथ पर आगे बढ़ते दिखे। रविवार को हुई हल्की बारिश ने लम्बी यात्रा से थके कांवरियों को राहत पहुंचायी और उनमें नयी ऊर्जा का संचार किया। पिछले कुछ दिनों की तुलना में कांवरियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गयी। जगह-जगह 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से पूरी बाबा नगरी भक्तिमय माहौल में डूब गयी।

पहली सोमवारी को लेकर जिला प्रशासन ने भी व्यापक तैयारियां कर ली हैं। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के नेतृत्व में रविवार सुबह कांवरिया पथ, रूट लाइन, अमानत घर, मंदिर के प्रवेश और निकास द्वार सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। शनिवार को आयोजित ● शेष पृष्ठ 11 पर



## रांची के पहाड़ी मंदिर में भी बड़ी संख्या में जुटेंगे श्रद्धालु

**सावन** माह की पहली सोमवारी के अवसर पर रांची के पहाड़ी मंदिर में भी देवाधिदेव महादेव की पूजा-अर्चना के निमित्त श्रद्धालु भक्तगण बड़ी संख्या में जुटेंगे। श्रद्धालु बहुत उत्साहित दिख रहे हैं। रांची प्रशासन भी इस बात के प्रति तत्पर दिख रहा है कि श्रद्धालु भक्तों को पहाड़ी बाबा की पूजा-अर्चना में किसी तरह की दिक्कत नहीं हो। विधि-व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस रविवार से ही मुस्तैद दिख रही है।

### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 78,094.64 | 166.49 (0.21%) |
| निफ्टी | 24,383.60 | 66.45 (0.27%) |

### सर्राफा बाजार (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,40,390.00 |
| चांदी | 2350.00 |

## एक झलक

### बारामूला में आतंकी सहयोगी गिरफ़्तार

**हथियार और गोला-बारूद बरामद**

**बारामूला :** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में रविवार को सुरक्षाबलों ने ओवर ग्राउंड वर्कर' (ओजीडब्ल्यू अर्थात आतंकी सहयोगी ) को दबोच लिया। उसके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि नरवाव के जंडफरान-गोरीवान क्रॉसिंग पर 46 राष्ट्रीय राइफल्स, पुलिस एसओजी, 53 बटालियन सीआरपीएफ और 112 बटालियन बीएसएफ के जवानों ने संयुक्त नाका लगाया था। इस दौरान गोरीवान की तरफ से आ रहे एक संदिग्ध व्यक्ति ने नाका देखकर भागने की कोशिश की। सतर्क जवानों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर सुरक्षाबलों को उसके पास से एक कैमोफ्लाज्ड एमपी-5 टाइप पिस्तौल, 10 ज़िन्दा 9एमएम कारतूस वाली एक मैगजीन, एक मोबाइल फोन और एक काला बैकपैक मिला।

### दिल्ली में 05 अगस्त को 'जीआई एंड बियॉन्ड 2.0' शिखर सम्मेलन शुरू

**नयी दिल्ली :** दिल्ली स्थित डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केन्द्र में 05 अगस्त को 'जीआई एंड बियॉन्ड 2.0 शिखर सम्मेलन' का आयोजन किया जायेगा। इसका उद्घाटन विदेश एवं वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा करेंगे। वस्त्र मंत्रालय के अनुसार हथकरघा निर्यात संवर्द्धन परिषद (एचईपीसी) के हीरक जुबली लोगो का औपचारिक अनावरण और डिजिटल हैंडलूम एटलस 'एक मंच, अनन्त बाजार' का शुभारम्भ किया जायेगा। विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय द्वारा हथकरघा निर्यात संवर्द्धन परिषद (एचईपीसी) के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश के जीआई-टैग प्राप्त हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देना तथा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उनकी पहुंच को मजबूत करना है।

## कार्टून कोना




### देश में व्यावसायिक कोयला खनन व्यवस्था लागू होने से हुई उत्पादन में वृद्धि

# एक अरब टन के पार पहुंचा कोयला उत्पादन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** देश में व्यावसायिक कोयला खनन व्यवस्था लागू होने के बाद कोयला उत्पादन एक अरब टन से अधिक रहा है। जून 2020 से अब तक 14 चरणों में 141 व्यावसायिक कोयला खदानों की नीलामी की जा चुकी है, जिनसे पूर्ण उत्पादन शुरू होने पर प्रतिवर्ष लगभग 47 हजार करोड़ रुपये का राजस्व और करीब 4.75 लाख रोजगार सृजित होने का अनुमान है। कोयला मंत्रालय ने रविवार को बताया कि वर्ष 2024-25 में देश का कोयला उत्पादन 1,047.52 मिलियन टन तथा वर्ष 2025-26 में 1,040.08 मिलियन टन रहा। वर्ष 2014-15 में यह उत्पादन 609.18 मिलियन टन था। मंत्रालय के अनुसार, इस वृद्धि में कैप्टिव और व्यावसायिक कोयला खदानों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है और राष्ट्रीय उत्पादन में उनकी हिस्सेदारी वर्ष 2021-22 के 10.9 प्रतिशत से बढ़ कर वर्ष 2025-26 में 20.2 प्रतिशत हो गयी।

मंत्रालय ने बताया कि भारत विश्व का पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार रखने वाला तथा दूसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक और उपभोक्ता देश है। देश की प्राथमिक ऊर्जा आवश्यकता का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा कोयले से पूरा होता है, जबकि 70 प्रतिशत से अधिक बिजली उत्पादन भी कोयले पर आधारित है।

वर्ष 2014 में उच्चतम न्यायालय द्वारा 204 कोयला ब्लॉकों का आवंटन रद्द किये जाने के बाद पारदर्शी नीलामी व्यवस्था लागू की गयी। इसके तहत 18 जून 2020 को आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत व्यावसायिक कोयला खनन की शुरुआत की गयी, जिससे निजी कम्पनियों को भी खुले बाजार में कोयला बेचने की अनुमति मिली।

मंत्रालय ने बताया कि जून 2020 से अब तक 14 चरणों में 141 कोयला खदानों की नीलामी की गयी है, जिनकी कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता 366.35 मिलियन टन है। इनमें 123 खदानें निजी कम्पनियों को मिली हैं तथा 44 सफल बोलीदाता ऐसे हैं, जिन्होंने पहले कभी कोयला खनन नहीं किया था। औसत राजस्व साझेदारी 24.17 प्रतिशत रही, जो निर्धारित न्यूनतम चार प्रतिशत से लगभग छह गुना अधिक है।

वर्ष 2025-26 में कैप्टिव और व्यावसायिक खदानों से कुल 210.46 ● शेष पृष्ठ 11 पर




- 14 चरणों में 141 खदानों की हुई नीलामी
- प्रतिवर्ष 47 हजार करोड़ रुपये का राजस्व और 4.75 लाख रोजगार सृजित होने का लगाया जा रहा अनुमान

# करियर और परिवार को बर्बाद कर देता है नशा

**प्रधानमंत्री ने कहा › खतरों को समझें युवा और ड्रग्स से रहें दूर**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि ड्रग्स आपके करियर और फैमिली लाइफ को लो कर देता है। ऐसे में हमें संकल्प लेना चाहिए कि हमारे युवा नशा और ड्रग्स के खतरों को समझ कर जागरूक रहते हुए इससे दूर रहें।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारम्भ किया। इस दौरान राष्ट्रव्यापी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 28 हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक युवा जुड़े।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नशे से परिवार, समाज और राष्ट्र की शक्ति कमजोर पड़ जाती है। दुश्मन देश भी षड्यंत्र करके देश के युवाओं को नशे की लत में खींचने की कोशिश करते रहते हैं। ऐसे में ड्रग सप्लाई के जरिये कमाई कर देश को तबाह करना भी आतंकी साजिश का हिस्सा होता है। इसलिए हमें हर एक युवा को नशे के चुंगल में फंसने से बचाना है। सामूहिकता की ताकत ● शेष पृष्ठ 11 पर



## बच्चों के साथ संवाद की संस्कृति विकसित करना जरूरी

**प्रधानमंत्री** ने नशा मुक्ति में योग, ध्यान और पुनर्वास के महत्त्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ये विधाएं व्यक्ति के अंतर्मन को मजबूत बनाती हैं। उन्होंने कहा कि आज नशा छोड़ने के लिए पुनर्वास केन्द्र जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, 'यदि कोई युवा गलती से नशे की गिरफ्त में आ गया है, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि उसके सभी रास्ते बंद हो गये हैं। उचित सहयोग और उपचार से वह सामान्य जीवन में लौट सकता है।' प्रधानमंत्री ने परिवारों से अपील की, कि यदि घर का कोई बच्चा नशे का शिकार हो जाये, तो सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण इसे छिपाया न जाये। बच्चों के साथ संवाद की संस्कृति विकसित करना जरूरी है, ताकि समय रहते उनके व्यवहार में आनेवाले बदलावों को पहचाना जा सके।

## एसआईटी करे राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच : कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर भाजपा और ट्रस्ट को लेकर दावा किया कि मंदिर निर्माण के दौरान सैकड़ों करोड़ रुपये की चोरी हुई, सोने-चांदी पिघला कर बेचे गये और पैसा शेयर बाजार में लगाया गया। उन्होंने इसे करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर डकैती बताते हुए उच्चतम न्यायालय की देखरेख में विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने की मांग की। प्रमोद तिवारी ने रविवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि मंदिर में सिर्फ चढ़ावे की चोरी नहीं हुई, ● शेष पृष्ठ 11 पर

## लखनऊ में आज से होगी ब्रिक्स देशों के सांख्यिकी प्रमुखों की बैठक




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों (एनएसओ) के प्रमुखों की बैठक 03 से 04 अगस्त को लखनऊ में होगी। 'परिवर्तन का प्रेरकः गुणवत्तापूर्ण सांख्यिकी' विषयक इस बैठक में सांख्यिकी उत्पादों को मजबूत करने, राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणालियों में सुधार, आंकड़ों के प्रसार और उपलब्धता बढ़ाने, मैक्रो-आर्थिक व क्षेत्रीय सांख्यिकी को सुदृढ़ करने पर चर्चा होगी।

केन्द्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने बताया कि भारत की 2026 की ब्रिक्स अध्यक्षता का व्यापक विषय 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' है। इसी क्रम में सांख्यिकी ट्रैक में भारत ने गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों को परिवर्तन का प्रेरक मानते हुए डेटा गुणवत्ता, नवाचार, प्रभावी प्रसार और जन-केंद्रित सांख्यिकी प्रणालियों पर जोर दिया है। बैठक में ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एनबीए ने धान अनुसंधान संस्थानों और राज्यों को 8.22 करोड़ रुपये किये जारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (एनबीए) ने धान अनुसंधान संस्थानों और धान उत्पादक राज्यों को 8.22 करोड़ रुपये जारी किये हैं। यह राशि एक अंतरराष्ट्रीय बीज कंपनी द्वारा भारतीय धान की किस्मों का उपयोग कर संकर विकसित करने और व्यावसायिक रूप से बेचने से प्राप्त हुई है। इसे धान के लिए अब तक की सबसे बड़ी एकल लाभ-साझेदारी वितरण में से एक माना जा रहा है। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार, कुल राशि में से 2.47 करोड़ रुपये अनुसंधान संस्थानों को दिये गये हैं, जिन्होंने धान की किस्मों का संरक्षण और साझा किया था। इनमें आईसीएआर-भारतीय धान अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद को 2.43 करोड़ रुपये मिले हैं, जबकि गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं ● शेष पृष्ठ 11 पर




## 10 किलो हेरोइन व 11 विदेशी हथियार बरामद

**बीकानेर :** स्वतंत्रता दिवस से पहले भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे बीकानेर जिले के खाजूवाला क्षेत्र में पुलिस ने ऑपरेशन 'शॉक वेव' के तहत नशे और हथियारों की बड़ी खेप बरामद करके अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क का खुलासा किया है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 50 करोड़ रुपये आंकी गयी है। मामले में तस्कर वीरेंद्र को गिरफ्तार किया गया है। बीकानेर के पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि बीकानेर रेंज ● शेष पृष्ठ 11 पर

## ईपीएफओ से धोखाधड़ी मामले में अनिल अम्बानी और रिलायंस कैपिटल पर एफआईआर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने रिलायंस कैपिटल लिमिटेड और उसके पूर्व अध्यक्ष अनिल डी अम्बानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। उन पर आरोप है कि कम्पनी ने अपने नॉन-चेंज डिबेंचर में निवेश के जरिये कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) को 1,816.22 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया।

जानकारी के मुताबिक यह मामला तब सामने आया है, जब केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 21 जुलाई को शिकायत दर्ज की थी, जिसमें धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और ईपीएफओ को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने के अपराधों का आरोप लगाया गया। हालांकि, इन सभी गड़बड़ी से अनिल अम्बानी ने इनकार किया है। शिकायत के मुताबिक रिलायंस कैपिटल ने 2013 और 2014 के दौरान सुरक्षित नॉन-चेंज डिबेंचर जारी किये। पोर्टफोलियो मैनेजर्स ने बाद में इन डिबेंचरों में ईपीएफओ फंड से 2,500 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो क्रमशः 2023 और 2024 में मैच्योर होने वाले थे। मंत्रालय ने आरोप लगाया कि इन निवेशों पर ईपीएफओ को 1,816.22 करोड़ का नुकसान हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ● शेष पृष्ठ 11 पर



# थम नहीं रहा जेपीएससी-जेएसएससी में हुई अनियमितताओं का मामला

- संदर्भ को लेकर रांची के उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र प्रेषित
- आन्दोलनकारियों के साथ अपनाये गये आचरण की दी गयी सिलसिलेवार जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जेपीएससी-जेएसएससी में हुई अनियमितताओं का मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा। यह लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इसके खिलाफ धरना-प्रदर्शन से लेकर सत्याग्रह आन्दोलन तक चलाया जा रहा है। मामले की गम्भीरता इसी से समझी जा सकती है कि सत्याग्रह अनिश्चितकालीन रखा गया है, लेकिन उसमें बाधा उत्पन्न करने की हर सम्भव कोशिश हुई। गाली-गलौज के साथ मानसिक प्रताड़ना दी गयी। रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र निवासी रामअवतार महतो के नेतृत्व में चले इस आन्दोलन को बाधित करने के सभी यत्न किये गये। इसके खिलाफ श्री महतो ने रांची के उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने आन्दोलनकारियों के साथ अपनाये गये आचरण की सिलसिलेवार जानकारी दी है। पत्र की प्रति मुख्यमंत्री सचिवालय को भी भेजी गयी है।

राम अवतार महतो ने आन्दोलनकारियों को आपराधिक धमकी देने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, जबरन अवैध धन उगाही का प्रयास करने तथा शांतिपूर्ण आन्दोलन को बाधित करनेवालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश निर्गत करने का उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी से अनुरोध किया है।

उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी को प्रेषित अपने पत्र में राम अवतार महतो ने कहा है, '14 वीं जेपीएससी एवं अन्य भर्ती परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं के विरुद्ध मैं प्रारम्भ से ही लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संघर्ष करता रहा हूं। इसी उद्देश्य से 'जेपीएससी-जेएसएससी अभ्यर्थी न्याय मंच' के बैनर तले प्रशासन को पूर्व सूचना देकर 25 जुलाई 2026 से बापू वाटिका, मोरहाबादी, रांची में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह प्रारम्भ किया। बाद में प्रशासनिक निर्देशों के अनुपालन में 28 जुलाई 2026 से सत्याग्रह स्थल को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, रांची स्थानांतरित किया गया। ● शेष पृष्ठ 11 पर



## झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को भी लिखा पत्र

**14वीं** सिविल सेवा परीक्षा एवं बैकलॉग सिविल सेवा परीक्षा परिणाम को तत्काल स्थगित करने एवं परिणाम में हुईं विभिन्न विसंगतियों की जांच एक स्वतंत्र निकाय से कराने के संदर्भ में राम अवतार महतो ने झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को भी पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने निवेदन किया है कि सभी जेपीएससी अभ्यर्थी की परीक्षाओं की पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं संवैधानिक तरीके जांच करायी जाये।

**इन बिन्दुओं पर हुई कार्रवाई की मांग**

- 14वीं एवं बैकलॉग सिविल सेवा परीक्षा परिणाम को तत्काल स्थगित किया जाये और इसकी जांच स्वतंत्र ● शेष पृष्ठ 11 पर

**सत्याग्रही अभ्यर्थियों ने कहा...**

## बाहरी असामाजिक तत्त्वों ने रची आन्दोलन बाधित करने की साजिश

- **कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज**

**रविवार** को सत्याग्रह धरना स्थल से नौवें दिन मीडिया संवाद में अभ्यर्थी दीनबंधु मंडल ने कहा कि आन्दोलन को समर्थन देनेवाले सभी सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों व कार्यकर्ताओं से वह सहयोग का आह्वान करते हैं। किन्तु, आन्दोलन के मंच का पूर्णतः राजनीतीकरण नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ बाहरी असामाजिक तत्त्व आन्दोलन को कमजोर करने और दबाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके नापाक प्रयासों ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### चितरपुर में अनावरण लाइवलीहुड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की नयी शाखा का हुआ उद्घाटन



**रजरप्पा (रामगढ़) :** रजरप्पा प्रोजेक्ट मोड़ स्थित बीएसएनएल टॉवर के समीप रविवार को अनावरण लाइवलीहुड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की नई शाखा का शुभ उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में कंपनी के निदेशक खालिद अहमद, गुलाम सरवर एवं रुकैया नाज उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक सरफराज आलम के साथ कर्मचारी रियाज अंसारी, सरफराज नवाज एवं तिलेश्वर कुमार रवि भी मौजूद थे। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि नई शाखा में ग्राहकों के लिए याकुजा ईवी स्कूटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, इलेक्ट्रिकल सामान सहित अन्य घरेलू उपयोग की वस्तुएं आसान मासिक किस्तों पर उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित नियम एवं शर्तों के तहत इन उत्पादों पर 0 प्रतिशत ब्याज की सुविधा भी दी जा रही है। मौके पर कंपनी प्रबंधन ने क्षेत्र के लोगों से नई शाखा में पहुंचकर उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

### सड़क दुर्घटना में दम्पति घायल, पति रिम्स रेफर

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के रांची गुमला फोर लेन मार्ग पर पुरना पानी गांव के समीप रविवार की पूर्वाह्न लगभग पौने ग्यारह बजे एक बाइक सवार दंपति असंतुलित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दंपति की पहचान गुमला जिला के सिसई कमला गांव निवासी 26 वर्षीय सुदर्शन उरांव 20 वर्षीय पत्नी संजीता उरांव के रूप में हुई है। जिन्हें पीसीआर पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा अंजली ने दंपति का प्राथमिक उपचार के बाद पति सुदर्शन उरांव को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल संजीता ने बताया कि वे अपने पति के साथ गड़गांव इटकी से अपने घर जा रहे थे। तभी बगल से एक बाइक सवार के अचानक निकल आने हमलोगों की बाइक असंतुलित हो गई और हमलोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

### ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में व्यक्ति ने की आत्महत्या

**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के इटहे गांव निवासी घूरन महतो के दामाद बीता महतो (50) ने शनिवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर ठाकुरगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा तथा यूडी केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीता महतो अपने ससुराल इटहे गांव में रह रहे थे। उनके परिवार में तीन पुत्रियां हैं, जिनमें एक की शादी हो चुकी है। परिजनों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। रविवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया और ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

### जंगली हाथी कुआं में गिरा, वन विभाग ने तीन घंटे मशक्कत के बाद निकाला

**लापुंग :** लापुंग प्रखंड के जरीया मंगरा टोली गांव में देर रात एक जंगली हाथी कच्चे कुएं में गिर गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने पहुंचकर दो जेसीबी के सहारे करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हाथी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बताया जा रहा है कि रात में भोजन की तलाश में निकले तीन हाथी में से एक छोटा हाथी अंधेरे में गांव के बाहर स्थित एक पुराने खुले कुएं में गिर गया। जिसके बाद चिंघाड़ की आवाज सुनकर ग्रामीणों पहुंचे तो देखा की हाथी कुंआ में गिरा हुआ है। जिसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी देर रात ही दो जेसीबी लेकर पहुंचे। और लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद हाथी को सुरक्षित निकाला गया। जिसके बाद उसे सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ा गया।

## राजखरसावां रेलवे स्टेशन | 30 करोड़ रुपये से होगा पुनर्विकास

- देशभर में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,340 रेलवे स्टेशनों को किया जा रहा विकसित
- झारखंड के 57 स्टेशन शामिल
- राज्य में अब तक 15 स्टेशनों का विकास कार्य हो चुका है पूरा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड के राजखरसावां रेलवे स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है। लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन को आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। इसकी जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा के अतारांकित प्रश्न के उत्तर में दी। सांसद कालीचरण मुंडा ने पूछा था कि क्या प्रधानमंत्री द्वारा 6 अगस्त 2023 को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राजखरसावां स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी गई थी तथा क्या 30 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन भवन के पुनर्निर्माण, लिफ्ट, एस्केलेटर, आधुनिक पहुंच मार्ग, हरित क्षेत्र और अन्य यात्री सुविधाओं के विकास की घोषणा की गई थी। सांसद ने रविवार को यहां बताया कि लोकसभा में उनके द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में रेल मंत्री ने बताया कि राजखरसावां स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत नया स्टेशन भवन, आधुनिक प्रतीक्षालय, शौचालय, पार्किंग, परिसंचारी क्षेत्र, पहुंच मार्ग, प्लेटफॉर्म विस्तार, बेहतर प्लेटफॉर्म सतह, 12 मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट, एस्केलेटर, सौंदर्यीकरण तथा दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। वर्तमान में स्टेशन पर प्लेटफॉर्म शेल्टर, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और ऊपरी पैदल पुल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिन्हें और उन्नत बनाया जाएगा। रेल मंत्रालय के अनुसार देशभर में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,340 रेलवे स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है, जिनमें झारखंड के 57 स्टेशन शामिल हैं। राज्य में अब तक 15 स्टेशनों का विकास कार्य पूरा हो चुका है, जबकि रांची, टाटानगर, हटिया, बरकाकाना, चक्रधरपुर सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर कार्य तेजी से जारी है। मंत्रालय ने बताया कि पुराने और चालू रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के दौरान यात्रियों की आवाजाही प्रभावित किए बिना निर्माण कार्य करना, सिग्नल एवं विद्युत लाइनों का स्थानांतरण तथा विभिन्न विभागों से अनुमति प्राप्त करना जैसी तकनीकी चुनौतियां सामने आती हैं। इसके बावजूद कार्य निर्धारित योजना के अनुसार आगे बढ़ाया जा रहा है। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे स्टेशनों का विकास एक सतत प्रक्रिया है और इसे यात्री संख्या, आवश्यकता तथा उपलब्ध बजट के आधार पर चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2026-27 में झारखंड से जुड़े रेलवे जोन के लिए 1,199 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिनमें जून 2026 तक 526 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं।

## रामगढ़ में जेएलकेएम का धरना-प्रदर्शन 04 अगस्त को



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा 4 अगस्त को रामगढ़ जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेगा। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो के निर्देश पर आंदोलन को सफल बनाने के लिए रविवार को पटेल छात्रावास में जेएलकेएम रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवानंद महतो और संचालन रवि महतो ने किया। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने 4 अगस्त के धरना को सफल बनाने को लेकर सुझाव दिए। सभी प्रखंड अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक युवाओं, छात्रों और अभ्यर्थियों को जागरूक कर आंदोलन में शामिल कराने का संकल्प लिया। बताया गया कि गया कि आंदोलन में पार्टी के केंद्रीय, जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर के सभी पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में आगामी आंदोलन की रूपरेखा, संगठनात्मक रणनीति और जनसंपर्क अभियान पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में रवि कुमार महतो, पानेश्वर महतो, राजेंद्र बेदिया, मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, मुस्लिम अंसारी, मनोरंजन महतो, प्रयाग महतो, भारती कुशवाहा, सीता देवी, लालू महतो, संजय महतो, त्रिभुवन महतो, एमडी नौशाद, रवि ठाकुर, नरेंद्र कुमार, राजू बेदिया, अबू शम्मा, तुलेश्वर महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियों में जुटी 22 पड़हा सरना समिति

- सदमा में निकलेगी भव्य प्रभात फेरी
- 09 अगस्त को धूमधाम से मनाया जायेगा विश्व आदिवासी दिवस
- बिरसा मुंडा चौक से सरना ध्वज के साथ निकलेगा बाइक जुलूस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** विश्व आदिवासी दिवस 2026 के सफल आयोजन को लेकर रविवार को ग्राम सदमा स्थित प्रोजेक्ट प्लस-2 उच्च विद्यालय मैदान में आदिवासी 22 पड़हा सरना समिति, सदमा-ओरमांझी-कांके क्षेत्र की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बाबूलाल महली ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी विश्व आदिवासी दिवस पारंपरिक रीति-रिवाज, संस्कृति और उत्साह के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि 9 अगस्त की सुबह 8 बजे सभी पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य, युवा एवं युवतियां बिरसा मुंडा चौक, सदमा में अपने-अपने मोटरसाइकिल पर सरना ध्वज लगाकर पारंपरिक वेशभूषा में एकत्रित होंगे। यहां से भव्य प्रभात फेरी एवं बाइक जुलूस सदमा चौक, कुच्चू चौक, चंदवे, कुम्हरिया, बुंडू, मायापुर और मधुकामा चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगा। प्रभात फेरी का समापन सुबह 10 बजे होगा। इसके बाद भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्य सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष बाबूलाल महली ने सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि विश्व आदिवासी दिवस अपनी संस्कृति, परंपरा, भाषा और सामाजिक एकता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। बैठक में सचिव रमेश उरांव, कोषाध्यक्ष धनेश्वर मुंडा, संरक्षक हरिलाल मुंडा, शिवचरण करमाली, रंजीत पाहन, झिरगा पाहन, छटू मुंडा, संजय मुंडा, रेश्मी तिर्की, कुलदीप उरांव, अंजन मुंडा, रवि मुंडा, रितेश मुंडा, सनु मुंडा, जेठू मुंडा, मतीया उरांव, बिगु मुंडा, मनिता महली, भगत उरांव, विजय उरांव, ललकू मुंडा, बली करमाली, किशोर मुंडा, राजू मुंडा सहित बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## पतरातू में वज्रपात से मां-बेटी समेत तीन महिलाओं की मौत, दो गम्भीर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू :** रामगढ़ जिले के पतरातू क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब 2 बजे तेज बारिश के साथ हुई गर्जना एवं वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में मां-बेटी समेत तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटनाओं के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पहली घटना पतरातू प्रखंड के सांकूल गांव स्थित ऊपरी टोला चिल्ड्रेन स्कूल के समीप नावा खेत में हुई। यहां रेखा देवी (45 वर्ष), पति- भीखन राम एवं उनकी पुत्री रोशनी कुमारी (20 वर्ष), पिता- भीखन राम धान की रोपनी कर रही थीं। इसी दौरान अचानक वज्रपात होने से दोनों इसकी चपेट में आ गईं। ग्रामीणों ने तत्काल मां-बेटी को पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना पतरातू प्रखंड के पलानी गांव के महली टोला में हुई। यहां खेत में धान रोपनी के दौरान सुशांति देवी (34 वर्ष), पति- सुरेंद्र उरांव, सुनीता देवी (36 वर्ष), पति- अजय उरांव तथा कंचन कुमारी (17 वर्ष), पिता- करिया महली वज्रपात की चपेट में आ गईं। सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस से तीनों को पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां चिकित्सकों ने सुशांति देवी को मृत घोषित कर दिया, जबकि सुनीता देवी और कंचन कुमारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, रामगढ़ रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार महतो सशस्त्र बलों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। घटना के समय पलानी गांव के दीपक महली, बैजनाथ महली, मुनेश्वर उरांव, रविंद्र उरांव, अजय उरांव, करिया महली, रतिराम महली एवं करम उरांव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। लगातार हो रही बारिश और वज्रपात की घटनाओं के बाद प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान खेतों एवं खुले स्थानों पर काम करने से बचें तथा मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों का पालन करें।

## लम्बित छात्रवृत्ति भुगतान को लेकर एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने विधायक ममता देवी से की मुलाकात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** रामगढ़ एनएसयूआई छात्र संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी से उनके गोला (मठवाटांड़) स्थित कार्यालय में मुलाकात कर जिले सहित पूरे राज्य में लंबित छात्रवृत्ति भुगतान की गंभीर समस्या से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि रामगढ़ जिले के लगभग 13,000 तथा राज्य के लाखों छात्र-छात्राएँ छात्रवृत्ति नहीं मिलने से गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। छात्रवृत्ति के अभाव में अनेक विद्यार्थी अपना पंजीकरण नहीं करा पा रहे हैं, कई परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित हैं, जबकि आर्थिक तंगी के कारण कुछ विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ने की नौबत आ गई है। विधायक ममता देवी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि इस महत्वपूर्ण विषय पर वे शीघ्र ही संबंधित विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर छात्रवृत्ति भुगतान में आ रही बाधाओं को दूर करने तथा सभी पात्र विद्यार्थियों को अविलंब छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने की माँग करेंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी का अधिकार है और आर्थिक कारणों से किसी भी छात्र-छात्रा की पढ़ाई प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। विद्यार्थियों के हितों की रक्षा एवं उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## कलकत्ता पब्लिक स्कूल में नन्हे-मुन्नों ने उत्साह से मनाया फ्रेंडशिप डे

## दोस्ती के रंग में रंगा प्री-प्राइमरी परिसर



- रंग-बिरंगे फ्रेंडशिप बैंड बांध कर बच्चों ने दिया प्रेम, सहयोग और सद्भाव का संदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** कलकत्ता पब्लिक स्कूल ओरमांझी के प्री-प्राइमरी सेक्शन में रविवार को फ्रेंडशिप डे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने मित्रों को रंग-बिरंगे फ्रेंडशिप बैंड बांधकर दोस्ती का संदेश दिया। पूरे विद्यालय परिसर में बच्चों की मासूम मुस्कान, उत्साह और आपसी स्नेह ने खुशनुमा माहौल बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल-खेल में आयोजित गतिविधियों ने न केवल बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया, बल्कि उन्हें मित्रता, सहयोग और आपसी सम्मान का महत्व भी सिखाया। विद्यालय की प्राचार्या प्रियंदा झा एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों को सच्ची मित्रता का महत्व बताते हुए कहा कि जीवन में अच्छे मित्र हमारे व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेम, सहयोग, देखभाल और एक-दूसरे का सम्मान करने की सीख दी। फ्रेंडशिप डे का यह आयोजन बच्चों के लिए आनंद, उत्साह और सीख का अनूठा संगम साबित हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में मित्रता, भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। यह दिन नन्हे-मुन्नों के लिए यादगार और प्रेरणादायी अनुभव बन गया।

## पतरातू प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों ने मनाया सावन महोत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** पतरातू प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों ने रविवार को भुरकुंडा के राजनंदनी मैरेज हॉल में हरियाली सावन महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी, उप प्रमुख बबीता पांडेय सहित कई पंचायत समिति सदस्य शामिल रहे ।सावन महोत्सव में हरे रंग की साड़ियों में सजी-धजी महिलाओं ने सावन के उल्लास को दोगुना कर दिया। अवसर पर सावन के गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही साथ गीत-संगीत और इंडोर खेलकूद की मनोरंजक प्रतिस्पधाएं भी हुईं। वहीं ₹फ्रेंडशिप डे₹ के अवसर पर केक भी काटा गया। इस दौरान एक दूसरे को फ्रेंडशिप डे की शुभकामनाएं देते हुए मित्रता और स्नेह का संदेश दिया गया। इसके साथ ही सभी ने सावन के पावन माह में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की। अवसर पर प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी ने कहा कि ₹सावन महोत्सव₹ भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर है। जहां सभी एक दूसरे के साथ मिलजुलकर आनंद मनाते हैं। मौके पर कुमकुम देवी, गुड़िया देवी, लक्ष्मी, सोनी, उपेंद्र पासवान, कंचन कुमारी, अरविंद गिरी, दीपक कुमार, भारत कुमार, मृदुला पंडित, बेबी देवी, अनीता जैन, छोटेलाल बेदिया, अंजू देवी, अजय सिंह, सीमा देवी, रेखा देवी, पुनीता देवी, प्रेमचंद यादव, प्रभात कुमार, राजू मुंडा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## महादानी बाबा मंदिर सज-धज कर तैयार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** श्रावण मास भगवान शिव की आराधना के लिए सबसे पवित्र महीनों में से एक माना जाता है। सावन के प्रत्येक सोमवार का विशेष धार्मिक महत्व होता है। आज सावन की पहली सोमवारी है। इसे लेकर बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में शिवभक्तों के बीच उत्साह का माहौल है। सोमवार को शिवालयों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है।

**महादानी बाबा मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया**

**महादानी** बाबा मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बेड़ो के ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाकर आकर्षक बनाया गया है। मंदिर परिसरों की साफ-सफाई कर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है। आयोजकों का उद्देश्य है कि पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे शांतिपूर्ण वातावरण में भगवान शिव की आराधना कर सकें। शाम में भव्य श्रृंगार पूजा का आयोजन किया जाएगा।

**पूजा सामग्री की दुकानों पर बढ़ी रौनक**

**पहली** सोमवारी को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय के महावीर चौक, जिला परिषद व देवी मंडप के दुकानों से लेकर मोहल्लों तक पूजा सामग्री की दुकानें सज गई हैं। बेलपत्र, धतूरा, दूध, गंगाजल, पुष्प, अगरबत्ती, दीपक और अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। बेड़ो के चौक-चौराहों में रविवार शाम से ही चहल-पहल देखने को मिल रही है।

**श्रद्धालुओं से संयम और व्यवस्था बनाये रखने की अपील**

**महादानी** सत्संग समिति ने श्रद्धालुओं से कतारबद्ध होकर दर्शन और पूजा करने की अपील की है। भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं से प्रशासन और मंदिर प्रबंधन के दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा स्वच्छता बनाए रखने का अनुरोध किया गया है।

## भाजपा जनता के स्वास्थ्य पर भी झूठ और दुष्प्रचार की राजनीति कर रही है : कांग्रेस



**रांची :** रांची झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता द्वारा 108 एम्बुलेंस सेवा और सम्मान फाउंडेशन को लेकर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह निराधार, भ्रामक और राजनीतिक साजिश का हिस्सा बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के स्वास्थ्य जैसे गंभीर विषय को भी राजनीतिक हथियार बनाकर सस्ती राजनीति करने में लगी हुई है। सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि भाजपा नेताओं को आरोप लगाने से पहले अपने शासनकाल को याद करना चाहिए।

## लगातार उपायुक्त के सख्त निर्देशों की हो रही है अवहेलना, शिलान्यास बोर्ड पर जरूरी विवरण गायब

## गुणवत्ता पर विधायक ममता देवी ने दी चेतावनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, हुप्पू में नए वर्ग कक्ष निर्माण कार्य का शुभ शिलान्यास रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजू जायसवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक ममता देवी ने शिलापट्ट का अनावरण करते हुए स्पष्ट कहा कि विद्यालय निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के लिए बड़ी मुश्किल से सरकारी राशि स्वीकृत होती है, इसलिए निर्माण कार्य पूरी तरह स्वीकृत प्राक्कलन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाए। यदि प्राक्कलन में किसी प्रकार की हेराफेरी या घटिया सामग्री का उपयोग पाया गया तो संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान शिलान्यास बोर्ड पर अनिवार्य जानकारियां अंकित नहीं होने को लेकर पत्रकारों एवं ग्रामीणों ने सवाल उठाए। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व पत्रकारों द्वारा यही मुद्दा उठाए जाने के बाद उपायुक्त ऋतुराज ने स्वयं संज्ञान लेते हुए नेमरा सहित विभिन्न योजनाओं के निरीक्षण के दौरान सभी अभियंताओं एवं संवेदकों को स्पष्ट निर्देश दिया था कि प्रत्येक शिलान्यास बोर्ड पर योजना की प्राक्कलन राशि, स्वीकृत लागत, कार्य अवधि, कार्यकारी एजेंसी तथा अन्य सभी निर्धारित तकनीकी मानकों का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी थी कि यदि किसी भी योजना में इन निदेशों की अवहेलना पाई गई तो संबंधित अभियंता एवं जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## रांची रेलवे स्टेशन को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने की मुहिम तेज, एक रात में 14 भिक्षुओं का रेस्क्यू

- स्माइल योजना के तहत रेलवे, आरपीएफ और स्वावलम्बन संस्था की संयुक्त कार्रवाई, आश्रय गृह में शुरू हुई काउंसिलिंग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची रेलवे स्टेशन को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने की दिशा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार की स्माइल (SMILE) योजना के तहत शनिवार देर रात विशेष रेस्क्यू अभियान चलाया गया। स्वावलंबन संस्था की स्माइल टीम, रेलवे प्रशासन एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की संयुक्त कार्रवाई में रेलवे स्टेशन परिसर से 14 भिक्षुओं को रेस्क्यू कर आश्रय गृह पहुंचाया गया, जहां उनकी काउंसिलिंग और पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 11 बजे स्टेशन मास्टर सतीश कुमार सिंह एवं आरपीएफ पोस्ट कमांडर शिशुपाल कुमार के निर्देश पर विशेष रेस्क्यू टीम का गठन किया गया। अभियान का नेतृत्व एएसआई कमल कुमार दास ने किया। रेस्क्यू के बाद सभी भिक्षुओं को स्माइल आश्रय गृह ले जाया गया, जहां उनके भिक्षावृत्ति करने के कारण, पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं पुनर्वास की संभावनाओं का आकलन किया जा रहा है। स्वावलंबन संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि रांची रेलवे स्टेशन को प्राथमिकता के आधार पर भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लगातार रेस्क्यू, परामर्श और पुनर्वास की प्रक्रिया संचालित की जाएगी, ताकि जरूरतमंद लोगों को सम्मानजनक जीवन की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। रेस्क्यू अभियान में एएसआई कमल कुमार दास, एएसआई पी.आर. प्रजापति, लेडी कांस्टेबल शशि कुमारी, कांस्टेबल बी.एल. मीणा, कांस्टेबल अनुप सिंह, स्माइल प्रबंधक शारदा प्रसाद, परामर्शदात्री सुषमा सिन्हा, केयरटेकर उषा कुमारी, रेखा कुमारी, किशोर दास, देवनारायण लोहारा, विजय उरांव सहित अन्य कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही।

रेस्क्यू किए गए लोगों में अधिकांश महिलाएं शामिल हैं। इनमें एक 20 वर्षीय युवती भी है, जिसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं बताई जा रही है। सभी का चिकित्सकीय परीक्षण, पहचान सत्यापन एवं आवश्यक परामर्श के बाद आगे की पुनर्वास प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## ग्रामीणों के सहयोग से जांगी करमाली टोला में मां मनसा व विश्वकर्मा मंदिर निर्माण कार्य का हुआ शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड के मगनपुर पंचायत अंतर्गत जाँगी स्थित करमाली टोला गाँव में ग्रामीणों की एकजुटता और सहयोग से माँ मनसा एवं भगवान विश्वकर्मा मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर बनने से क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और लोगों की आस्था का एक प्रमुख केंद्र विकसित होगा।

मंदिर निर्माण कार्य में गाँव के लोग श्रमदान और आर्थिक सहयोग के माध्यम से सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पूजा समिति के सदस्य भी लगातार निर्माण कार्य की निगरानी और सहयोग कर रहे हैं।

**पूजा समिति के प्रमुख सदस्य**

**रोहित** करमाली, जरासंध करमाली, बासुदेव करमाली, रामदेव करमाली, नागेंद्र करमाली, राजकिशोर करमाली, गौतम, लोकेश, बुद्धदेव, करण, रंजीत, मोहित, कैलाश, संतोष, राजेश, लव, महेंद्र, शिवा, रॉकी, परमिंद्र मुंडा एवं अनिल यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक झलक

### हरिदेव सेवा संघ ने किया रिम्स अस्पताल में नि:शुल्क भोजन वितरण



रांची : हरिदेव सेवा संघ की ओर से रविवार को रिम्स अस्पताल परिसर में मरीजों के परिजनों एवं जरूरतमंद लोगों के बीच नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में लोगों ने भोजन ग्रहण किया और संस्था के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। संस्था के संस्थापक सह संचालक संजीत कुमार साहू ने कहा कि हरिदेव सेवा संघ का उद्देश्य मानव सेवा को सर्वोच्च मानते हुए जरूरतमंद लोगों तक निरंतर सहायता पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि आगे भी ऐसे सेवा कार्य नियमित रूप से जारी रहेंगे। इस अवसर पर संस्था के सक्रिय सदस्य भोला प्रसाद, सोनू यादव, चंदन सोनी, पवन बरनवाल, मुस्कान सिंह, कार्तिक कुमार, उज्ज्वल कुमार एवं जयेश कुमार ने भोजन वितरण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दीं। हरिदेव सेवा संघ ने समाज के सभी लोगों से सेवा और मानवता के ऐसे कार्यों में सहयोग करने की अपील की, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सके।

### मुक्ति संस्था ने 39 अज्ञात शवों का किया सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार



रांची : रविवार, 2 अगस्त 2026 को मुक्ति संस्था ने जुमार नदी तट पर 39 अज्ञात शवों का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने शवों को मुखाग्नि दी, जबकि अतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने की। संस्था द्वारा अब तक कुल 2,228 अज्ञात शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया जा चुका है। इस सेवा कार्य में संस्था के प्रवीण लोहिया सहित सौरभ बथवाल, संदीप कुमार, गौरी शंकर शर्मा, संजय गोयल, अरुण कुटियार तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सीबीएसई क्लस्टर 3 बैडमिंटन प्रतियोगिता में बिहार व झारखंड से 70 विद्यालय के खिलाड़ियों ने लिया भाग



रांची : सीबीएसई क्लस्टर 3 बैडमिंटन प्रतियोगिता जो गया डीपीएस स्कूल में अंडर १४, १७, १९ बालक/ बालिका दोनों के लिए ३१ से २ अगस्त तक आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड से 70 विद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर १९ बालक वर्ग में डीएवी गांधीनगर ने अच्छे खेल का प्रदर्शन कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया, वहीं दूसरी ओर अंडर १७ बालक वर्ग में उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

### शिव लिंग का महारुद्राभिषेक विधि-विधान से सम्पन्न



रांची : अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में 2 अगस्त 2026 को श्रावण अधिकमास के पावन अवसर पर मन्दिर में विराजमान शिव लिंग के महारुद्राभिषेक का विधि विधान से भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भोले बाबा के सभागृह को मनभावन स्वरूप प्रदान किया गया तथा पूरे शिव परिवार का भव्य श्रृंगार किया गया। प्रारम्भ में मंडल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला ने स्पर्शिक संकल्प पूजन कराया तथा इस रुद्राभिषेक का कार्य कार्यक्रम प्रधान आचार्य पंडित श्याम सुंदर भारद्वाज के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शिव भक्ति में लीन हो मन्दिर परिसर में उत्साहित थे।

# झारखंड में कल से भारी बारिश के आसार

## ▪ कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में मंगलवार से भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि अगस्त माह में सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है, हालांकि बीच-बीच में मौसम प्रणाली (सिस्टम) सक्रिय होने पर अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, जुलाई माह में राज्य में अपेक्षाकृत अच्छी बारिश दर्ज की गई। वहीं आने वाले दिनों में कुछ जिलों में भारी वर्षा के साथ तेज हवा और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। विभाग के अनुसार, 5 अगस्त को उत्तर-पश्चिमी और मध्यवर्ती जिलों हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ और बोकारो में भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम तथा सरायकेला-खरसावां जिलों में भी वर्षा की गतिविधियां तेज रहने का अनुमान है। वहीं 6 अगस्त को हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, रांची, लोहरदगा, गुमला और खूंटी जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 43.2 मिलीमीटर वर्षा हजारीबाग डीवीसी क्षेत्र में दर्ज की गई। इसी अवधि में सरायकेला का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज हुआ। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए रहे। बीच-बीच में हल्की धूप निकलने से दिनभर गर्मी और उमस का एहसास बना रहा। रांची में रविवार को अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री और न्यूनतम 24.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 35 डिग्री और न्यूनतम 26.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 35.2 डिग्री और न्यूनतम 26.3 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 34.5 डिग्री और न्यूनतम 27.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 33.8 डिग्री और न्यूनतम 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### 'परम्परा' मेले के चतुर्थ दिवस पर हुआ समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : मारवाड़ी सहायक समिति, रांची के सानिध्य में आयोजित चार दिवसीय *परंपरा* कला एवं विरासत मेले का आयोजन 30 जुलाई से 2 अगस्त तक हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन परिसर में किया गया था। मेले के चतुर्थ दिवस सायं 5 बजे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सी पी सिंह, सांसद महुआ माजी, महापौर रोशनी खलखो शामिल हुई। सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर उनका अभिनंदन और स्वागत किया गया। चतुर्थ दिवस के मुख्य अतिथि मेले परिसर का भ्रमण कर महिलाओं के द्वारा बनाए गए घरेलू उत्पाद एवं कई अन्य सामग्रियों का अवलोकन किया। महुआ माजी एवं रोशनी खलखो ने कहा यहाँ महिला लघु उद्योग के माध्यम से सुंदर मेले का प्रायोजन किया गया है इससे कई लोगों को रोजगार भी मुहैया होगा। जैसा कि ज्ञात है मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आईं महिला उद्यमियों ने 90 से अधिक स्टॉल लगाए हैं। इन स्टॉलों पर हस्तशिल्प, पारंपरिक परिधान, गृह सज्जा की वस्तुएँ, हस्तनिर्मित उत्पाद, आभूषण, हर्बल वस्तुये ,सूती, सिल्क वस्त्रों के उत्पाद, खानपान की समुचित व्यवस्था एवं अन्य रचनात्मक उत्पाद प्रदर्शित के साथ बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। चार दिनों तक लगातार हजारों लोगो ने परंपरा मेले में पहुँच जरूरत की चीजो की भरपूर खरीददारी की खरीदारी के साथ-साथ लोग क्षेत्रीय शुद्ध खानपान का भी भरपूर आनंद लिया।

### पारस एचईसी हॉस्पिटल में 'पेन मैनेजमेंट क्लिनिक' की शुरुआत

## पुराने और जटिल दर्द का मिलेगा विशेषज्ञ इलाज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची ने पुराने और लंबे समय से दर्द से जूझ रहे मरीजों के लिए अत्याधुनिक पेन मैनेजमेंट क्लिनिक की शुरुआत की है। इस क्लिनिक में नसों के दर्द, जोड़ों के दर्द, फ्रैक्चर के बाद होने वाले दर्द, बार-बार होने वाले सिरदर्द और रीढ़ से जुड़े दर्द का आधुनिक तकनीकों के माध्यम से इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। क्लिनिक में डॉ. कुमार दुश्यंत, कंसल्टेंट (एनेस्थीसिया एवं पेन मैनेजमेंट), अपनी सेवाएं देंगे। ओपीडी का समय प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। यहां मरीजों के लिए नर्व ब्लॉक एवं ट्रिगर प्वाइंट इंजेक्शन, पीआरपी एवं अल्ट्रासाउंड गाइडेड जॉइंट इंजेक्शन, स्पाइन पेन इंटरवेंशन तथा कैंसर पेन मैनेजमेंट एवं पेलिएटिव केयर जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इन आधुनिक तकनीकों का उद्देश्य लंबे समय से दर्द से परेशान मरीजों को प्रभावी राहत प्रदान करना और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार लाना है। अधिक जानकारी एवं अपॉइंटमेंट के लिए 8080808069 पर संपर्क किया जा सकता है। हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. नीतेश कुमार ने कहा कि दर्द को लंबे समय तक नजरअंदाज करना कई बार गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। लगातार रहने वाला दर्द व्यक्ति की दैनिक गतिविधियों, कार्यक्षमता और मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। इसलिए दर्द को सामान्य समस्या मानकर टालने के बजाय समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लेना, आवश्यक जांच कराना और उचित उपचार शुरू करना बेहद जरूरी है।

## एसबीयू ने राष्ट्रीय 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान में निभायी सक्रिय भागीदारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : सरला बिरला यूनिवर्सिटी ने 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय ऑनलाइन इंटरैक्टिव सत्र में सक्रिय भागीदारी की। इस कार्यक्रम को भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। देशभर के विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों की सहभागिता वाले इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प में सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक से हुआ, जिसमें नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत करते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली के महत्व पर बल दिया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जागरूकता, शिक्षा और सामूहिक उत्तरदायित्व के माध्यम से ही नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षाविद एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति वर्चुअल माध्यम से जुड़े। अपने प्रेरक संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा राष्ट्र निर्माण में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के भविष्य को ही नहीं, बल्कि परिवार और समाज की नींव को भी कमजोर करता है। प्रधानमंत्री ने विश्वविद्यालयों एवं शिक्षकों से आग्रह किया कि वे कक्षा शिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, मानसिक स्वास्थ्य और जिम्मेदार नागरिकता के विषय में निरंतर जागरूक करें। उन्होंने विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय विजन को दोहराते हुए युवाओं को इस परिवर्तन यात्रा का सक्रिय सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत सरला बिरला यूनिवर्सिटी के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र अर्जुन सिंह की प्रेरणादायक सफलता की कहानी साझा की, जिन्होंने दृढ़ संकल्प, उचित मार्गदर्शन और समय पर मिले सहयोग से नशे की लत पर विजय प्राप्त कर अपने जीवन को नई दिशा दी। यह उदाहरण विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और इस बात का प्रमाण भी कि सही मार्गदर्शन एवं आत्मविश्वास से किसी भी चुनौती पर विजय प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासित, स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनके आज के सकारात्मक निर्णय ही विकसित भारत के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनेंगे।

## बालू तस्करी पर राजनीति नहीं, तथ्य रखें बाबूलाल मरांडी : ऋषिकेश सिंह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता ऋषिकेश सिंह ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि बालू और खनिज संसाधनों की चिंता करने से पहले भाजपा को अपने शासनकाल का हिसाब झारखंड की जनता को देना चाहिए। जिनके शासन में खनिज संपदा की लूट, अवैध खनन और माफियाओं के बढ़ते प्रभाव की चर्चा पूरे देश में होती रही, आज वही लोग नैतिकता का चोला पहनकर सवाल पूछ रहे हैं। ऋषिकेश सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी यह बताएं कि जब वे मुख्यमंत्री रहे और उसके बाद भाजपा के लंबे शासनकाल में अवैध खनन और बालू माफियाओं के खिलाफ कितनी निर्णायक कार्रवाई हुई? क्या उस समय नदियों का दोहन नहीं हो रहा था? क्या उस समय राजस्व की क्षति नहीं हो रही थी? भाजपा को दूसरों पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। ऋषिकेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मत है कि यदि कहीं भी एनजीटी के निर्देशों का उल्लंघन हो रहा है तो दोषी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

### सैंटेविटा हॉस्पिटल में उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ हेल्दी बेबी शो 2026

## बच्चों ने अपनी प्रतिभा व मासूमियत से सभी का मन मोहा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : सैंटेविटा हॉस्पिटल, रांची द्वारा बच्चों के स्वस्थ विकास, प्रतिभा और मासूमियत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित 'हेल्दी बेबी शो 2026' का आयोजन 2 अगस्त 2026 को सैंटेविटा हॉस्पिटल परिसर में उत्साह और उमंग के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में 6 से 12 माह तथा 13 से 18 माह आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत Healthy Baby, Chubby Cheeks, Crawl Race और Best Costume जैसी विभिन्न श्रेणियों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा और मासूमियत से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में प्रतिष्ठित बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश कुमार रॉय, डॉ. अनिताभ कुमार एवं डॉ. सिद्धार्थ जैन पाटोदी शामिल रहे। कार्यक्रम में डॉ. मुक्ता नारायण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सैंटेविटा हॉस्पिटल द्वारा वर्ष 2024 से आयोजित किए जा रहे हेल्दी बेबी शो को लगातार अभिभावकों और बच्चों का शानदार समर्थन प्राप्त हो रहा है। इस वर्ष भी कार्यक्रम में बच्चों और उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन को यादगार बनाया।

## भाजपा नेत्री दीपा चौरसिया ने सहेलियों संग धूमधाम से मनाया फ्रेंड्स डे, दोस्ती के रिश्ते को बताया सबसे अनमोल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

ओरमांझी : भाजपा नेत्री एवं समाजसेविका दीपा चौरसिया ने रविवार को अपनी सहेलियों के साथ उत्साह और उल्लास के माहौल में फ्रेंड्स डे मनाया। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर शुभकामनाएं दीं तथा मित्रता, विश्वास और आपसी सम्मान के रिश्ते को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर दीपा चौरसिया ने कहा कि सच्ची मित्रता जीवन की सबसे अनमोल पूंजी होती है। एक अच्छा मित्र हर परिस्थिति में साथ खड़ा रहता है और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देता है। हमें अपने मित्रों के साथ विश्वास, सम्मान और सहयोग का रिश्ता हमेशा बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि फ्रेंड्स डे केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि रिश्तों को मजबूत करने और एक-दूसरे के प्रति प्रेम, अपनापन एवं संवेदनशीलता व्यक्त करने का विशेष अवसर है। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का संदेश देते हैं। फ्रेंड्स डे के अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और जीवनभर मित्रता के इस अटूट रिश्ते को निभाने का संकल्प लिया।

## 'शिव शिष्यता की पृष्ठभूमि, व्याप्ति एवं प्रयोजन' की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : शिव शिष्य परिवार के तत्त्वावधान में 'शिव शिष्यता की पृष्ठभूमि, व्याप्ति एवं प्रयोजन' विषयक दो दिवसीय कार्यशाला अग्रसेन भवन रांची में आयोजित की गयी। विगत दो दिनों से चल रही कार्यशाला का आज बहुत ही शांतिपूर्ण माहौल में समापन हुआ। भारत वर्ष के विभिन्न राज्यों से आये शिवशिष्य-शिष्याओं को सम्बोधित करते हुए साहब हरीन्द्रानंद जी का संदेश 'आओ चलें शिव की ओर', बरखा आनन्द ने कहा कि आज से 08 वर्ष पूर्व साहब लगभग 400 शिष्यों को सम्बोधित कर रहे थे। थोड़ी देर के बाद उन्होंने उपस्थित लोगों से पूछा कि किसी को कुछ पूछना है, कोई उत्तर नहीं मिलने पर वह चलने को तैयार हुए, तभी एक मर्मभेदी वाक्य उनके मन में कौंधा और उन्होंने कहा, 'मुझे कुछ कहना है।' और उन्होंने कहा 'आओ चलें शिव की ओर' वह कहते थे कि यह मेरा कथन नहीं था, अपितु सुदूर वन प्रांतरों से आती हुई एक आवाज थी एक दर्द था। यह सृष्टि के शून्याकाश से आती हुई एक मद्धिम, मधुर ध्वनि तरंगें हैं। श्रीमती आनन्द ने कहा कि देश, समाज व परिवार की मर्यादाओं को सुदृढ़ करते हुए भगवान शिव की ओर चलना और चलते ही रहना है। गुरु, सदगुरु एवं जगत गुरु विषय पर अर्चित आनन्द ने कहा कि गुरु का शाब्दिक अर्थ अंधकार को दूर करने वाला मना गया है। मनुष्य के अन्दर छाये गहन अंधकार को मिटाने की जो जवाबदेही ले, उसे गुरु कहते हैं। गुरु शिष्य के मन में साधना, जप आदि विभिन्न विधियों द्वारा शिव भाव का आवेश जागते हैं। जबकि, सदगुरु मात्र अपनी दया से ही शिष्य के मन में परमात्म प्रेम का अंकुरण कर देते हैं। सदगुरु की दया ही शिष्य को शिव बनाती है। जगत गुरु को तो सभी सदगुरुओं का गुरु कहा गया है। जगत गुरु के शाब्दिक अर्थ से ही स्पष्ट है कि इस संसार का कोई भी व्यक्ति उन्हें अपना गुरु मानेगा, तो उन्हें उस व्यक्ति को शिव बनाने की जवाबदेही लेनी ही होगी। वहीं, शिष्यानुभूति एक प्रकाश स्तम्भ पर बोलते हुए शिव शिष्य परिवार के सचिव अभिनव आनन्द ने कहा कि जागतिक रौशनी लोगों को रास्ता दिखाने के लिए होती है, जबकि आध्यात्मिक रौशनी लोगों को शिव तक पहुंचाती है। आभार एवं समापन गौतम कुमार ने किया। इस कार्यशाला में विभिन्न राज्यों से आये अन्य शिवशिष्यों ने भी अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री राजेश, गौतम शिवकुमार विश्वकर्मा, रजनीश, रणधीर, आदित्य आदि ने महती भूमिका निभायी। कार्यशाला में भारत के विभिन्न प्रांतों से आये लगभग 550 लोगों ने भाग लिया। उक्त आशय की जानकारी शिव शिष्य परिवार के मीडिया प्रभारी कन्हैया सिंह ने दी।

### लायन्स जिला 322अ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह भव्यता से सम्पन्न

## कठिन परिस्थिति से निकल कर भी सेवा कार्य करें : लायन संजय खेतान




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : विश्व की अग्रणी सामाजिक एवं सेवा संस्था लायन्स इंटरनेशनल के लायन्स जिला 322अ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पदभार सह शपथ ग्रहण समारोह चेशायर होम रोड, बरियातु स्थित मंडपम बैंकेट हॉल (बिरला मंदिर के बगल) में सम्पन्न। इस कार्यक्रम के लिए, नेपाल से आए हुये लायन्स इंटरनेशनल के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक लायन संजय खेतान ने कहा कि कठिन परिस्थितियों से निकल कर भी सेवा कार्य करनाचाहिए, क्योंकि समर्पित लोग ही इतिहास रचते हैं। उन्होंने नए पदाधिकारियों को पदस्थापित किया। इस अवसर पर प्रथम उप जिलापाल लायन कंचन कुमार साहू, द्वितीय उप जिलापाल लायन सुजीत कुमार, कैबिनेट सचिव लायन अरुण कुमार सिंह, कैबिनेट कोषाध्यक्ष लायन शांतनु तिवारी तथा जनसंपर्क पदाधिकारी लायन धर्मेंद्र सिन्हा सहित जिला कैबिनेट के लगभग 150 पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य अपने पदों पर स्थापित किए गए। कार्यक्रम की शुरुवात ध्वज अभिवादन, विश्व शांति हेतु मौन धरण, दीप प्रज्वलन एवं नृत्य से हुई। अतिथियों का स्वागत नवनिर्वाचित जिलापाल एमजेएफ लायन शुभ्रा मजूमदार ने किया। उन्होंने इसी माह 3 से 7 जुलाई के बीच हांगकांग में आयोजित लायन्स इंटरनेशनल के 108वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विश्व के 140 देशों के लगभग 18000 लायन्स सदस्यों की उपस्थिति में अपने पद पर स्थापित हुईं। इनके नेतृत्व में झारखंड एवं बिहार के लगभग 30 राजस्व जिलों को सम्मिलित कर गठित लायन्स जिला 322अ में लायन्स इंटरनेशनल के सेवा-सिद्धांतों एवं मार्गदर्शन के अनुरूप विभिन्न मानवीय एवं सामाजिक सेवा कार्यों का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर जन संपर्क पदाधिकारी लायन धर्मेंद्र सिन्हा की देख रेख में तैयार की गयी स्मारिका का विमोचन, क्रियाकलापों की रिपोर्टिंग हेतु मोबाइल एप्प एवं वैबसाइट का भी लोकार्पण किया गया।

### वाईबीएन विश्वविद्यालय में 'GEN-Z Against Addiction' अभियान

# प्रधानमंत्री मोदी के लाइव सम्बोधन से युवाओं ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प

## ▪ 'नशे से दूर रह कर ही बनेगा विकसित भारत'-एनएसएस व माई भारत के संयुक्त अभियान में छात्रों को किया गया जागरूक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : वाईबीएन विश्वविद्यालय, रांची में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं द Bharat, Ranchi के संयुक्त तत्वावधान में GEN-Z Against Addiction: नशा मुक्त भारत-विकसित भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय संबोधन का लाइव प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने गंभीरता से सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित और जिम्मेदार जीवन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब देश का युवा नशामुक्त होकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रामजी यादव, ट ईं१३, फ्लंटूं की निदेशक ललिता कुमारी, कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. पोद्दार, सीएमडी डॉ. अंकिता यादव, MY Bharat की उपनिदेशक श्वेता सिंह, एनएसएस समन्वयक डॉ. कौशल किशोर तथा डॉ. गौरव मित्तल सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर रामजी यादव ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार एवं राष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। ललिता कुमारी ने कहा कि ट ईं१३ युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का प्रभावी मंच है तथा नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में युवाओं की भागीदारी अहम है। कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. पोद्दार ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है, इसलिए युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर समाज के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। वहीं, डॉ. अंकिता यादव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक होकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने 'नशा मुक्त भारत-विकसित भारत' का सामूहिक संकल्प लिया।

## 82 दीपों की ज्योति से आलोकित हुआ श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित रांची के पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में ट्रस्ट के संस्थापक, संत शिरोमणि परमहंस डॉ. सदानंद महाराज जी का 82वाँ जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर आध्यात्मिक वातावरण, भजन-कीर्तन एवं सेवा कार्यों से पूरे तरह भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर गुरुजी के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राधा-कृष्ण एवं पूज्य गुरुदेव के चरणों में पुष्प अर्पित कर तथा 82 दीप प्रज्वलित कर किया गया। 82 दीपों की अलौकिक ज्योति ने पूरे मंदिर परिसर को प्रकाशमय बना दिया और उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरुजी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की। इसके पश्चात भजन-कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने गुरु महिमा एवं प्रभु भक्ति से ओत-प्रोत भजनों का आनंद लिया। समारोह के मुख्य अतिथि हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि परमहंस डॉ. सदानंद महाराज जी का जीवन मानव सेवा, आध्यात्मिक जागरण एवं समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा है।

## एक झलक

### हजारीबाग में जन सुनवाई सुनी गयीं समस्याएं

**चरही** : झारखण्ड सरकार के पूर्व मंत्री, मांडू के पूर्व विधायक एवं हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने अपने आवासीय कार्यालय में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग प्रखंडों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनके समाधान के लिए जरूरी निर्देश दिए। लोग अपनी जमीन, रोजगार, स्वास्थ्य, सड़क, पेंशन जैसी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। जय प्रकाश भाई ने सभी को आश्वस्त किया कि आम जनता की आवाज को प्राथमिकता दी जायेगी।

### जिला प्रशासन से आसामाजिक तत्वों पर रोक लगाने की मांग

**हजारीबाग** : रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता रोमी सलूजा ने हजारीबाग जिला प्रशासन से मांग किया हैं की हजारीबाग में आसामाजिक तत्वों का दिन प्रतिदिन बढ़ावा मिल रहा है उनका मन बढ़ता जा रहा है स्थानीय कनहरी हील जो टूरिस्ट का पहली पसंद है हजारीबाग की शान है आजकल दिन शाम को आसामाजिक तत्व पहाड़ के चारों ओर जगदीशपुर के रास्ते में पहाड़ के पीछे खुलेआम शराब का सेवन करते हैं और आने जाने वाले लोगों को छेड़छाड़ मारपीट करते हैं जिसे लोगों में डर का माहौल है, आसामाजिक तत्वों का मन बढ़ता जा रहा है वह खुलेआम लोगों को तंग कर रहे हैं छेड़छाड़ कर रहे हैं बोलने पर मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। अतः जिला प्रशासन से मांग है की उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक हजारीबाग से अनुरोध है नहीं तो किसी दिन कोई बड़ी घटना को यह लोग अंजाम दे सकते हैं।

### वज्रपात ने पांच वर्षीय मासूम बच्ची की ली जान, परिजनों में मचा कोहराम

**विष्णुगढ़** : रविवार को बारिश के साथ आई अचानक वर्जपात ने एक पांच वर्षीय मासूम सी बच्ची की जान ले ली। यह घटना विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुंडरो की है। जानकारी के मुताबिक बताया जाता है कि पांच वर्षीय माही कुमारी पिता प्रकाश सिंह अपने घर के छत पर खेल रही थी, तभी अचानक तेज बारिश के साथ वर्जपात हुई, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों से आनन-फानन में बगोदर के पाटलावती अस्पताल ले गए, जहां बच्ची का प्राथमिक उपचार किया गया उसे बेहतर इलाज के लिए विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के दरमियान बच्ची ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इसकी जानकारी विष्णुगढ़ थाना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम बच्ची के शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया है। इसके अलावा नवादा के अंसारी नगर में वर्जपात से एक मवेशी की मौत हो गई। मवेशी नवादा के अंसारी नगर के शेर अली पिता जैनुल मिया का बताया जा रहा है। इस घटना से मवेशी मलिक का रो-रोकर के बुरा हाल है।

### भगहर रोड पर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, थम नहीं रहा बालू का काला कारोबार

**चौपारण** : चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। थाना प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने भगहर रोड पर कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर उसके विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या एक ट्रैक्टर की जब्ती से अवैध बालू परिवहन पर प्रभावी रोक लग पायेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि भगहर रोड, आसपास के ग्रामीण मार्गों और नदी घाटों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में बालू लदे ट्रैक्टर गुजरते हैं। इसके बावजूद कार्रवाई कभी-कभार ही देखने को मिलती है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब तक लगातार और व्यापक स्तर पर अभियान नहीं चलाया जाएगा, तब तक अवैध बालू का कारोबार बेखौफ चलता रहेगा ग्रामीण बताते हैं कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के नियमों और पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रावधानों के बावजूद कई नदी घाटों से अवैध बालू उठाव की शिकायतें लगातार मिलती रही हैं। इससे न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि नदियों का प्राकृतिक स्वरूप भी प्रभावित हो रहा है। नदी की धारा बदलने, जलस्तर गिरने और कटाव बढ़ने जैसी आशंकाओं को लेकर भी लोग चिंता जता रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन वास्तव में अवैध खनन पर अंकुश लगाना चाहता है तो केवल औपचारिक कार्रवाई से काम नहीं चलेगा। पुलिस, खनन विभाग और जिला प्रशासन को संयुक्त रूप से नियमित छापेमारी अभियान चलाना होगा। साथ ही अवैध बालू के स्रोत, परिवहन मार्ग और इसमें शामिल नेटवर्क पर भी सख्त कार्रवाई करनी होगी। क्षेत्र के कई लोगों का मानना है कि एक-दो ट्रैक्टर जब्त होने के बाद कुछ समय के लिए गतिविधियां धीमी पड़ती हैं, लेकिन फिर पहले की तरह अवैध परिवहन शुरू हो जाता है।

## बीआईटी सिन्दरी में पाटलीपुत्र अस्पताल का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

# 109 मरीजों की हुई जांच

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)** : बीआईटी सिंदरी परिसर में पाटलीपुत्र अस्पताल, जोड़ाफाटक रोड, धनबाद की ओर से रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 109 मरीजों ने विभिन्न रोगों की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, बीमारियों की समय पर पहचान करना तथा विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. प्रकाश झा, यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रतीक शरण, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. मृणाल झा, जनरल सर्जन डॉ. अरुण अग्रवाला, दंत चिकित्सक डॉ. विकास कुमार तथा जनरल फिजीशियन डॉ. एस.डी. चौधरी ने मरीजों की जांच की। इस दौरान ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, पल्स और डेंटल स्क्रीनिंग की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई। जांच में गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी के 32, यूरोलॉजी के 19, जनरल सर्जरी के 18, डेंटल के 15 और जनरल फिजीशियन के 25 मरीज शामिल रहे। जनरल सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. अरुण अग्रवाला की सटीक रोग पहचान, सरल परामर्श और मरीज-केंद्रित उपचार पद्धति की मरीजों ने विशेष सराहना की। गंभीर लक्षण वाले मरीजों को आगे के उपचार के लिए पाटलीपुत्र अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि बीआईटी सिंदरी के कर्मचारियों को झारखंड राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत सीजीएचएस दर पर उपचार की सुविधा मिलेगी।



शिविर की सफलता में बीआईटी निदेशक डॉ. पंकज राय, डॉ. बी.डी. यादव, प्रो. चैतन्य शर्मा तथा अस्पताल की स्वास्थ्य टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण संघ की बैठक में प्रखंड कमेटी का हुआ विस्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग/इचाक** : इचाक प्रखंड अंतर्गत मंगुरा गांव स्थित देवी मंडप परिसर में कान्यकुब्ज ब्राह्मण संघ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। बैठक में संगठन के विस्तार एवं समाज को संगठित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। परिचर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से इचाक प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। इसमें गोपाल पांडेय को प्रखंड अध्यक्ष तथा गणेश पांडेय को सचिव बनाया गया। वहीं योगेंद्र मिश्रा, सत्येंद्र पांडेय एवं कृष्णा पांडेय को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यसमिति सदस्य के रूप में अनिल पांडेय, परमानंद पांडेय, कैलाश पांडेय, मनीष मिश्रा, भोला पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, पंकज पांडेय एवं कृष्णा पांडेय का चयन किया गया। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी पांडेय के अलावा प्रदेश प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय पांडेय, अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडेय एवं प्रदेश प्रभारी देवशरण पांडेय ने संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने, समाज में एकजुटता कायम रखने तथा सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री सत्येंद्र शास्त्री ने किया। बैठक में संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## बूथ सत्यापन और शक्ति केन्द्र प्रभारी के सत्यापन पर हुई चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़-गोमिया मार्ग पर स्थित झारखण्ड मैरेज हॉल मे रविवार को भाजपा पश्चिमी मंडल कमिटी की बैठक मंडल अध्यक्ष रवि कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता मे आयोजन किया गया। इस बैठक का संचालन मंडल महामंत्री राजेश सोनी ने किया। इस बैठक मे मुख्य अतिथि विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के प्रभारी भुवनेश्वर पटेल तथा प्रवासी सुरेश मंडल की उपस्थिति रही। बैठक मे बूथ सत्यापन और शक्ति केंद्र प्रभारी की सत्यापन करने पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। आयोजित बैठक में कुल बारह पंचायतो के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए, साथ ही साथ नए मंडल कमिटी के सारे पदाधिकारियों ने हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल एवं जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह को तहे दिल से धन्यवाद दिया। भाजपा पश्चिमी मंडल कमेटी के सभी पदाधिकारी ने खुश होकर एक सुर में संगठन और पार्टी को वृहद पैमाने पर आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। इस बैठक मे मुख्य रूप से मंडल महामंत्री गौतम भारती, उपाध्यक्ष प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, मंत्री संदीप कुमार कसेरा, मंजीत सिंह , मिडिया प्रभारी सुबोध कुमार मिश्रा, सोशल मिडिया प्रभारी जीवन सोनी, कोषाध्यक्ष अनुभव भारती समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकता मौजूद थे।



## सीनियर सिटीजन फोरम की संगोष्ठी में भारतीयता और शिक्षा पर मंथन

**हजारीबाग** : जीएसडब्ल्यू सीनियर सिटीजन फोरम द्वारा रविवार 2 अगस्त को गौर स्पोर्ट्स वुड सोसाइटी, सेक्टर-79, सी टावर में 'भारतीयता' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। फोरम के अध्यक्ष निर्मल जैन ब्लड मैन ने कहा कि भारत ने वसुधैव कुटुंबकम्क की भावना से पूरे विश्व को अपना परिवार माना। विदेशी आक्रांताओं ने इसी का फायदा उठाकर हमारी संस्कृति पर हमला किया। सबसे अधिक नुकसान अंग्रेजों ने पहुंचाया। 2 फरवरी 1835 को लॉर्ड मैकाले ने कहा था कि भारत को लंबे समय तक शासित करना है तो यहां की शिक्षा प्रणाली तोड़नी होगी। 1855 में कानून बनाकर गुरुकुल व्यवस्था को अवैध घोषित कर दिया गया।

## आईएफडब्ल्यूजे से जुड़े पत्रकारों की बैठक

# संगठन मजबूती व आपसी सहयोग पर जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में आईएफडब्लूजे से जुड़े पत्रकारों की बैठक हुई। अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित एवं संचालन महासचिव प्रभाकर पाठक ने किया। मुख्य संरक्षक कृष्णा प्रजापति एवं संरक्षक बिपिन बिहारी पांडेय मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, आपसी समन्वय एवं संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस पर पत्रकारों को मिलने वाले विज्ञापन एवं शुभकामना संदेश पर चर्चा किया गया। सभी ने निर्णय लिया कि सभी पत्रकार एक दूसरे को हर विपरीत परिस्थिति में एक साथ रहेंगे एवं एक दूसरे को मदद करेंगे। बैठक में मुख्य संरक्षक कृष्णा प्रजापति ने कहा कि एक पत्रकार छह माह तक निःस्वार्थ भाव से अपनी पत्रकारीता धर्म का पालन करते हुए सामाजिक दायित्व का निर्वहन करता है। ऐसे में विज्ञापन देकर सोसायटी को एक पत्रकार का मनोबल बढ़ाना चाहिए। मौके पर संरक्षक कृष्णा प्रजापति, जिला अध्यक्ष बिपिन बिहारी पाण्डेय, अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित, अनुमंडल महासचिव प्रभाकर पाठक, रितेश गुप्ता, सोनू पंडित, योगेन्द्र प्रजापति, विकास यादव, पंचम कुमार पाण्डेय, सोमनाथ कुमार, सुजीत प्रधान, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।



## खुदरा खाद विक्रेता संघ का हुआ गठन



**बरकट्ठा** : खुदरा खाद विक्रेता की बैठक रविवार को प्रखंड के पेसरा मे सुधीर कुमार के आवास पर हुई. बैठक की अध्यक्षता कालीचरन प्रसाद व संचालन सुखदेव प्रसाद ने किया। मौके पर प्रखंड कमिटी की गठन की गई। सर्वसमिति से प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सचिव अजय यादव, कोषाध्यक्ष सुधीर प्रसाद को बनाया गया। यूरिया खाद ओर डी ए पी मे सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य मे डिस्ट्रिब्यटर द्वारा दुकानदारों को नहीं देने से किसानों को सरकारी मूल्य से नहीं बेच पाने को लेकर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी को संघ द्वारा ज्ञापन सौपाने पर चर्चा की गई. मौके पर बिमलेश कुमार, भीम मंडल, राजेंद्र गुप्ता, प्रेम कुमार चौधरी, रामचंद्र प्रसाद, लीलधारी प्रसाद, नरेश मंडल, अरुण प्रसाद, संजय प्रसाद, नसीम अंसारी, रितेश चौधरी, गणेश कुमार के अलावे प्रखंड के खाद विक्रेता मौजूद थे।



## खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल व पोशाक हुए वितरित

**चरही** : हजारीबाग जिला मुखिया संघ के उपाध्यक्ष सह चूरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष एवं बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने लिटिल चैंप फुटबॉल खेल प्रेमियों के बीच फुटबॉल और खेल पोशाक का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया देवकी महतो ने कहा, इस तरह के छोटे-छोटे प्रोत्साहन से बच्चों के बीच खेल के प्रति उत्साह पैदा होता है। मैं अपने पंचायत में लगातार ऐसे कार्य करता रहता हूं। हमारी सोच है कि हमारे पंचायत के खिलाड़ी खेल में आगे बढ़ें और अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे पंचायत का नाम रोशन करें।

## विभावि के विवेकानंद सभागार में प्रधानमंत्री के वेबकास्ट के लाइव प्रसारण से लाभान्वित हुए विद्यार्थी



**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में रविवार को प्रधानमंत्री का वेबकास्ट कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का विषय था 'नशा मुक्त युवा और विकसित भारत' का संकल्प। प्रधानमंत्री के स्क्रीन पर आते ही विद्यार्थियों ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी ने कहा कि देश के युवा एक महान और महत्वपूर्ण संकल्प लेकर इस नशा मुक्ति अभियान से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश के युवाओं को मन और तन से स्वस्थ रहने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्हें मादक पदार्थों की नशा से दूर रहना है। युवाओं को अमृत पीढ़ी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के युवा अपनी ऊर्जा और कल्पना शक्ति से 2047 तक भारत को विकास के शिखर तक ले जा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि नशा से एक सपने की बाल मृत्यु हो जाती है। यह एक मां की मुस्कान छीन लेता और पिता के सपनों को चूर-चूर कर देता है। इस संबंध में उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब से कुछ पंक्तियों का पाठ भी किया। उन्होंने भरोसा दिलाया की नशा मुक्ति अभियान में केंद्र सरकार और राज्य की सरकार 'मिशन मोड' में कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री से पूर्व भारत सरकार में युवा मामले के मंत्री मनसुख मांडवीया का संबोधन हुआ। इससे पूर्व विभावि के छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष डॉ. विकास कुमार, कुलसचिव सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, नशा मुक्ति नोडल विभाग के अधिकारी डॉ सुकल्याण मोइत्रा तथा योग केंद्र के निदेशक डॉ राजकुमार चौबे ने सभा को संबोधित किया। माय भारत केन्द्र के अधिकारी रूद्र शेखर ने उपस्थित सभी शिक्षकों को शॉल ओढ़ा के सम्मानित किया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई जिसका विद्यार्थियों ने खूब आनंद उठाया। संत कोलंबा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ देवेंद्र एवं एम इवनिंग कॉलेज के डॉ उमेश ठाकुर ने नशा-निषेध पर शपथ पाठ कराया। मौके पर यूसेट के निदेशक डॉ आशीष कुमार साहा, विश्वविद्यालय के रूसा/पीएम-उषा के समन्वयक डॉ अरुण कुमार मिश्रा, दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ विजय कुजूर, मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ अविनाश कुमार, अन्नदा महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ सुचोरिता घोष, प्रबंधन विभाग के डॉ सीताराम के अलावे स्थानीय महाविद्यालय के एनएसएस के स्वयंसेवक, एनएसएस के सोनू कुमार तथा यूसेट, विधि महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित हुए।

## इकबाल हुसैन की कुशल रणनीति और सख्त कानून व्यवस्था से वारंटी गिरफ्तार, अपराधियों में बढ़ा खौफ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गिद्दी (हजारीबाग)** : जिले में चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत गिद्दी थाना पुलिस ने एक और उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए Complaint Case No. 2042/2023 से जुड़े N.I. Act के वारंटी अभियुक्त रूबी देवी, पति- गौतम कुमार यादव, ग्राम- कनकी, थाना- गिद्दी, जिला- हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेज दिया। यह कार्रवाई गिद्दी थाना प्रभारी इकबाल हुसैन के नेतृत्व में की गई। उनकी सतर्क निगरानी, सटीक सूचना तंत्र और प्रभावी पुलिसिंग के कारण लंबे समय से वांछित वारंटी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। लगातार चल रहे अभियान से यह स्पष्ट हो गया है कि दारू थाना क्षेत्र में कानून से बच निकलना अब आसान नहीं रहा। थाना प्रभारी इकबाल हुसैन की कार्यशैली की स्थानीय लोग भी सराहना कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में दारू थाना पुलिस लगातार फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई कर रही है। उनके नेतृत्व में चल रहे अभियानों से अपराधियों में भय और आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि समकालीन अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा और न्यायालय से फरार चल रहे सभी वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी। कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध इसी तरह निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

## परियोजना बालिका उच्च विद्यालय को मिली नयी प्रबंधन समिति, महेश पांडेय अध्यक्ष व अनिशा देवी उपाध्यक्ष निर्वाचित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखंड के पेठियाटांड़ स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, विष्णुगढ़ में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इस दौरान नयी समिति के गठन के साथ विद्यालय के शैक्षणिक विकास, छात्राओं की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तथा आधारभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाने पर भी जोर दिया गया। समिति के गठन की प्रक्रिया सीआरपी राकेश कुमार वैद्य की देखरेख में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बेड़ाहरियारा पंचायत के मुखिया रामचंद्र यादव ने की, जबकि संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार ने किया। सर्वसम्मति से महेश पांडेय को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा अनिशा देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। समिति के अन्य सदस्यों में प्रदीप कुमार, प्रतिमा मुर्मू, रीता देवी, टुकेश्वरी देवी, अरबिंद कुमार वर्मन, आशा देवी, संजय रजक, प्रमोद कुमार, यमुना राम, मंजू देवी, बबीता देवी एवं महेश कुमार को शामिल किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश पांडेय ने कहा कि विद्यालय के समग्र विकास, छात्राओं के बेहतर शैक्षणिक माहौल, नियमित उपस्थिति और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समिति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। वहीं उपाध्यक्ष अनिशा देवी ने भी विद्यालय हित में सभी सदस्यों के सहयोग से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का भरोसा जताया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजदेव प्रसाद, अजय कुमार वर्मा, मनोज कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार, मंजू कुमारी, शालिनी गुप्ता एवं रवि कुमार भूषण सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।



## कई दिनों से लिफ्ट खराब मरीज परेशान, अस्पताल प्रबंधन खामोश : सीटू

**हजारीबाग** : शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एक बिल्डिंग का दोनों लिफ्ट खराब होने के कारण सी पी एम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि बीते दो सप्ताह से दोनों लिफ्ट खराब है। जिसके कारण मरीज बहुत परेशान है। विशेष कर ऑर्थो वार्ड के मरीज एक्स-रे करवाना हो, प्लास्टर करवाना हो या ड्रेसिंग करवाना हो तो उसके परिजन सेकेंड फ्लोर से स्ट्रेचर पर लेकर नीचे उतरते हैं और फिर एक्स रे, प्लास्टर या ड्रेसिंग करवा कर उसको स्ट्रेचर पर उठा कर के सेकंड फ्लोर में ले जाते हैं। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट से कई बार बात करने का प्रयास किया गया पर वार्ता नहीं हो सकी। सुपरिंटेंडेंट फोन भी नहीं उठाते हैं।

## सिंफर कम्युनिटी सेंटर में बंगीय संगीत परिषद की वार्षिक परीक्षा, बच्चों ने चित्रकला व संगीत में दिखाया हुनर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : सिंफर कम्युनिटी सेंटर में रविवार को हॉबी सेंटर एवं सिंफर स्टाफ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में बंगीय संगीत परिषद के बैनर तले वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में धनबाद, बोकारो सहित अन्य जिलों से करीब 250 प्रतिभागियों ने भाग लेकर चित्रकला, संगीत और नृत्य के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हॉबी सेंटर के पेंटिंग प्रशिक्षक शिवशंकर धर ने बताया कि विद्यार्थियों के समग्र मूल्यांकन के लिए व्यवहारिक पेंटिंग के साथ थ्योरी एवं मौखिक परीक्षा भी आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने निर्धारित समय में वॉटर कलर और क्रेयॉन के माध्यम से आकर्षक एवं रचनात्मक चित्र उकेरे। बच्चों ने वर्षभर में तैयार की गई अपनी कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई, जिसका अवलोकन बंगीय संगीत परिषद, कोलकाता के मुख्य परीक्षक एवं प्रसिद्ध कलाकार नीलांशु भट्टाचार्य तथा शिवशंकर धर ने किया। संगीत परीक्षा के दौरान गिटार वादकों ने अपनी प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया, वहीं भरतनाट्यम के प्रतिभागियों ने निर्णायक बरनाली मुखर्जी के समक्ष मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों और अभिभावकों की खूब तालियां बटोरीं। मुख्य परीक्षक शिवशंकर धर ने विद्यार्थियों की चित्रकला का मूल्यांकन करते हुए कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में छिपी कलात्मक प्रतिभा को निखारना तथा उन्हें विभिन्न कलात्मक विषयों के साथ झारखंड की पारंपरिक लोक कलाओं से जोड़ना है, ताकि वे राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम के सफल संचालन में जोयिता धर, स्नेहा दत्ता, पल्लवी बनर्जी, स्नेहा, अंशु मल्होत्रा और बुद्धदेव भट्टाचार्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान प्रतिभागियों की उत्कृष्ट कलाकृतियां कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहीं।


# गरहमुर्गी का खतरनाक मोड़ फिर बना मौत का काल

## सड़क हादसे में 01 युवक की मौत, एक घायल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखंड के गरहमुर्गी स्थित खतरनाक मोड़ पर रविवार सुबह एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही विष्णुगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। मृतक की पहचान तेलनियादाह निवासी कार्तिक टुड्डू (25), पिता हरिलाल टुड्डू के रूप में हुई है। वहीं दूसरा घायल बाबूराम मुर्मू (28), पिता जटु मुर्मू, निवासी इटवा पत्थल, तेलनियादाह का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विष्णुगढ़ में प्राथमिक उपचार कराया गया। घायल बाबूराम मुर्मू ने बताया कि वह अपने मित्र कार्तिक टुड्डू के साथ कोनार डैम के चरकी टोंगरी स्थित अपनी बहन के घर से बाइक से वापस तेलनियादाह लौट रहा था। सुबह करीब 9:30 बजे जैसे ही वे गरहमुर्गी के खतरनाक मोड़ के समीप पहुंचे, सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक को देखकर उनका संतुलन बिगड़ गया। अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे लगे लोहे के पोल से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि कार्तिक टुड्डू ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि बाबूराम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि गरहमुर्गी का यह तीखा मोड़ लगातार दुर्घटनाओं का कारण बनता जा रहा है। बीते एक सप्ताह के भीतर इसी स्थान पर तीन सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें करीब एक दर्जन लोग घायल हुए हैं, जबकि एक माह के भीतर दो-तीन लोगों की जान जा चुकी है। इसके पूर्व भी इसी मार्ग पर सड़क घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई है। मोड़ पर सामने से आने वाले वाहनों का समय रहते दिखाई नहीं देना दुर्घटनाओं की बड़ी वजह माना जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गरहमुर्गी मोड़ पर सड़क सुरक्षा के स्थायी उपाय किए जाएं। चेतावनी संकेतक, स्पीड ब्रेकर, सड़क चौड़ीकरण और सुरक्षा बैरियर जैसी व्यवस्थाएं शीघ्र की जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं पर रोक लगायी जा सके।

## कोइरी विकाश मंच 23 को मनाया जायेगा लव कुश जयंती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : रविवार को चानो स्थित मैक्स हॉस्पिटल में कोइरी विकास मंच के द्वारा लव कुश जयंती मानने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कोइरी विकास मंच के जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा ने किया। जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा ने कहा कि लव और कुश की पढ़ाई-लिखाई से लेकर विभिन्न कलाओं में निपुण होने के पीछे महर्षि वाल्मीकि का ही हाथ था। उन्होंने ही दोनों राजकुमारों को हर तरह की शिक्षा और विद्या में परंगत किया। जिला सचिव नारायण प्रसाद ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने लव और कुश को रामायण भी पढ़ाई थी। कहते हैं कि लव और कुश को बहुत समय तक यह ज्ञात नहीं था कि उनके पिता प्रभु श्रीराम हैं। मौके पर ओमप्रकाश, विनोद प्रसाद, शैलेंद्र कुमार कुशवाहा, देवदत्त प्रसाद, लोकनाथ प्रसाद, रंजन कुमार, अवधेश प्रसाद, लक्ष्मण कुमार, सुभाष प्रसाद, सीमा सिंह, रेखा देवी, सुषमा देवी शोभा देवी एवं समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## एक झलक

### शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि पर 04 अगस्त को समाहरणालय में रक्तदान शिविर

**धनबाद** : स्मृति शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर 04 अगस्त (मंगलवार) को धनबाद समाहरणालय में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने इसे मानव सेवा और जनसेवा के प्रति श्रद्धांजलि का प्रतीक बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इसमें भाग लेने की अपील की है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने समाहरणालय स्थित सभी विभागों के कार्यालय प्रधानों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों से स्वयं रक्तदान करने तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान के समान है और शिबू सोरेन की स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि मानवता की सेवा से ही दी जा सकती है। उपायुक्त ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, वंचितों और आदिवासी समाज के अधिकार, सम्मान और कल्याण के लिए समर्पित किया। उनका संघर्ष, त्याग और जनसेवा का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान जैसे मानवीय कार्य के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना ही उनके प्रति सच्चा सम्मान होगा। जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से स्वेच्छा से रक्तदान शिविर में भाग लेकर इस जनहित अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

### सिविल कोर्ट के आदेश पर पंचगढ़ी बाजार की किराये की दुकान खाली पुलिस की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

**बाघमारा/धनबाद** : पंचगढ़ी बाजार मेन रोड स्थित एक किराये की दुकान को सिविल कोर्ट के आदेश पर रविवार को प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में खाली कराया गया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन के लिए नाजिर अनिल कुमार और एनके मिश्रा कतरास थाना पहुंचे तथा पुलिस बल के साथ कार्रवाई कर दुकान का कब्जा मकान मालिक को दिलाया। दुकान मालिक डॉ. अमिताभ त्रिगुनाइत ने बताया कि दुकान पहले उषा देवी को किराये पर दी गई थी। आरोप है कि उषा देवी ने उनकी अनुमति के बिना दुकान दिलीप कुमार को सौंप दी और लंबे समय से किराये का भुगतान भी नहीं किया जा रहा था। इसी विवाद को लेकर मामला सिविल कोर्ट पहुंचा, जहां सुनवाई के बाद न्यायालय ने दुकान खाली कराने का आदेश दिया। रविवार को कोर्ट के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की निगरानी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कार्रवाई के दौरान पंचगढ़ी बाजार में लोगों की भीड़ जुटी रही, लेकिन कहीं से किसी प्रकार के विरोध या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। न्यायालय के आदेश के अनुपालन के बाद दुकान का विधिवत कब्जा मकान मालिक को सौंप दिया गया।

### बरोरा में 25 केवी ट्रांसफार्मर चोरी, 60-70 घरों की बिजली ठप

**बाघमारा (धनबाद)** : बरोरा थाना क्षेत्र के निचितपुर टू पंचायत सचिवालय के समीप लगे 25 केवी क्षमता के बिजली ट्रांसफार्मर को शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। ट्रांसफार्मर को उसकी पूरी फिटिंग सहित एच-पोल से खोलकर ले जाने की इस वारदात से क्षेत्र के करीब 60 से 70 घरों और दुकानों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। जानकारी के अनुसार चोरों ने पहले बिजली कनेक्शन काटा और फिर ट्रांसफार्मर को एच-पोल से उतारकर आराम से लेकर फरार हो गए। जिस तरीके से घटना को अंजाम दिया गया, उससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। पंचायत सचिवालय के आसपास दुकानें, आवासीय मकान और एक उच्च विद्यालय होने के बावजूद किसी को घटना की भनक नहीं लगी। रविवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने पंचायत सचिवालय के पास ट्रांसफार्मर गायब देखा। सूचना मिलने पर मुखिया सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ट्रांसफार्मर चोरी की पुष्टि की। ग्रामीणों ने पुलिस और बिजली विभाग से शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाने, चोरी गए ट्रांसफार्मर की बरामदगी तथा दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आरटीआई सूचना में देरी पर बाघमारा सीडीपीओ को नोटिस 05 अगस्त को अपीलीय सुनवाई

**बाघमारा (धनबाद):** सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत निर्धारित समय सीमा में सूचना उपलब्ध नहीं कराने के मामले में जिला समाज कल्याण विभाग ने बाघमारा की सीडीपीओ को नोटिस जारी किया है। विभाग ने एक सप्ताह के भीतर मांगी गयी सूचना उपलब्ध कराने के साथ-साथ 05 अगस्त को निर्धारित प्रथम अपीलीय सुनवाई में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। मामला आकाशकिनारी लाल धौड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-381 से जुड़ा है। कतरास निवासी आरटीआई कार्यकर्ता अरविंद सिन्हा ने केंद्र में पोषाहार वितरण, लाभुकों की सूची, स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर, बच्चों की उपस्थिति पंजी और खर्च से संबंधित आठ बिंदुओं पर सूचना मांगी थी।

# सावन महोत्सव में झूमीं बरनवाल समाज की महिलाएं, निभा बरनवाल बनीं 'सावन क्वीन'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद** : बरनवाल युवा मंच महिला समिति, धनबाद की ओर से रविवार को जोड़ा फाटक रोड स्थित होटल कृतिमान में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक संस्कृति, सामाजिक एकता और महिला सशक्तीकरण की भावना से ओतप्रोत इस आयोजन में महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान अहिबरन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रभात खबर की चीफ रिपोर्टर सत्या राज को बुके और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने महिलाओं से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

महोत्सव में झूला, समूह एवं एकल नृत्य, फ्लोर डांस, हाउजी और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विशेष प्रतियोगिता में निभा बरनवाल को 'सावन क्वीन 2026' चुना गया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा कुमारी ने किया। आयोजन की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष सुनीता बरनवाल ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सांस्कृतिक मंत्री रंजना बरनवाल सहित समिति की सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## मारवाड़ी युवा मंच के सावन मेले में संस्कृति पारिवारिक सौहार्द व सामाजिक एकजुटता की झलक

**झरिया (धनबाद)** : मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा द्वारा आयोजित 'सावन मेला 2026' का रविवार को श्री अग्रवाल धर्मशाला (न्यू कॉम्प्लेक्स) में उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ। सावन की पारंपरिक छटा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारिवारिक सहभागिता से सजे इस मेले ने समाज में एकता, संस्कृति और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मारवाड़ी महिला समिति की प्रदेश उपाध्यक्ष किरण गोयनका ने फीता काटकर किया, जबकि मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त मनोवैज्ञानिक प्रगति प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि प्रगति प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं होते, बल्कि परिवारों और समाज के बीच संवाद, अपनत्व और भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली में मानसिक स्वास्थ्य के




लिए इस तरह के सामुदायिक आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। मेले में बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। वहीं राखी, उपहार सामग्री, गेम्स, हैम्पर्स और पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। महिलाओं के लिए निःशुल्क मेहंदी और हरी चूड़ियों की विशेष व्यवस्था की गई, जबकि भूमि अग्रवाल द्वारा आयोजित क्राफ्ट कार्यशाला में बच्चों ने रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### 04 अगस्त से निचितपुर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा

## 251 महिलाओं की निकलेगी भव्य तुलसी कलश शोभायात्रा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बाघमारा/धनबाद** : कतरास के नीचितपुर रेलवे स्टेशन रोड स्थित श्री राधा कृष्ण कृपा धाम में 4 अगस्त से शुरू होने वाली संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसकी जानकारी रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कथा वाचक श्री सुरेंद्र हरिदास जी महाराज ने दी। उन्होंने बताया कि 4 अगस्त की सुबह 7 बजे नीचितपुर प्रांगण से गाजे-बाजे के साथ भव्य तुलसी कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा कोडाडीह स्थित तालाब तक जाएगी, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ कलश में जल भरने के बाद श्रद्धालु पुनः कथा स्थल लौटेंगे। इसके उपरांत दोपहर 3:30 बजे से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होगा। श्री महाराज ने बताया कि शोभायात्रा में 251 महिलाएं सिर पर तुलसी कलश धारण कर भाग लेंगी। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो एवं बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के शामिल होने की संभावना भी जताई गई है। प्रेस वार्ता में निर्मल कुमार, अशोक वर्णवाल, मंजू देवी, भीम महतो, प्रीतम चौरसिया, संजय चौरसिया, मेघनाथ महतो, मनीष दुबे, नरेश पंडित, करण केवट, सीमंत महतो, कुंदन पटवा, शंकर कुमार राणा, सुनील साव, अनु कुमार वर्णवाल, राजेश गुप्ता, हलधर महतो, माधव चंद्र महतो, विजय सिन्हा, कमल महतो, अमर सिंह, भिखू सिंह, चंडी सिंह, जंगबहादुर सिंह, गुड्डू सिंह, तेजू सिंह, चंद्रमोहन सिंह, सुनील भगत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## चोरी के संदेह में युवक की पीट-पीट कर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार



**धनबाद** : धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र के जगजीवन नगर में युवक करण कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि चोरी के संदेह में युवक की सामूहिक पिटाई की गई थी, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र के जगजीवन नगर में युवक करण कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि करण कुमार की मौत चोरी के संदेह में की गयी सामूहिक पिटाई के कारण हुई। पुलिस के अनुसार, 01 अगस्त को सूचना मिली थी कि जगजीवन नगर स्थित जामुन पेड़ के पास एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा है। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उसे पहले एसएनएमएमसीएच धनबाद और फिर बेहतर इलाज के लिए जेपी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 11वीं इंडो-नेपाल इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में झारखंड का जलवा, फुटबॉल में गोल्ड और वॉलीबॉल में सिल्वर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद** : नेपाल के पर्यटन शहर पोखरा में आयोजित 11वीं इंडो-नेपाल इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही झारखंड की फुटबॉल और वॉलीबॉल टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर राज्य और देश का गौरव बढ़ाया। फुटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि वॉलीबॉल टीम ने रजत पदक जीतकर भारत की झोली में एक और उपलब्धि जोड़ दी। प्रतियोगिता के दौरान दोनों टीमों ने कड़े मुकाबलों में बेहतरीन खेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। फुटबॉल टीम ने अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर स्वर्ण पदक हासिल किया, वहीं वॉलीबॉल टीम ने फाइनल तक का सफर तय करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। पूरे दौरे के दौरान सांसद प्रतिनिधि गिरिधारी महतो खिलाड़ियों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का लगातार उत्साहवर्धन किया और हर चरण में उनका मनोबल बढ़ाते हुए टीम का मार्गदर्शन किया। खिलाड़ियों ने भी उनके सहयोग को अपनी सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया। इस उपलब्धि का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ प्रशिक्षक परवेज आलम, अंकित श्रीवास्तव, बाबल कुमार और कैलाश महतो को भी जाता है। उनके कुशल प्रशिक्षण, रणनीति और निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम रहा कि झारखंड की टीमों ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर पदक हासिल किए। इस सफलता से झारखंड में खुशी की लहर है। खेल प्रेमियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रतिभा, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर झारखंड के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बनाने में सक्षम हैं।

## नेहरू बालिका उच्च विद्यालय को चालू कराने की मांग तेज, 05 अगस्त को जीएम कार्यालय पर धरना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : डुमरा स्थित निःशुल्क शिक्षा केंद्र में रविवार को स्थानीय ग्रामीणों और समाजसेवियों की बैठक में वर्षों से बंद पड़े नेहरू बालिका उच्च विद्यालय भवन को शिक्षा के लिए पुनः चालू कराने की मांग को लेकर आंदोलन का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी नीलम बरनवाल ने की। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 5 अगस्त को बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक (जीएम) कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के माध्यम से बंद विद्यालय भवन में निःशुल्क शिक्षा केंद्र के सुचारू संचालन की अनुमति देने तथा बच्चों के हित में विद्यालय परिसर को शिक्षा कार्य के लिए उपलब्ध कराने की मांग उठाई जायेगी। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से विद्यालय बंद रहने के कारण क्षेत्र के बच्चों, विशेषकर छात्राओं की शिक्षा प्रभावित हो रही है। ऐसे में इसी भवन में निःशुल्क शिक्षा केंद्र संचालित कर बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की जा रही है, जिसे प्रशासन और प्रबंधन का सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों का अधिकार है और इसके लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान आशा शर्मा, कुंती देवी, काजल कुमारी, रतनी देवी, बसंती देवी, गुड़िया देवी, सुशीला देवी, अनीता देवी, शोभा देवी, अनीता कुमारी, निपुण देवी, पुरानी देवी, अलका देवी, पैरवी देवी, रबनी देवी, रूपाली देवी, लखी देवी, मनीषा कुमारी, लक्ष्मी देवी सहित संपूर्ण जन जागृति ऑर्गेनाईजेशन के रमेश कुमार महतो, जगत महतो, नीलम बरनवाल, प्रेम कुमार, कार्तिक महतो, दिनेश महतो, रवि हाड़ी, सुमित कुम्हार, नंदू चौहान एवं मंथन रवानी समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सिन्दरी के इन्द्रजीत महतो का हाल जानने अस्पताल पहुंचे विधायक चन्द्रदेव महतो

**सिन्दरी (धनबाद)** : सिन्दरी के पूर्व विधायक इन्द्रजीत महतो का स्वास्थ्य जानने के लिए रविवार को सिंदरी विधायक कॉमरेड चन्द्रदेव महतो एवं झारखंड विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो एसजेएएस (SJAS) अस्पताल पहुंचे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल में भर्ती पूर्व विधायक से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा चिकित्सकों से उनके उपचार और स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने इन्द्रजीत महतो का हौसला बढ़ाते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने चिकित्सकों से बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का आग्रह किया तथा कहा कि सभी लोग उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। विधायक चन्द्रदेव महतो और सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने विश्वास जताया कि पूर्व विधायक जल्द पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने समर्थकों और क्षेत्र की जनता के बीच लौटेंगे। उन्होंने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और निरंतर सक्रिय जीवन की कामना करते हुए कहा कि इन्द्रजीत महतो शीघ्र ही फिर से जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभायेंगे।

## 10 अगस्त की कोयला मजदूर हड़ताल में शामिल होगा असंगठित मजदूर मोर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)** : रांगामाटी में असंगठित मजदूर मोर्चा की बैठक रविवार को सुरेश प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा तथा आगामी आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के केंद्रीय महामंत्री निताई महतो ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करते हुए मजदूरों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष तेज करना होगा। उन्होंने कहा कि लगातार आंदोलन और संगठनात्मक मजबूती से ही मजदूरों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और उनकी समस्याओं का समाधान संभव होगा। बैठक में सर्वसम्मति से 10 अगस्त को प्रस्तावित कोयला मजदूरों की हड़ताल और आंदोलन में सक्रिय भागीदारी का निर्णय लिया गया। इसके अलावा 31 अगस्त को हर्ल, पावर मैक्स एवं टासरा प्रोजेक्ट के मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर हर्ल के मुख्य प्रवेश द्वार पर विशाल प्रदर्शन करने तथा प्रबंधन को मांग पत्र सौंपने का भी फैसला लिया गया। बैठक का संचालन पवन महतो ने किया। इस अवसर पर अंबुज कुमार मंडल, बाबु राजा, जितु सिंह, शुभम सिंह, नगेंद्र सिंह, सहदेव सिंह, जितेंद्र शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 10 अगस्त को महाप्रबंधक कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे कोयला मजदूर, वेज बोर्ड गठन व एनसीडब्ल्यूए-11 लागू करने की मांग

**धनबाद** : राष्ट्रीय कॉलोनी मजदूर यूनियन ने आगामी 10 अगस्त को कोल इंडिया लिमिटेड के सभी महाप्रबंधक कार्यालयों के समक्ष दो सूत्री मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन और सत्याग्रह करने की घोषणा की है। यूनियन के महामंत्री ए.के. झा ने बताया कि यह आंदोलन एनसीडब्ल्यूए-11 के तहत मिलने वाली सुविधाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराने तथा इंडियन लेबर कोड के कथित मजदूर विरोधी प्रावधानों के विरोध में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोयला मजदूरों के वेतन समझौते के लिए वेज बोर्ड के गठन की प्रक्रिया को केंद्र सरकार द्वारा अनावश्यक रूप से लंबित रखा गया है, जिससे कोयला मजदूरों और उनके परिवारों में व्यापक नाराजगी है। उनका आरोप है कि इससे मजदूरों के हित प्रभावित हो रहे हैं। ए.के. झा ने बताया कि सभी श्रमिक संगठनों और फेडरेशनों ने संयुक्त रूप से 10 अगस्त को पूरे कोल इंडिया की सभी कंपनियों के महाप्रबंधक कार्यालयों पर शांतिपूर्ण धरना, प्रदर्शन और सत्याग्रह करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की विधिवत सूचना केंद्रीय कोयला मंत्री, कोयला सचिव तथा कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन को भेज दी गई है।

## आईआईटी (आईएसएम) में 500 से अधिक युवाओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**धनबाद** : युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) द्वारा संचालित ₹नशा मुक्त युवाझविकसित भारत संकल्प अभियान₹ के तहत रविवार को आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं, एमवाई भारत के स्वयंसेवकों और युवा क्लबों के सदस्यों ने भाग लेकर नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के साथ-साथ राष्ट्र की प्रगति में भी बड़ी बाधा है। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने तथा हर प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि परिवार, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों की सामूहिक भागीदारी से वर्ष 2047 तक विकसित एवं नशा मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने मेरा युवा भारत पोर्टल के माध्यम से डिजिटल संकल्प लिया। मेरा युवा भारत, धनबाद के उप निदेशक सूर्यकांत कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई तथा समाज में जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर आईआईटी (आईएसएम) के उप निदेशक प्रो. शरत कुमार दास, प्रो. धीरज कुमार, प्रो. संजय मंडल, प्रो. रजनी सिंह सहित संस्थान के कई प्राध्यापक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजकों ने इसे युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने और विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## फ्रेंडशिप डे पर दोस्तों ने लगाया पौधा दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**झरिया (धनबाद)** : फ्रेंडशिप डे, के अवसर पर यूथ कॉन्सेप्ट के तत्वावधान में बचपन के दोस्तों ने मिलकर पौधारोपण किया और दोस्ती के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर रांची, दुर्गापुर और गोविंदपुर से भी कई मित्र शामिल हुए। अभिनाश शर्मा और रवि मुखर्जी ने कहा कि फ्रेंडशिप डे पर पौधे से बेहतर कोई उपहार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया पौधा भविष्य में बड़ा होकर दोस्ती की यादों को हमेशा ताजा रखेगा। विभोर सिंह ने सभी से अपने हर दोस्त के नाम एक पौधा लगाने की अपील करते हुए कहा कि इससे दोस्ती के रिश्ते मजबूत होने के साथ प्रकृति को भी जीवन का अनमोल उपहार मिलेगा। कार्यक्रम में यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद, इमरान अहमद, रोहित लाला, राहुल चौबे, विभोर सिंह, लालटू राय, रवि मुखर्जी, अभिनाश शर्मा, बजरंगी साव, प्रीतम शर्मा, अशफाक हुसैन, महताब आलम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भागा-5 में भाकपा (माले) का मिलन समारोह 150 से अधिक युवाओं ने थामा लाल झंडा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**धनबाद** : झरिया विधानसभा क्षेत्र के भागा-5 में रविवार को भाकपा (माले) धनबाद जिला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित मिलन समारोह में 150 से अधिक युवाओं ने विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विकू पासवान के नेतृत्व में शामिल हुए युवाओं का पार्टी नेताओं ने माला पहना कर और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता निरसा विधायक अरूप चटर्जी और सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो रहे। अरूप चटर्जी ने कहा कि झरिया की जनता पारंपरिक राजनीतिक घरानों और वर्तमान जनप्रतिनिधियों के कामकाज से निराश है तथा भाकपा (माले) को एक मजबूत विकल्प के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा कि झरिया की संघर्षशील पहचान लाल झंडे से जुड़ी रही है और युवाओं की भागीदारी से क्षेत्र में बदलाव संभव है। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र होने के बावजूद झरिया बिजली, पानी, प्रदूषण और विस्थापन जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के अधिकारों और बुनियादी सुविधाओं के लिए पार्टी लगातार संघर्ष करेगी। अध्यक्षीय संबोधन में जिला सचिव बिंदा पासवान ने कहा कि भाकपा (माले) सड़क से सदन तक जनता के हक की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने युवाओं और महिलाओं से संगठित होकर जनसमस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन को मजबूत करने का आह्वान किया। समारोह में सुभाष चटर्जी, विजय कुमार पासवान, राजेंद्र पासवान, तुलसी रवानी, सपन पासवान, सोनू गोराई, मनीष यादव, कामता पासवान, राजेश बिरूवा, करण पासवान, शुभम पासवान, शशी पासवान और बिरजू सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहीद शक्तिनाथ महतो की 78वीं जयंती पर कोयलांचल ने किया नमन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बाघमारा (धनबाद)** : झारखंड आंदोलन के महान क्रांतिवीर एवं जननायक शहीद शक्तिनाथ महतो की 78वीं जयंती रविवार को पूरे कोयलांचल क्षेत्र में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। तेतुलमारी स्थित शहीद शक्तिनाथ महतो चौक, सिजुआ स्मारक परिसर और टाटा सिजुआ सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की गईं। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तेतुलमारी में उनकी पत्नी सुची देवी और पुत्री अंजना देवी ने प्रतिमा का दुग्ध एवं गंगाजल से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इप्टा के कलाकारों ने श्रद्धांजलि गीत प्रस्तुत किए, जबकि सर्वमंगला पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने सलामी दी। इस अवसर पर वार्ड पार्षद निरुपमा देवी ने महिलाओं को साड़ी, पुरुषों को गमछा तथा बच्चों के बीच कॉपी-कलम वितरित किये। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो, सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, निरसा विधायक अरूप चटर्जी, झरिया विधायक रागिनी सिंह, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो और बाघमारा एसडीपीओ अजित कुमार बिमल समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वक्ताओं ने शहीद शक्तिनाथ महतो के संघर्षपूर्ण जीवन, झारखंड आंदोलन में उनकी भूमिका तथा सामाजिक न्याय, शिक्षा और शोषण के विरुद्ध उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1971 में विनोद बिहारी महतो के संपर्क में आने के बाद उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाया और शिक्षा के प्रसार के लिए रात्रि पाठशालाओं की शुरूआत की। 28 नवंबर 1977 को सिजुआ में अपराधियों के हमले में वे शहीद हो गए। इधर, शहीद शक्तिनाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज, सिजुआ में झारखंड के इतिहास, कला-संस्कृति और राज्य के शहीदों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों को 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा। टाटा सिजुआ में भी श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई, जहां समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### शहीद शक्तिनाथ महतो की जयंती पर सिन्दरी में श्रद्धांजलि, विधायक चंद्रदेव महतो ने किया माल्यार्पण



**सिन्दरी/धनबाद** : झारखंड आंदोलन के महान सेनानी, शोषितों-वंचितों के मसीहा और जननायक शहीद शक्तिनाथ महतो की जयंती पर रविवार को सिंदरी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, पूर्व विधायक आनंद महतो, झामुमो के जिला सचिव मन्नू आलम, निर्मल रजवार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी ने शहीद शक्तिनाथ महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि शहीद शक्तिनाथ महतो का संघर्ष और बलिदान झारखंड की पहचान है। उन्होंने विस्थापितों, मजदूरों, किसानों और गरीबों के हक-अधिकार के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके आदर्श और विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से शहीद शक्तिनाथ महतो के बताए मार्ग पर चलकर न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने शहीद शक्तिनाथ महतो अमर रहें के नारे लगाये और उनके सपनों के अनुरूप सशक्त एवं समृद्ध झारखंड बनाने का संकल्प दोहराया।

## छठे दिन भी जलापूर्ति बाधित, झरिया के व्यवसायियों ने काला बिल्ला लगा कर किया मौन विरोध

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**झरिया (धनबाद)** : झमाडा द्वारा लगातार छठे दिन भी जलापूर्ति बाधित रहने से नाराज झरिया के विभिन्न व्यवसायी संगठनों ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रविवार को काला बिल्ला लगाकर पूरे शहर में मौन जुलूस निकाला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने झमाडा की कार्यप्रणाली पर गहरी चिंता जताते हुए नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि झमाडा की कार्यप्रणाली निरंकुश होती जा रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील करते हुए कहा कि आजादी के कई दशक बीत जाने के बावजूद झरिया के लोग पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उनका आरोप था कि अब तक किसी भी सरकार ने इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी पहल नहीं की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द नियमित जलापूर्ति बहाल नहीं की गई तो झरिया के नागरिक और व्यवसायी संगठन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। विरोध प्रदर्शन में उपेंद्र गुप्ता, शिव चरण शर्मा, श्रीकांत अंबष्ट, उमेश तिवारी, अनूप साव (पूर्व पार्षद), अरिंदम बनर्जी, सतनारायण भोजगढ़िया, महेश शर्मा, उमाचरण रजवार, विकास कुमार वर्मा, मनोहर अग्रवाल, राकेश कुमार गुप्ता, कुंदन मोदक, प्रदीप तुलस्यान, बसंत अग्रवाल, अरुण चौरसिया, देवी बागड़िया, विजय केशरी, राजेश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, ललन गुप्ता, अशोक चौरसिया, परवेज आलम, हीरा गुप्ता, राजेश शर्मा, दिलीप केशरी सहित दर्जनों नागरिक उपस्थित थे।

## सम्पादकीय.....

## दखल दे अंतरराष्ट्रीय समुदाय

**पाकिस्तान** अधिकृत कश्मीर (पीओके) में सरकारी दमन रोकने के लिए भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है। वहां के हालात के मद्देनजर यह बिलकुल सही कदम है। पाकिस्तानी सरकार की कार्रवाई में 40 नागरिकों की जान चली गयी है, जबकि लोग शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। भारत ने कहा है कि यह कार्रवाई अस्वीकार्य है। दरअसल, यह मामला वहां हो रहे चुनावों से जुड़ा है। पीओके में 45 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। ये चुनाव तीन चरणों में कराये जा रहे हैं। ये 10 अगस्त को सम्पन्न होंगे। यहां विधानसभा की 53 सीटें हैं। इनमें से 45 पर सीधा चुनाव होता है, जबकि 08 सीटें महिलाओं, टेक्नोक्रैट्स और धर्मगुरुओं के लिए आरक्षित हैं। 27 जुलाई को पहले चरण का चुनाव हुआ। इसमें पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) ने 13 में से 09 सीटें जीतीं, शेष 04 सीटें पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को मिलीं। इस चरण में जबरदस्त धांधली हुई। यह भी सर्वविदित है कि पाकिस्तान ने इस क्षेत्र की हमेशा ही उपेक्षा की है। वह खुलेआम मानवाधिकारों का उल्लंघन करता आया है। बलूचिस्तान में भी पाकिस्तान की ज्यादतियों की खबरों से दुनिया वाकिफ है। पिछले दो महीने से पीओके में जबरदस्त प्रदर्शन हो रहे हैं। ये प्रदर्शन उन 12 सीटों को लेकर हो रहे हैं, जो प्रवासियों के लिए आरक्षित हैं। इसकी अगुआई जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी नाम का सिविल सोसाइटी ग्रुप कर रहा है। उसका कहना है कि इस्लामाबाद सरकार इन सीटों पर धांधली कर अपने लोगों को बिठाती है, ताकि पीओके असेंबली पर उसका कंट्रोल बना रहे। इस आरोप में दम है, क्योंकि जो पार्टी पाकिस्तान पर हुकूमत करती है, वही अक्सर पीओके चुनाव जीतती है। यही कारण रहा कि 2011 में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी, 2016 में पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) और 2021 में इमरान खान की पार्टी को यहां जीत मिली थी। लेकिन, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लोगों के गुस्से का कारण सिर्फ चुनावी धांधली ही नहीं है ; आर्थिक दुश्वारियों के कारण भी उनमें गुस्सा है। तिस पर स्थानीय लोगों के अधिकार और भी सीमित किये जा रहे हैं। बताया तो यह भी जा रहा है कि सरकारी बंदिशों की वजह से इलाके में लोगों को सब्सिडाइज्ड गेहूं और जरूरी दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं। बिजली कटौती को लेकर भी लोगों में गुस्सा है। पाक अधिकृत कश्मीर की नदियों पर बने हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स से जो बिजली बनती है, वह यहां के लिए जरूरी 400 मेगावॉट से कहीं अधिक है। इसके बावजूद इलाके में 15-20 घंटों तक बिजली काटी जाती है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तुरन्त दखल देकर पाकिस्तान सरकार के दमन पर रोक लगानी चाहिए। संदर्भ को लेकर यदि भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की अपील की है, तो यह गलत नहीं है। पीओके में पाकिस्तानी सरकार का दमन पूरी दुनिया देख रही है। वहां के लोगों की अपेक्षाओं के अनरूप ही भारत ने अपना आह्वान दुनिया के पटल पर रखा है।

## ● किसने क्या कहा



करियर और परिवार को बर्बाद कर देता है नशा, खतरों को समझें युवा और दूर रहें

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

शैक्षणिक संस्थानों को आधुनिक कौशलयुक्त बनाना आवश्यक

**देवेन्द्र फडणवीस**
**मुख्यमंत्री (महाराष्ट्र)**



# क्या भीड़ का फैसला ही अंतिम सत्य है?

**विशेष** डॉ. सत्यवान सौरभ



**महज** कुछ घंटों में एक वीडियो ऑनलाइन आ जाता है, किसी मुद्दे का एक पक्ष सामने आता है, कुछ सोशल मीडिया अकाउंट उसे फैला देते हैं, और लाखों लोग बिना सबूत या उचित कानूनी प्रक्रिया के किसी को दोषी घोषित कर देते हैं। सोशल मीडिया की यह 'तत्काल अदालत' न तो तथ्यों की समीक्षा करती है और न ही निष्पक्ष सुनवाई का अवसर प्रदान करती है। इसने अक्सर अन्यायपूर्ण तरीके से, भावनाओं, अधूरी सच्चाइयों और भीड़ की मानसिकता के आधार पर फैसले सुनाये हैं। हाल ही में एक स्कूल शिक्षक के मामले में यह चिन्ता फिर से सामने आयी है। कुछ प्रारम्भिक रिपोर्टों के आधार पर शिक्षक को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया का तुरन्त इस्तेमाल किया गया।

**डिजिटल** युग में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पूरी तरह बदल गई है। आज के दौर में लगभग सभी लोगों के पास मोबाइल फोन है और कुछ ही सेकंड में कोई भी व्यक्ति अपने विचार पूरी दुनिया में साझा कर सकता है। सूचना का लोकतंत्रीकरण आधुनिक समाज की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है, क्योंकि समाचार और विचार अब पारंपरिक संस्थानों तक ही सीमित नहीं हैं। लेकिन इस सशक्तिकरण में एक गंभीर खतरा भी छिपा है। आजकल तर्कपूर्ण बहस की जगह अधूरी जानकारी, अफवाहें, ऑनलाइन ट्रोलिंग और डिजिटल भीड़ के विचारों ने ले ली है। कई मामलों में, व्यूज, रेटिंग और वायरल होने की होड़ सच्चाई की खोज से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। महज कुछ घंटों में एक वीडियो ऑनलाइन आ जाता है, किसी मुद्दे का एक पक्ष सामने आता है, कुछ सोशल मीडिया अकाउंट उसे फैला देते हैं, और लाखों लोग बिना सबूत या उचित कानूनी प्रक्रिया के किसी को दोषी घोषित कर देते हैं। सोशल मीडिया की यह ₹तत्काल अदालत₹ न तो तथ्यों की समीक्षा करती है और न ही निष्पक्ष सुनवाई का अवसर प्रदान करती है। इसने अक्सर अन्यायपूर्ण तरीके से, भावनाओं, अधूरी सच्चाइयों और भीड़ की मानसिकता के आधार पर फैसले सुनाए हैं। हाल ही में एक स्कूल शिक्षक के मामले में यह चिंता फिर से सामने आई है। कुछ प्रारंभिक रिपोर्टों के आधार पर शिक्षक को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया का तुरंत इस्तेमाल किया गया। अनगिनत उपयोगकर्ताओं ने कठोर निर्णय लिए, उनके चरित्र पर संदेह जताया और सभी तथ्य सामने आने से पहले ही उन्हें दोषी घोषित कर दिया। लेकिन जैसे-जैसे महीने बीतते गए, एक अलग ही कारण सामने आया। निष्पक्ष और न्यायपूर्ण जांच के अधिकार को अधिकाधिक महत्व दिया जाने लगा। यह उन अहम सवालों में से एक है। क्या आरोपी की निंदा करने वाले लोग दूसरे पक्ष की बात सुनने को भी तैयार होंगे? क्या वे यह स्वीकार करेंगे कि उनसे जल्दबाजी में फैसला लेने की संभावना हो सकती है? लेकिन क्या 'रुझान', 'आक्रोश' और 'ऑनलाइन लोकप्रियता' सच्चाई से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बने रहेंगे? भारतीय न्याय प्रणाली का एक मूलभूत पहलू यह है कि निर्दोषता का सिद्धांत भारतीय न्यायालयों में एक सार्वभौमिक नियम है, जिसके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को दोषी सिद्ध होने तक निर्दोष माना जाता है। यह कोई कानूनी तर्क-वितर्क नहीं, बल्कि किसी भी सभ्य समाज का मूलभूत सिद्धांत है। जब इस सिद्धांत का उल्लंघन होता है, तो न्याय के स्थान पर अराजकता फैल जाती है, और कोई भी व्यक्ति किसी भी कारण से जन आक्रोश का शिकार हो सकता है। ट्रोलिंग सिर्फ आलोचना तक सीमित नहीं है, यह ऑनलाइन होती है। इसका इस्तेमाल अक्सर सार्वजनिक दंड के रूप में किया जाता है। लोग लाइक्स, शेयर्स और व्यूज के नाम पर किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा, करियर, परिवार और भविष्य को बर्बाद करने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। दशकों की अच्छी प्रतिष्ठा पल भर में नष्ट हो सकती है। अदालत में निर्दोष साबित होने पर भी सामाजिक कलंक अक्सर मिटता नहीं है। तो फिर एक अहम सवाल उठता है। झूठे आरोप में फँसे व्यक्ति को सम्मान कौन दिलाएगा? क्या वायरल पोस्ट को हटाने से लोगों की याददाश्त मिट जाएगी? क्या सार्वजनिक रूप से अपमानित होने के बाद व्यक्ति पश्चाताप करेगा, या उसे भुला दिया जाएगा? ज्यादातर मामलों में ऐसा नहीं होता। कानूनी तौर पर निर्दोष साबित होने से सामाजिक क्षति की पूरी तरह भरपाई नहीं हो सकती। हालांकि, यह बात भी बेहद महत्वपूर्ण है कि असली अपराधियों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं होनी चाहिए। महिलाओं, बच्चों या छात्रों की गरिमा और सुरक्षा से जुड़े मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कानूनी सजा लगाई जानी चाहिए। न्याय अवश्य होना चाहिए, चाहे वह निर्दोष ही क्यों न हो, और दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए। न्याय का अर्थ केवल अपराध को दंडित करना ही नहीं है; इसमें उन लोगों की रक्षा करना भी शामिल है जिन पर गलत आरोप लगाए गए हैं। परंपरागत मीडिया और सोशल मीडिया की प्रतिस्पर्धा ने इस समस्या को और भी गंभीर बना दिया है। 'सबसे पहले खबर देने' की होड़ में अक्सर तथ्यों की पुष्टि नहीं हो पाती। सुर्खियों का उद्देश्य पाठक की भावनाओं को भड़काना होता है। यदि बाद में कोई घटनाक्रम मूल रिपोर्ट के विपरीत साबित होता है, तो सुधारों पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता। परिणामस्वरूप, गलत सूचना लाखों लोगों तक फैल जाती है जबकि सच्चाई उतनी देर तक नहीं पहुंच पाती। दुनिया को यह समझने की जरूरत है कि वायरल होने वाली कोई भी चीज हमेशा सही नहीं होती। मूल संदर्भ से अलग की गई सामग्री और जानकारी, कुछ सेकंड का वीडियो या एक अलग क्लिप, जनमत को पूरी तरह से गलत तरीके से प्रस्तुत कर सकती है। इसलिए, एक ज़िम्मेदार नागरिक के रूप में किसी निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए धैर्य रखना, आलोचनात्मक रूप से सोचना और सत्यापित तथ्यों का सम्मान करना महत्वपूर्ण है। परंपरागत रूप से, भारतीय समाज में शिक्षकों को भरोसेमंद और सम्मानित माना जाता है। जब कोई शिक्षक आपराधिक कृत्य द्वारा इस भरोसे को तोड़ता है, तो कानून को सख्त होना चाहिए क्योंकि यह न केवल कानून का, बल्कि जनता के भरोसे का भी उल्लंघन है।

# हर किसी का है अपना सावन

**गौरतलब** डॉ. प्रियंका सौरभ



**महीनों** की भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बाद बारिश होती है; यह केवल प्यासी धरती के लिए ही पानी नहीं है, बल्कि जागृत सपनों के लिए, थकी हुई आत्माओं को ऊर्जा प्रदान करने के लिए और अग्नि के सान्निध्य में जीनेवाले हम जैसे लोगों को बंजरपन का सामना करने और यह जानने की याद दिलाने के लिए है कि इसके बाद हरियाली और नया जीवन आयेगा।


**भारत** मॉनसून के आगमन के साथ मौसम में बदलाव का स्वागत करता है, और इससे भी कहीं अधिक। यह एक ऐसे मौसम की शुरूआत है जो फलों की भरपूर फसल, ताजगी और नए जीवन को जन्म देता है, साथ ही मानव हृदयों में नई आशा और सदियों से समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करता है। महीनों की भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बाद बारिश होती है; यह केवल प्यासी धरती के लिए ही पानी नहीं है, बल्कि जागृत सपनों के लिए, थकी हुई आत्माओं को ऊर्जा प्रदान करने के लिए और अग्नि के सानिध्य में जीने वाले हम जैसे लोगों को बंजरपन का सामना करने और यह जानने की याद दिलाने के लिए है कि इसके बाद हरियाली और नया जीवन आएगा। कई मायनों में सावन भारत का सबसे लोकतांत्रिक मौसम है। यह सबके लिए उपलब्ध है, लेकिन हर व्यक्ति के लिए इसका अपना अनूठा महत्व है। अलग-अलग लोगों के लिए, उनके पेशे, उम्र, यादों, आस्था, आकांक्षाओं और परिस्थितियों के अनुसार इसके अलग-अलग अर्थ होते हैं। कुछ के लिए यह सफलता का प्रतीक है, तो दूसरों के लिए प्रेम का। कई लोगों के लिए यह आस्था की यात्रा है, तो बच्चों के लिए मस्ती का! जी हां, हममें से हर कोई अपने-अपने तरीके से सावन का अनुभव करता है। भारत के किसानों के लिए सावन सिर्फ बारिश नहीं, बल्कि जीवन और जीने का मौका है। कृषि आज भी इस देश में लाखों लोगों का प्रमुख रोजगार स्रोत है और बारिश का समय पर आना या न आना कई जगहों पर जीवन-मरण का सवाल होता है। हम सभी को इंतजार करना पड़ता है, और हर बादल उम्मीद लेकर आता है, हर बौछार राहत देती है, हर हरा-भरा खेत महीनों के धैर्य और मेहनत का फल होता है। समय पर बारिश होने से मिट्टी उपजाऊ होती है और किसान का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सफलता के बिना, आशावाद की जगह चिंता ले लेती है। इसलिए किसान सावन पर निर्भर है और उसे इस पर भरोसा करना ही चाहिए। सावन भारतीय कविता का अभिन्न अंग रहा है। वसंत ऋतु प्रेम के द्वार खोलती है, वहीं वर्षा ऋतु प्रेम और भावनाओं की प्रचुरता की अभिव्यक्ति मानी जाती है। प्राचीन संस्कृत के कवियों, मध्यकालीन भक्ति संतों, लोकगीतों और समकालीन लेखकों को काले बादलों, हल्की फुहारों, दूर-दूर तक फैले तूफानों और वर्षा से व्याकुल दृश्यों से प्रेरणा मिली है।

## आज का इतिहास

- लुई षष्ठम फ्रांस का सम्राट 1108 में बना।
- अलाउद्दीन बहमन शाह ने 1347 में बहमनी सल्तनत (1317-1518) की स्थापना की।
- यूरोपीय देश स्पेन से सभी यहूदियों को 1492 में बाहर निकाला गया।
- इटली के नाविक क्रिस्टोफर कोलम्बस तीन जहाजों के साथ स्पेन से भारत की खोज पर 1492 को रवाना हुआ।
- अल्लेरशेइम के युद्ध में फ्रांस ने 1645 में बावेरिया को हराया।
- राबर्ट लासैले ने 1678 में अमेरिका में पहले जहाज का निर्माण किया।
- चन्दा साहिब ने 1749 में कर्नाटक के तत्कालीन नवाब अनवररुद्दीन को अम्बर के युद्ध में परास्त कर, उसका अंत कर दिया।
- मेजर पोफम की अगुआयी में कैप्टेन ब्रुस ने 1780 को ग्वालियर पर कब्जा किया।
- न्यूजीलैंड में दूसरा माओरी युद्ध 1860 में शुरू हुआ।
- फर्स्ट वन टायर एंड रबर कम्पनी की स्थापना 1900 में हुई।
- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने 1914 को फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- पहला समुद्री जहाज पनामा नहर से 1914 को गुजरा।
- अमेरिकी राष्ट्रपति हार्डिंग के अचानक निधन के बाद कैल्विन कूलिज ने 1923 में अमेरिका के 30 वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
- अमेरिका की अंतिम सैन्य टुकड़ी ने 3 अगस्त 1925 में निकारागुआ छोड़ा।
- मिकी माउस वॉच पहली बार 1933 में पेश की गयी।
- एडोल्फ हिटलर ने 1934 में चांसलर और राष्ट्रपति के पद का विलय कर खुद को नेता घोषित किया।
- इंडोनेशिया ने 03 अगस्त 1949 को युद्ध विराम की घोषणा की।
- अब्दुल रहमान को 1957 में मलेशिया का नया नेता चुना गया था, जिनके नेतृत्व में मलेशिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर ने 1960 में फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल की।
- फ्रांस ने 1968 में मुरुओरा द्वीप पर परमाणु परीक्षण किया।

## अंकजाल - 8348

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*



*अंकजाल 8347 का हल*



Jagrutidaur.com, Bangalore

## व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया

**बदलाव** का प्रम निरंतर चलता है। जैन दर्शन इस प्रम को पर्याय-परिवर्तन के रूप में स्वीकार करता है। पर्याय का अर्थ है अवस्था।प्रत्येक वस्तु की अवस्था प्रतिक्षण बदलती है।यह जगत की स्वाभाविक प्रक्रिया है। कुछ अवस्थाओं को प्रयत्नपूर्वक भी बदला जाता है।स्वभाव से हो या प्रयोग से, बदलाव की प्रक्रिया को बदलना संभव नहीं है। वस्तु बदल सकती है तो व्यक्ति भी बदल सकता है। इस आस्थासूत्र का आलंबन लेकर ही व्यक्ति व्यक्तित्व-निर्माण का लक्ष्य निर्धारित करता है। लक्ष्य निर्णीत होने के बाद उस दिशा में प्रस्थान करता है। आज का आदमी जेट युग की रफ्तार से चलता है। वह आकाश में सीढ़िया लगाने की बात सोचता है और समुद्र में सुरंग बनाने की कल्पना करता है। पर व्यक्ति-निर्माण का काम शॉर्टकट मेथड से पलक झपकते ही हो जाए, यह संभव नहीं है। व्यक्तित्व निर्माण की बात होती है तो प्रश्न उठता है कि किस प्रकार का व्यक्तित्व? इस प्रश्न का समाधान है आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व। व्यक्तित्व निर्माण के इस अनुष्ठान में जिन वर्गों को सहभागी होना है, उनमें एक वर्ग है- स्नातक। एक विद्यार्थी स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर का अध्ययन करने में अपने जीवन के सत्रह-अठारह वर्ष लगा देता है। उस समय उसके अभिभावकों के मन में यह भाव नहीं पैदा होता कि उसके ये वर्ष व्यर्थ तो नहीं बीत रहे हैं।

## सुविचार

अवसर सूर्य उदय की तरह होते हैं, यदि आप ज्यादा देर प्रतीक्षा करेंगे, तो आप उन्हें गवा देंगे।
**अज्ञात**

बुद्धिमान व्यक्तियों को सलाह की आवश्यकता नहीं होती, मूर्ख लोग इसे स्वीकार नहीं करते हैं।
**बेंजामिन फ्रेंकलिन**

# एक कैंटीन से उठा सवाल : व्यवस्था का सच आखिर कहां है?



प्रो. आरके जैन

**लोकतंत्र** की सबसे बड़ी विडंबना गलती होना नहीं, बल्कि उसे उपलब्धि के प्रमाणपत्र से ढक देना है। जब सच कागजी चमक में छिपने लगे, तब व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। महाराष्ट्र मंत्रालय की कैंटीन इसका प्रतीक बनकर सामने आई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने स्वच्छता और अनुपालन में अट्ठानवे प्रतिशत अंक दिए और परिसर को मक्खी-कीट मुक्त बताया। रिपोर्ट आदर्श दिखी, लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट के सामने उसकी चमक फीकी पड़ गई। अदालत ने रेटिंग को ह्यहास्यास्पदह्ण बताते हुए ह्यएक भी कीट नहीं?ह्ण जैसी टिप्पणी की और चार वकीलों की टीम को एफडीए अधिकारियों के साथ जांच के लिए भेजा। यह केवल कैंटीन की कहानी नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का आईना है जहाँ सुधार से अधिक निर्दोष दिखने वाली रिपोर्ट बनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

सत्ता का आधार उसका नैतिक अधिकार होता है, जो कानून बनाने या आदेश देने से नहीं, बल्कि आचरण से अर्जित होता है। जब शासन दूसरों के लिए कठोर नियम तय करता है, स्वच्छता के नाम पर निजी प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करता है और जवाबदेही सुनिश्चित करता है, तो उससे अपेक्षा होती है कि वह स्वयं भी उन्हीं कसौटियों पर खरा उतरे। लेकिन जब वही व्यवस्था अपनी मंत्रालय की कैंटीन को पूर्णता का प्रमाणपत्र दे और न्यायपालिका उस दावे पर सवाल उठा दे, तो यह दोहरे मापदंड को उजागर करता है। जो व्यवस्था अपनी थाली की सच्चाई नहीं परख सकती, वह समाज की थाली की सुरक्षा का भरोसा कैसे पैदा करेगी? सत्ता की असली स्वच्छता भाषणों में नहीं, बल्कि रोजमर्रा के आचरण में दिखाई देती है। यह मामला केवल भोजन की गुणवत्ता का नहीं, बल्कि उस प्रशासनिक संस्कृति का प्रतीक है जहाँ अंक और प्रमाणपत्र उपलब्धि पर भारी पड़ने लगे हैं। आज कई क्षेत्रों में मूल्यांकन की चमक, जमीनी सच्चाई से अधिक महत्व पाने लगी है। परीक्षा व्यवस्था की गड़बड़ियाँ हों, आपदा राहत के आंकड़ों और स्थिति में अंतर हो या योजनाओं की सफलता रिपोर्टों में दिखाई दे– हर जगह यही प्रवृत्ति नजर आती है। मंत्रालय की कैंटीन इसका छोटा लेकिन तीखा उदाहरण है। निरीक्षण की सूची पूरी हुई और अंक मिल गए, लेकिन सवाल है कि क्या अंक अनुभव का स्थान ले सकते हैं? लोकतंत्र में सम्मान प्रतिशत से नहीं, भरोसे से मिलता है। जब शासन की घोषणाएँ और जनता का अनुभव अलग दिशा में चलें, तो विश्वास की दूरी बढ़ती जाती है। खाने की सुरक्षा को केवल स्वास्थ्य का विषय मानना इस प्रसंग को सीमित करना होगा। भोजन नागरिक गरिमा और प्रशासनिक संवेदनशीलता से जुड़ा प्रश्न है। मंत्रालय वह स्थान है जहाँ राज्य की दिशा तय होती है, नीतियाँ बनती हैं और जनता के लिए नियम निर्धारित होते हैं। यदि ऐसे स्थान पर सुरक्षा केवल फाइलों में हो और वास्तविकता जानने के लिए अदालत को हस्तक्षेप करना पड़े, तो यह व्यवस्था के लिए आत्ममंथन का विषय है। बॉम्बे हाईकोर्ट की टिप्पणी ने स्पष्ट किया कि एफडीए का व्यवहार निजी और सरकारी प्रतिष्ठानों के प्रति समान व निष्पक्ष होना चाहिए। सत्ता के परिसर भी जांच और जवाबदेही से ऊपर नहीं हो सकते। चाहे मंत्रालय की कैंटीन हो या बड़ा प्रशासनिक निर्णय, जवाबदेही लोकतंत्र की मजबूत नींव है।

## राशिफल

**मेष** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**तुला** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा।

**वृष** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृश्चिक** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**मिथुन** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जायेगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा।

**धनु** महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**कर्क** परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**मकर** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनन्द कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्त्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**सिंह** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

**कुंभ** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्या** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन** धम-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

# पप्पू यादव का विवादों भरा राजनीतिक सफर

**गौरतलब** डॉ. अरविन्द नाथ तिवारी



कोविड-19 महामारी के दौरान राहत कार्यों के कारण भी उन्हें व्यापक चर्चा मिली। दूसरी ओर, उनके राजनीतिक जीवन के साथ कई आपराधिक मामले भी जुड़े रहे हैं। विभिन्न मामलों में उनके विरुद्ध मुकदमे दर्ज हुए और कुछ मामलों में उन्हें न्यायालयों का सामना करना पड़ा। हालांकि, भारतीय कानून के अनुसार किसी भी व्यक्ति को अंतिम न्यायिक निर्णय से पहले दोषी नहीं माना जाता। वर्ष 2015 में उन्होंने जन अधिकार पार्टी (लोकतांत्रिक) का गठन किया।

**राजेश** रंजन, जिन्हें पप्पू यादव के नाम से जाना जाता है, बिहार की राजनीति के विवादास्पद नेताओं में गिने जाते हैं। उनका राजनीतिक जीवन जितना लंबा है, उतना ही विवादों से भी घिरा है। वे कई बार लोकसभा सदस्य चुने गए हैं और समय-समय पर समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), लोक जनशक्ति पार्टी तथा बाद में अपनी पार्टी जन अधिकार पार्टी (लोकतांत्रिक) के माध्यम से राजनीति करते रहे। वर्ष 2024 में उन्होंने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया, हालांकि पूर्णिया से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की और बाद में संसद में कांग्रेस-नीत विपक्ष के साथ तालमेल बनाकर काम करना शुरू किया।

पप्पू यादव का राजनीतिक आधार मुख्यतः सीमांचल और कोसी क्षेत्र में रहा है, वे स्वयं को गरीब और वंचितों की आवाज के रूप में प्रस्तुत करते रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान राहत कार्यों के कारण भी उन्हें व्यापक चर्चा मिली। दूसरी ओर, उनके राजनीतिक जीवन के साथ कई आपराधिक मामले भी जुड़े रहे हैं। विभिन्न मामलों में उनके विरुद्ध मुकदमे दर्ज हुए और कुछ मामलों में उन्हें न्यायालयों का सामना करना पड़ा। हालांकि भारतीय कानून के अनुसार किसी भी व्यक्ति को अंतिम न्यायिक निर्णय से पहले दोषी नहीं माना जाता।

वर्ष 2015 में उन्होंने जन अधिकार पार्टी (लोकतांत्रिक) का गठन किया। उद्देश्य था कि बिहार की पारंपरिक राजनीति का विकल्प प्रस्तुत करना लेकिन यह दल राज्य स्तर पर मजबूत संगठन, संसाधन और व्यापक सामाजिक गठबंधन विकसित नहीं कर सका। बिहार की राजनीति लंबे समय से जातीय समीकरण और बड़े दलों में जद(यू), राजद, भाजपा और कांग्रेस के इर्द-गिर्द घूमती रही, ऐसे में जन अधिकार पार्टी को सीमित क्षेत्रों से आगे विस्तार नहीं मिल सका, यही कारण रहा कि अंततः उन्होंने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया।

हाल के दिनों में संसद परिसर में पप्पू यादव ने विपक्षी नेताओं के साथ मिलकर सांकेतिक नाट्य-प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में वे गेरुआ वस्त्र पहनकर बैठे और राममंदिर के चंदे में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाने का प्रयास किया। विपक्ष का कहना था कि यह सरकार से जवाब मांगने का प्रतीकात्मक विरोध था। वहीं, कई संतों, धार्मिक संगठनों और अन्य लोगों ने इसे सनातन का अपमान बताया तथा इस संबंध में पुलिस शिकायतें भी दर्ज कराई गईं। यह कहना कि केवल सनातन धर्म में ही चोरी या अनियमितता होती है, तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। किसी भी धर्म का मूल सिद्धांत नैतिकता, ईमानदारी और न्याय है लेकिन व्यवहारिक स्तर पर सभी समाज और धर्मों में कुछ व्यक्तियों द्वारा गलत कार्य किए जाने के उदाहरण मिलते हैं। चाहे वह हिंदू धार्मिक संस्थान हों, मुस्लिम वक्फ बोर्ड से जुड़े मामले हों, ईसाई मिशनरी संस्थाएँ हों या अन्य धार्मिक संगठन- वित्तीय अनियमितताओं के आरोप समय-समय पर सामने आते रहे हैं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## बाबा होटल में अनैतिक देह व्यापार का खुलासा

# 05 आरोपी गिरफ्तार, तीन पीड़िता मुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरवां मोड़ स्थित बाबा होटल में चल रही अनैतिक देह व्यापार की गतिविधियों का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक, कोडरमा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तिलैया थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से उरवां मोड़ स्थित बाबा होटल में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त



तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में रंजीत कुमार (पिता- कालीचरण यादव, निवासी गोरधोवा, थाना मुफस्सिल, जिला नवादा, बिहार), वीरेंद्र कुमार (पिता- किशोर प्रसाद, निवासी टीकाबीघा, थाना बारसलीगंज, जिला नवादा, बिहार) और मो. एहतेशाम (पिता- मो. इस्लाम, निवासी असनाबाद, कोडरमा) शामिल हैं। पुलिस कार्रवाई के दौरान तीन पीड़िताओं को भी बरामद कर मुक्त कराया गया। इसके अलावा अनैतिक देह व्यापार में मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले कैलाश प्रसाद वर्मा (निवासी उरवां, थाना चंदवारा, जिला कोडरमा) तथा होटल मैनेजर रवि कुमार (पिता- महेंद्र राम, निवासी गोरहंद, मरकच्चो, थाना राजधनवार, जिला गिरिडीह) को भी गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने होटल परिसर से आपत्तिजनक सामग्री समेत कई सामान बरामद किए हैं। इनमें कंडोम, शराब एवं शराब की खाली बोतलें, सिगरेट, शक्तिवर्धक दवाएं आदि शामिल हैं। इसके अलावा आरोपियों के दो चारपहिया वाहन और एक इलेक्ट्रिक स्कूटी भी जब्त की गई है। इस मामले में चंदवारा थाना में संबंधित धाराओं एवं अधिनियमों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस इस अवैध गतिविधि से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। जांच के दौरान किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आने पर उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कोडरमा पुलिस ने कहा है कि जिले में अनैतिक देह व्यापार, अवैध शराब, मानव तस्करी और अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## पंचायत समिति सदस्य ने चंदवा सीएचसी में नये चिकित्सकों की तैनाती की मांग की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चंदवा में चिकित्सकों की कमी को लेकर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने रविवार को ओपीडी का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया और ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक व कर्मचारियों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ओपीडी में दंत चिकित्सक डॉ. कंचन बाड़ा मौजूद थीं। वहीं अस्पताल कर्मियों में त्रिलोकी सिंह, प्रवीण कुमार भोला, सुमित कुमार, एएनएम सीमा कुमारी, अनोरा तिर्की और क्लोस तिक्का तिर्की ड्यूटी पर मिले। निरीक्षण के बाद अयुब खान ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों के आठ स्वीकृत पद हैं, लेकिन वर्तमान में डॉक्टरों की संख्या काफी कम हो गई है। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार और डॉ. श्रेयांस शुभम का दूसरे जिलों में तबादला कर दिया गया। इसके अलावा डॉ. तरुण जोस लकड़ा की देवघर में प्रतिनियुक्ति हो गई है, जबकि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रकाश बड़ाईक के निधन से स्थिति और गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि पहले से चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे अस्पताल में एक साथ तीन डॉक्टरों का स्थानांतरण होने से स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ने की आशंका है। अभी तक स्थानांतरित चिकित्सकों के स्थान पर नए डॉक्टरों की तैनाती नहीं की गई है, जिससे सीएचसी के साथ-साथ ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में भी मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## एक झलक

### सांप के काटने से 14 वर्षीय छात्र की मौत

**गुमला :** गुमला जिला के रायडीह थाना क्षेत्र के लुरु का निवासी 14 वर्षीय ननकू सिंह की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर सदर थाना के पुलिस ने सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम तरह परिजनों को शव रविवार को दोपहर सौंप दिया। और मामले की छानबीन में जुट गया।मृतक के परिजनों पिता ननकू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है घर में जमीन पर वह सोया हुआ था जिस दौरान बीती रात के करीब एक 11:00 बजे जहरीले सांप ने उसे डस लिया इसके बाद रात होने की वजह से सांप काटते ही वह चिल्लाकर उठा।उसके बाद परिजनों ने सांप को मार दिया।वहीं गांव से भगत को बुलाकर तत्काल उसके झार फूक कराया। इस दौरान विलंब हो जाने की वजह से उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं होने पर जिसके बाद सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां रात के करीब 2:00 बजे इलाज के क्रम में चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया वहीं गांव में लगभग डेढ़ घंटे तक झारखंड कराया।मृतक छात्र टोंगो स्कूल के नौवीं कक्षा का छात्र था घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### गुमला में शॉर्ट सर्किट से बुक डिपो में भीषण आग

**गुमला :** शहर के पालकोट रोड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के सामने रविवार सुबह करीब 5:15 बजे शॉर्ट सर्किट से विद्यासागर बुक डिपो में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय दुकान संचालक श्रवण कुमार अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ भवन में मौजूद थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने शटर तोड़कर सुरक्षित बाहर निकाला। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन दुकान पूरी तरह जल गई। पीड़ित के अनुसार, अग्निकांड में लगभग 8 लाख रुपये का नुकसान हुआ। स्थानीय लोगों ने दमकल के देर से पहुंचने पर नाराजगी जताई।

### चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**गुमला :** एडीजे-4 संजीव भाटिया की अदालत ने चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में जारी प्रखंड के सिकरी निवासी अमित कुजूर को पॉक्सो एक्ट की धारा 4 एवं 6 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों धाराओं में 50-50 हजार रुपये, कुल एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना नहीं देने पर दो-दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वर्ष 2017 में हुई घटना के बाद गलतफहमी में एक दिव्यांग व्यक्ति तीन वर्ष तक जेल में रहा। बाद में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद अदालत ने दिव्यांग को बरी कर दिया।

### फर्जी बैंक खाता खोल साइबर ठगों ने लिया 56 हजार का लोन

**गुमला :** जिले में साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामले में जशपुर रोड, रामनगर निवासी मुकेश कुमार के आधार और पैन कार्ड का कथित दुरुपयोग कर उनके नाम से इंडियन ओवरसीज बैंक में फर्जी खाता खोला गया। आरोप है कि इसी खाते के माध्यम से एक फाइनेंस कंपनी से 56,460 रुपये का लोन लेकर राशि दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दी गई। मुकेश कुमार को इसकी जानकारी सिबिल रिपोर्ट जांच के दौरान मिली।

## बिशुनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोरी में भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** बिशुनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोरी में भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुखिया श्री कालेश्वर उरांव ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, ग्रामीण एवं युवा उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुखिया श्री कालेश्वर उरांव ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल से अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारा विकसित होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। पूरे मैदान में खेल को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जोरी फुटबॉल टूर्नामेंट कमेटी के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस तरह के खेल आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है तथा युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है।

## बनवारी साहू महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान का लाइव प्रसारण

# युवाओं ने ली नशा छोड़ने की शपथ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के बनवारी साहू महाविद्यालय के सभागार में रविवार को नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया के संबोधन का लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राओं, एनएसएस स्वयंसेवकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ पाल ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए की। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ और विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष



पूनम देवी ने उपस्थित युवाओं और प्रतिभागियों को नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि युवाओं की जागरूकता और सहभागिता से ही नशे के खिलाफ प्रभावी लड़ाई लड़ी जा सकती है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी चंदन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी गौतम साहू, एनआईसी प्रभारी ओमेन्द्र कुमार, महाविद्यालय की सचिव अंजू गुप्ता तथा विश्वविद्यालय की एनएसएस समन्वयक संगीता कुजूर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। जिला एनएसएस नोडल पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि बनवारी साहू महाविद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि उसे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से सीधे जुड़ने का अवसर मिला। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग के लिए एनआईसी की टीम का आभार भी व्यक्त किया। समापन पर सचिव अंजू गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## नेतरहाट विद्यालय की खेल प्रतिभाओं को निखारने में सहयोग करेगा झारखंड वॉलीबॉल एसोसिएशन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड राज्य वॉलीबॉल एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार से शिष्टाचार भेंट कर विद्यालय की खेल गतिविधियों और छात्र-खिलाड़ियों के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के सचिव उत्तम राज, झारखंड वॉलीबॉल एसोसिएशन के संरक्षक, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक और अंतरराष्ट्रीय रेफरी शेखर बोस सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। बैठक में विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की योजना पर विचार



किया गया। साथ ही खेल प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और प्रतियोगिताओं में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय और एसोसिएशन के बीच सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।प्राचार्य संतोष कुमार ने कहा कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में पढ़ाई के साथ खेलों को भी बराबर महत्व दिया जाता है। विद्यालय में क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल समेत कई खेलों का नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि छात्र शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ खेलों में भी अपनी पहचान बना सकें।

## मेडिकल दुकान के कचरे में मिला मानव भ्रूण का अवशेष

# छापेमारी में दुकान और परिसर सील




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के चटनाही रोड स्थित सौम्या मेडिकल दुकान से जुड़े एक गंभीर मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब नगर पंचायत के सफाईकर्मियों को कचरा उठाने के दौरान प्लास्टिक के थैले में 7 से 8 माह के भ्रूण के क्षत-विक्षत अवशेष मिले। घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया और देर रात मेडिकल दुकान व उसके पीछे बने परिसर में छापेमारी की गई। नगर पंचायत के सफाईकर्मी रोज की तरह कचरा संग्रह कर रहे थे। इसी दौरान एक प्लास्टिक की थैली में उन्हें भ्रूण के अवशेष दिखाई दिए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना नगर पंचायत के अधिकारियों को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने तस्वीरें उपायुक्त संदीप कुमार और अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार को भेजीं। उपायुक्त के निर्देश पर एसडीओ दिनेश कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने मेडिकल दुकान और उससे जुड़े परिसर में जांच की। छापेमारी दल में प्रभारी सिविल सर्जन विवेक विद्यार्थी, अंचलाधिकारी नंदकुमार राम, थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन शामिल थे। जांच के दौरान टीम ने मेडिकल दुकान के साथ उसके पीछे बने कमरों की भी तलाशी ली। दुकान संचालक सागर कुमार से पूछताछ की गई।

## पलामू में अड्डेबाजी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 100 से अधिक लोगों को थाने लाकर दी गयी सख्त चेतावनी

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी के निर्देश पर जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से 1 अगस्त 2026 की रात सभी थाना क्षेत्रों में अड्डेबाजी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों के सार्वजनिक एवं संवेदनशील स्थानों पर सघन जांच और छापेमारी की। इस कार्रवाई में अड्डेबाजी करते पाए गए 100 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए संबंधित थानों में लाया गया। पूछताछ के बाद सभी को भविष्य में अड्डेबाजी, कानून-व्यवस्था भंग करने अथवा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि में शामिल नहीं होने की कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि दोबारा ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने कहा कि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## हेरहंज में एआईएमआईएम की बैठक, संगठन विस्तार के साथ जनसमस्याओं पर हुई चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** जिले के हेरहंज प्रखंड की चिरू पंचायत में रविवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष डॉ. मुफ़्ती मुहसिन आजम अमजदी ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ नेता आरिफ ने किया। बैठक जिला अध्यक्ष इंजीनियर शहबाज के नेतृत्व में तथा विधानसभा प्रभारी श्रवण पासवान की मौजूदगी में हुई। बैठक में जिला, प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का निर्णय लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।बैठक में क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। नेताओं ने कहा कि हेरहंज, बालूमाथ और बारीयातू के कई गांवों में हल्की बारिश के बाद भी बिजली आपूर्ति कई दिनों तक बाधित रहती है। उन्होंने इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की।टोरी रेलवे ओवरब्रिज का मुद्दा भी बैठक में उठाया गया। नेताओं ने कहा कि यह पुल लंबे समय से लंबित है। उन्होंने मांग की कि यदि वर्तमान विधायक ने इस मामले को विधानसभा में उठाया है तो इसकी जानकारी सार्वजनिक की जाए। बैठक में तीन वर्षों से लंबित प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का जल्द भुगतान कराने की मांग की गई। साथ ही अंचल कार्यालयों में गरीबों की जमीन की कथित अवैध खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने की भी मांग उठी।वरिष्ठ नेता आरिफ ने टुबैद कोल माइंस से प्रभावित रैयतों से किए गए वादे पूरे करने की मांग की। वहीं जिला अध्यक्ष इंजीनियर शहबाज ने कहा कि बालूमाथ कोल क्षेत्र में सीसीएल की ओर से हाइवा मार्ग पर नियमित पानी का छिड़काव नहीं होने से धूल और सड़क दुर्घटनाओं की समस्या बढ़ रही है।

## मुंशी प्रेमचंद सिर्फ कथाकार नहीं, सामाजिक बदलाव के शिल्पकार थे : अविनाश देव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** स्थानीय होटल निवार्णा के प्रशाल में इप्टा द्वारा आयोजित सांस्कृतिक पाठशाला के सौ वीं कड़ी में बतौर वक्ता शामिल हुए। मुंशी प्रेमचंद जयंती को समर्पित आज के विषय था ₹प्रेमचंद की बात₹। इप्टा के वरिष्ठ साथियों ने स्वागत किया और मंचासीन किए। शहर के नामचीन लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकारों का महाकुंभ लगा और प्रेमचंद आज क्यों प्रासंगिक हैं विद्वानों ने प्रेमचंद की बातों को रखा। इप्टा के साथियों ने जनवादी गीतों से प्रेमचंद जयंती समारोह की शुरूआत किए। सांस्कृतिक पाठशाला के विद्वान विद्यार्थियों को संबोधित करते प्रेमचंद की बात ईदगाह के हामिद से शुरू कर पूस की रात के हल्खू, पंच परमेश्वर के खाला जान अलगू चौधरी को कहती है दोस्ती के डर से ईमान के बात नहीं कहोगे? पर प्रकाश डालते गोदान गबन कफन कर्मभूमि रंगभूमि को जिक्र करते हमने कहा भारत को समझने के लिए खास कर उतरी भारत के हिंदी पट्टी के सामाजिक ताना बाना को जानने के लिए मुंशी प्रेमचंद के साहित्य को पढ़ना और समझना पड़ेगा। नफरत के दौर में प्रेमचंद प्रेम के प्रकाश हैं, सोफिया उसका उदाहरण है।

## '10 करोड़ नशा मुक्त भारत अभियान' से जुड़ा ब्रह्माकुमारीज गुमला

# एनसीसी कैडेटों ने लिया नशामुक्त समाज का संकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रव्यापी '10 करोड़ नशा मुक्त भारत अभियान' का शुभारंभ किया गया। इस अभियान में देशभर के 125 से अधिक आध्यात्मिक संगठनों के साथ-साथ स्कूल, कॉलेज, एनएसएस एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों ने भागीदारी की। अभियान अगले 100 सप्ताह तक विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इसी क्रम में ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शिव दर्शन भवन, घाटो बगीचा, गुमला में राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी बिट्टूपन डेका, अन्य अधिकारी, एनसीसी कैडेट तथा शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए स्वयं नशे से दूर रहने और समाज में नशा मुक्ति के प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाने का प्रण लिया। सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी शांति दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक उन्नति में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि राजयोग मेडिटेशन आत्मबल और सकारात्मक सोच को विकसित कर व्यक्ति को किसी भी प्रकार की नकारात्मक आदत एवं व्यसन से मुक्त होने की शक्ति प्रदान करता है।

## अज्ञात महिला हत्याकांड में एक और गिरफ्तारी
### आरोपी पति न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के भगवती अस्पताल के पीछे स्थित झरना टोला में 26 अप्रैल को हुई अज्ञात महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने जांच के दौरान एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में पहले ही चंदा देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने चंदा देवी के पति उपेन्द्र कुमार, निवासी बालेखांड़, थाना डंडई, जिला गढ़वा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, उपेन्द्र कुमार का पूर्व से ही आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है तथा आवश्यकतानुसार आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

# छह साल बाद भी जमीन विवाद में नहीं मिला न्याय, पीड़िता ने सीएम कार्यालय तक लगायी गुहार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा):** डंडई थाना क्षेत्र की एक महिला ने आरोप लगाया है कि जमीन विवाद के मामले में छह वर्ष बीत जाने के बावजूद उसे न्याय नहीं मिल सका है। पीड़िता ने अंचल कार्यालय, थाना, पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिदेशक तथा मुख्यमंत्री कार्यालय, झारखंड तक आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। पीड़िता डंडई थाना क्षेत्र के जरदे गांव निवासी अजय चौधरी की पत्नी 35 वर्षीय सुनीता देवी हैं। उनका कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से वह अपने तीन वर्षीय बच्चे, 60 वर्षीय ससुर



अनेश्वर चौधरी और 55 वर्षीय सास चानो देवी के साथ प्रतिदिन प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं। शनिवार को प्रखंड कार्यालय पहुंची सुनीता देवी ने आवेदन की प्राप्ति रसीदें दिखाते हुए बताया कि वर्ष 2020-21 में उनके ससुर को गांव के ही एक व्यक्ति, डॉ. सोमनाथ चौधरी, बैंक से ऋण दिलाने के बहाने गढ़वा ले गए थे। उनका आरोप है कि वहां ऋण संबंधी दस्तावेज तैयार कराने के बजाय धोखाधड़ी कर उनके ससुर से ऐसे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा लिए गए, जिनमें उनके बड़े भाई राजेंद्र चौधरी के नाम 16 लाख रुपये में 8 डिसमिल जमीन की खरीद का उल्लेख किया गया। सुनीता देवी का आरोप है कि इसके बाद संबंधित लोग जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर उनके परिवार के साथ मारपीट की गई, जिसमें उनकी सास गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनके जबड़े में चोट आई। उन्होंने बताया कि घटना की शिकायत डंडई थाना में की गई, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने अंचल कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस महानिदेशक कार्यालय और मुख्यमंत्री कार्यालय में भी लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के अनुसार, बंदोबस्त वाद संख्या 52/2001-02 के तहत संबंधित खाता एवं प्लॉट की कुल 2 एकड़ 5 डिसमिल भूमि उनके तीन ससुरों के बीच विधिवत बंटवारे में प्राप्त हुई थी।

### सीओ ने क्या कहा

**मामले** में पूछे जाने पर डंडई के अंचल अधिकारी (सीओ) जयशंकर पाठक ने बताया कि शिकायत के आधार पर अधीनस्थ कर्मचारियों से स्थल जांच कराई गई है। हालांकि, जांच रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट मिलते ही नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## लिपिकों के तबादले पर उठे सवाल, कर्मचारियों ने लगाया नियमों की अनदेखी का आरोप



**गढ़वा :** पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, मेदिनीनगर द्वारा किए गए लिपिकों के स्थानांतरण को लेकर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। गढ़वा जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) कार्यालय में कार्यरत लिपिक प्रदीप कुमार सिंह ने तबादला सूची पर सवाल उठाते हुए इसे नियमों के विरुद्ध बताया है। क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक की स्थानांतरण सूची में क्रमांक-19 पर शामिल प्रदीप कुमार सिंह का आरोप है कि स्थानांतरण आदेश में निर्देश पत्र का उल्लेख तो किया गया है, लेकिन उसके खंड-1, 2 और 3 का सही तरीके से अनुपालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ चुनिंदा कर्मचारियों को उनकी पसंद के स्थान पर उसी जिले में पदस्थापित कर दिया गया, जबकि अन्य कर्मचारियों की वरिष्ठता और सेवा अवधि को नजरअंदाज किया गया है। प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि गढ़वा डीएसई कार्यालय में उनकी सेवा अवधि अभी लगभग दो वर्ष ही पूरी हुई है। तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही उनका स्थानांतरण कर दिया गया, जबकि नियमानुसार तीन वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मियों के स्थानांतरण पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में कई अन्य लिपिकों ने भी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के स्थानांतरण आदेश पर आपत्ति जताई है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि दो वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मियों का तबादला किया गया है तो अन्य कर्मियों को उसी जिले में क्यों बनाए रखा गया। लिपिकों के अनुसार माध्यमिक शिक्षा निदेशक के निर्देश में प्रावधान है कि एक ही कार्यालय में तीन वर्ष से अधिक समय तक कार्यरत कर्मचारियों का स्थानांतरण दूसरे कार्यालय में किया जा सकता है।

## एक झलक

### सड़क दुर्घटना में पथरिया निवासी युवक की मौत

**चतरा :** इटखोरी प्रखंड के पथरिया गांव निवासी रंजीत विश्वकर्मा की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड अंतर्गत सलाहारा-रंजीता के समीप हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रंजीत विश्वकर्मा किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान सलाहाराझरंजीता के पास उनकी सड़क दुर्घटना हो गई। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पथरिया गांव में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग परिजनों को सांत्वना देने उनके घर पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुर्घटना के कारणों की निष्पक्ष जांच कराने तथा पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### भूसे में छिपी लाखों की शराब बरामद, ट्रक पलटने से खुला तस्करी का राज

**चतरा :** चतरा-गया डोभी मुख्य मार्ग स्थित संघरी घाटी में हुए सड़क हादसे ने अवैध शराब तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा कर दिया। पुलिस से बचने की कोशिश में भूसे से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके बाद उसमें छिपाकर ले जाई जा रही भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। हादसे के बाद ट्रक में रखे भूसे के बोरों से हरियाणा लेबल और 'रॉयल चैलेंज' ब्रांड की महंगी अंग्रेजी शराब की बोतलें सड़क पर बिखर गईं। मौके पर मौजूद राहगीरों के बीच शराब उठाने की होड़ मच गई। सूचना मिलने के बाद सदर थाना प्रभारी अनिल कुमार उरांव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस संदिग्ध ट्रक का पीछा कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और ट्रक पलट गया। हादसे के बाद चालक और उपचालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से बची हुई लाखों रुपये की शराब जब्त कर थाने पहुंचा दी है। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार तस्करों को गिरफ्तार कर पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जायेगा।

## कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में दो दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य बैठक का समापन

# भविष्य निर्माण के सूत्रधार हैं प्रधानाचार्य : डॉ. नीरा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, झुमरीतिलैया में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य बैठक का रविवार को गरिमामय वातावरण में समापन हुआ। समापन सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह, सचिव अनुराग सिंह, हजारीबाग विभाग निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह तथा जमशेदपुर के सह विभाग प्रमुख बिरेंन नाथ टुडू सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य आनंद मोहन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े अनुभवी प्रधानाचार्यों का एक मंच पर एकत्र होकर शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और संस्कार आधारित शिक्षण पर विचार-विमर्श करना विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने विद्या भारती की कार्ययोजना एवं विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संगठन वर्षों की साधना, समर्पण और राष्ट्रभावना का परिणाम है। उन्होंने गोरखपुर के प्रथम शिशु मंदिर से प्रारंभ हुई यात्रा का उल्लेख करते हुए इसे आज देशव्यापी शिक्षा आंदोलन का स्वरूप बताया। मुख्य अतिथि डॉ. नीरा यादव ने कहा कि प्रधानाचार्य केवल विद्यालय का प्रशासन नहीं संभालते, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि 'भावी पीढ़ी के निर्माण और समाज को सही दिशा देने में प्रधानाचार्यों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। यह कार्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि एक कठिन साधना और सामाजिक दायित्व है। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव अनुराग सिंह ने प्रधानाचार्यों से विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त, चरित्रवान एवं राष्ट्रोपयोगी शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया। वहीं विभाग निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके आगमन को विद्यालय के लिए सौभाग्य बताया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्र परिषद की ओर से प्रांतभर से आए सभी प्रधानाचार्यों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। परिषद के संयोजक पंकज सिंह के साथ डॉ. मीनाक्षी, अंकित गुप्ता, लखन सिंह, अनिमेष यादव, रितेश सिंह, सूरज सौरव, विकास जैन, विनीत संघई, पंकज शर्मा एवं हर्ष शर्मा सहित अनेक पूर्व छात्र उपस्थित रहे।



## उत्कृष्ट बालिका विद्यालय विवाद में प्रशासन का एक्शन, प्रभारी समेत कई शिक्षकों का तबादला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में पिछले कुछ दिनों से चल रहे विवाद के बाद शिक्षा विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। जांच समिति की रिपोर्ट आने के बाद विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका ज्योति ज्योत्सना समेत कई शिक्षकों का पारस्परिक प्रतिनियोजन कर दिया गया है। यह कार्रवाई उपायुक्त संदीप कुमार के निर्देश पर गठित जांच समिति की अनुशंसा के आधार पर की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी गौतम साहू ने बताया कि विद्यालय के नए प्रभारी का निर्णय सोमवार को लिया जाएगा। फिलहाल संबंधित शिक्षकों को उनके नए विद्यालयों में योगदान देने का निर्देश जारी कर दिया गया है। आदेश के अनुसार प्रभारी प्रधानाध्यापिका ज्योति ज्योत्सना को उत्क्रमित उच्च विद्यालय छेंचा बरवाडीह भेजा गया है। अन्नपूर्णा पांडेय का प्रतिनियोजन उत्क्रमित उच्च विद्यालय मासियातु, संदीप कुमार तिवारी का उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावागढ़ और नीतू अंजना टोप्पो का जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार में किया गया है। वहीं रमन कुमार साहू को उनके मूल विद्यालय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चटकपुर तथा अनिता लकड़ा को उत्क्रमित उच्च विद्यालय मासियातु वापस भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले विद्यालय की छात्राओं ने उपायुक्त से मिलकर पढ़ाई की व्यवस्था और मध्याह्न भोजन में कथित गड़बड़ियों की शिकायत की थी।

# बीएसएल में 91 पीएमआईएस इंटरन्स का प्रशिक्षण शुरू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 'प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत देश के युवाओं को उद्योग जगत का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की दिशा में बोकारो इस्पात संयंत्र निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। योजना के तृतीय चरण के अंतर्गत वर्तमान में 91 इंटर्न्स बोकारो इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह प्रशिक्षण युवाओं को औद्योगिक कार्यसंस्कृति, आधुनिक तकनीकों तथा व्यावसायिक दक्षताओं से परिचित कराने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार कर रहा है।प्रशिक्षुओं को संयंत्र के विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी विभागों में प्रशिक्षण हेतु पदस्थापित किया गया है। यहाँ इंटर्न्स विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अनुभवी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में संयंत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली, आधुनिक औद्योगिक प्रक्रियाओं, तकनीकी दक्षताओं तथा सुरक्षा मानकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इससे उन्हें औद्योगिक वातावरण में कार्य करने की व्यावहारिक समझ विकसित करने का अवसर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि योजना के अंतर्गत नौ माह की प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रत्येक इंटर्न को प्रति माह 9,000 का स्टाइपेंड प्रदान किया जा रहा है, जो भारत सरकार एवं बोकारो इस्पात संयंत्र के संयुक्त सहयोग से देय है। यह वित्तीय सहायता युवाओं को प्रशिक्षण अवधि में आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ लगन एवं एकाग्रता से कौशल विकास के लिए प्रेरित कर रही है। गौरतलब है कि चयनित इंटर्न्स में आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक (बी.एससी., बी.सी.ए., बी.ए.) तथा 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी शामिल हैं। उन्हें यांत्रिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, फिटर, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, सिविल, इंस्ट्रूमेंटेशन, पीएलसी लैब, पावर डिस्ट्रीब्यूशन, मेटलर्जी, लॉजिस्टिक्स, मानव संसाधन, कंप्यूटर ऑपरेशन एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), हाइड्रोलिक्स तथा सिरेमिक इंजीनियरिंग जैसे विविध क्षेत्रों में कार्य का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे इंटर्न्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस योजना को अपने करियर के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इंटर्न श्वेता शर्मा ने कहा कि बोकारो इस्पात संयंत्र में प्राप्त व्यावहारिक अनुभव उनके व्यक्तित्व और व्यावसायिक विकास को नई दिशा देगा। इंटर्न आयुष कुमार शर्मा ने बताया कि अत्याधुनिक मशीनों पर कार्य सीखने के साथ मिलने वाला स्टाइपेंड उन्हें आत्मविश्वास एवं आर्थिक संबल प्रदान कर रहा है। इंटर्न मनीषा कुमारी के अनुसार इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राप्त प्रशासनिक अनुभव उनके व्यावसायिक जीवन की मजबूत आधारशिला बनेगा। वहीं इंटर्न गौतम कुमार हांसदा ने 'प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत बोकारो इस्पात संयंत्र की कार्यसंस्कृति को निकट से समझने के अवसर को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। इंटर्न गणेश केरकेट्टा एवं इंटर्न ऋषि कुमार सिंह ने भी प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के इस अवसर को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। उल्लेखनीय है कि सभी प्रशिक्षु अनुशासन और लगन के साथ औद्योगिक कार्यसंस्कृति को आत्मसात कर रहे हैं। इस योजना के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों में कौशल विकास को नई दिशा मिल रही है।

## आंगनबाड़ी में 06 छह माह से उधार लेकर पोषाहार चला रही हैं सेविकाएं

# 10 अगस्त से आंगनबाड़ी बच्चों का खाना होगा बंद : सीटू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**झुमरीतिलैया :** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की जिला कमिटी की बैठक मंगलवार को चिल्ड्रेन पार्क में जिलाध्यक्ष संतोषी देवी की अध्यक्षता में हुई। संचालन कोडरमा प्रखंड सचिव सुषमा देवी ने की। बैठक में पिछले छह माह से पोषाहार राशि नहीं मिलने पर सेविकाओं ने रोष व्यक्त किया। मालूम हो कि उधार लेकर सेविकाएं आंगनबाड़ी बच्चों को खाना खिला रही है। अब दुकानदार ने उधार देना बंद कर दिया है। इस परिस्थिति में निर्णय लिया गया कि अगर एक सप्ताह के अंदर पूरे 6 माह का भुगतान नहीं हुआ तो 10 अगस्त से आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का पोषाहार बंद कर दिया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि एक तरफ महंगाई से लोगों का जीना मुस्किल हो गया है। ऐसे में छह महीने से पोषाहार राशि नहीं मिला है। अब दुकानदारों ने उधार देने से मना कर दिया है। आंगनबाड़ी में बच्चों को भोजन बंद करना पड़ सकता है। अंडा का दाम 10 रूपया हो गया है। जबकि सरकारी दर 6 रुपये ही है। वह भी उधार लेकर बच्चों को खिलाना पड़ रहा है। अगर एक सप्ताह के अंदर बकाया पोषाहार और मानदेय का भुगतान नहीं हुआ तो 10 अगस्त से आंगनबाड़ी मे बच्चों का पोषाहार बंद करने पर सेविकाएं मजबूर हो जायेंगी। जिसकी सारी जवाबदेही समाज कल्याण विभाग की होगी।

# बोकारो जनरल अस्पताल में बीएसएल शीर्ष प्रबंधन के साथ 'लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन' का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो जनरल अस्पताल में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं स्वास्थ्यकर्मियों के साथ संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम 'लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक, अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, वरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में बीजीएच के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। इस संवादात्मक कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाना, कार्यस्थल की दक्षता में वृद्धि करना, टीम भावना को प्रोत्साहित करना तथा निरंतर सुधार एवं नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए किया गया। उन्होंने इस संवाद कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इसके उपरांत सहायक महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बोकारो इस्पात संयंत्र की प्रमुख उपलब्धियों, विकास यात्रा, संगठनात्मक प्रगति तथा भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की। वहीं, महाप्रबंधक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) ने बोकारो जनरल अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, अधोसंरचनात्मक विकास, सेवा विस्तार तथा भावी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी ने बोकारो जनरल अस्पताल को उत्कृष्ट, सुलभ एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का आदर्श केंद्र बनाने के लिए सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों से समर्पण, नवाचार, संवेदनशीलता एवं टीमवर्क की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## जीवनदाता वंदन उत्सव : मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के चरण पखार कर लिया आशीर्वाद

# माता-पिता और बुजुर्ग समाज की सबसे बड़ी धरोहर : आकृति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**झुमरीतिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच, झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा की ओर से रविवार को वृद्धाश्रम में जीवनदाता वंदन उत्सव का भावपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बुजुर्गों के प्रति सम्मान, सेवा और कृतज्ञता का संदेश दिया गया। शाखा की सदस्यों ने वृद्धाश्रम में रह रहे माता-पिता तुल्य बुजुर्गों के चरण पखारकर उनका सम्मान किया, आरती उतारी तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्हें खाद्य सामग्री भेंट कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा और सेवा-भाव व्यक्त किया।इस आत्मीय पहल से वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्ग भावुक हो उठे। कार्यक्रम के दौरान उनके साथ समय बिताया गया, उनका कुशलक्षेम जाना गया और आत्मीय संवाद के माध्यम से उन्हें अपनत्व का एहसास कराया गया। आयोजन के दौरान पूरे परिसर का वातावरण श्रद्धा, सम्मान और संवेदनाओं से ओतप्रोत रहा। इस अवसर पर शाखा अध्यक्षा आकृति चौधरी ने कहा कि माता-पिता और बुजुर्ग समाज की सबसे बड़ी धरोहर हैं। उनके त्याग, स्नेह और संस्कारों ने परिवार और समाज की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों का सम्मान करना केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का भी प्रतीक है। उनके आशीर्वाद से ही जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा आगे भी समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेवा और संवेदनशीलता से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी, ताकि समाज में मानवीय मूल्यों को और अधिक मजबूती मिल सके।कार्यक्रम में शाखा की सचिव प्रिया अग्रवाल, सारिका लड्ढा, नेहा हिसारिया, नेहा जैन, बीना जैन, कृति चौधरी, मीना हिसारिया, रिचा खटूवाला एवं ज्योति अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन सभी बुजुर्गों के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं सुखमय जीवन की मंगलकामना के साथ किया गया। आयोजन की इस अनूठी पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए इसे समाज में बुजुर्गों के सम्मान और सेवा-भाव को बढ़ावा देने वाला प्रेरणादायी प्रयास बताया।

# 04 अगस्त को दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पुण्यतिथि मनायेगा झामुमो, बोकारो में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला समिति बोकारो की ओर से आगामी 4 अगस्त को झारखंड आंदोलन के महानायक और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस अवसर पर बोकारो टाउन हॉल मोड़ के समीप श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया जाएगा। झामुमो बोकारो जिला अध्यक्ष रतन लाल मांझी ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के लंबे संघर्ष, नेतृत्व और मार्गदर्शन के कारण झारखंड अलग राज्य का सपना साकार हुआ। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि गुरु जी के विचारों और संघर्षों को जन-जन तक पहुंचाया जाए तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जाए। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन ने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज के हर वर्ग के अधिकारों के लिए सड़क से सदन तक आवाज बुलंद करते रहे। उनके अदम्य साहस, संघर्ष और कुशल नेतृत्व को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी। झामुमो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि झारखंड के गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी और मूलवासियों की पहचान हैं। उनके संघर्ष और योगदान को शब्दों में पूरी तरह व्यक्त करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन के अधिकार की लड़ाई को गुरु जी ने मजबूती प्रदान की। यदि शिबू सोरेन जैसे महान नेता नहीं होते तो शायद झारखंड अलग राज्य का निर्माण संभव नहीं हो पाता। उन्होंने अपने संघर्षों से झारखंड के विकास और खुशहाली की नींव रखी।

## उपायुक्त ने हेरुआ डैम, पिक्चर टाइम थियेटर, महादेवी वर्मा महिला कॉलेज एवं छठ तालाब का किया निरीक्षण

# विकास कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त रवि आनंद ने जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर विकास एवं आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने हेरुआ डैम, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के समीप निमार्णाधीन पिक्चर टाइम थियेटर, छठ तालाब के समीप स्थित महादेवी वर्मा महिला कॉलेज तथा छठ तालाब का निरीक्षण किया। हेरुआ डैम के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने क्षेत्र के समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने डैम परिसर में पार्क का विकास, सोलर लाइट की स्थापना, पेवर ब्लॉक लगाने सहित अन्य सौंदर्यीकरण कार्यों को योजनाबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। निर्माणाधीन पिक्चर टाइम थियेटर का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने शेष बचे निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि आमजन को शीघ्र ही इस सुविधा का लाभ मिल सके। इसके उपरांत उपायुक्त ने महादेवी वर्मा महिला कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से कॉलेज के संचालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा संस्थान के बंद रहने के कारणों एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि को लेकर तैयारियां तेज, सांसद बैद्यनाथ राम ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर 4 अगस्त को आयोजित होने वाले प्रतिमा अनावरण समारोह की तैयारियों ने गति पकड़ ली है। रविवार को राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम लातेहार के कीनामाड़ मोड़ पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों, पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय लोगों से बातचीत कर तैयारियों की जानकारी ली। सांसद ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने झारखंड के निर्माण और यहां के लोगों के अधिकारों की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐसे में उनकी स्मृति में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम पूरे सम्मान और गरिमा के साथ संपन्न होना चाहिए।उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि आयोजन में आने वाले लोगों की सुविधा, यातायात, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि कार्यक्रम सफल और अनुकरणीय बन सके। उन्होंने सभी से मिलकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप देने की अपील की।मौके पर झामुमो नेता प्रभात कुमार, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, सुदामा प्रसाद, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, दीपक कुमार, सुशील यादव, विवेक गुप्ता, कौशल पांडेय, चंदन कुमार, रंजीत कुमार, राजन प्रसाद, संतोष यादव, वारिश अंसारी, रिशुराज गुप्ता, राहुल गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# वन महोत्सव में गूंजा 'एक पेड़ मां के नाम' का संदेश, छात्र-छात्राओं ने किया पौधरोपण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ टंडवा वन क्षेत्र के मनातु बीट एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हेसातु के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार (01 अगस्त 2026) को विद्यालय के समीप वन क्षेत्र में भव्य वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली से हुई। रैली में बच्चों ने 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ', 'धरती माता करे पुकार, हराभरा कर दो संसार' तथा 'वृक्षारोपण कार्य महान, एक पेड़ दस पुत्र समान' जैसे प्रेरणादायी नारों के साथ ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर मनातु बीट के बीट ऑफिसर विजय कुमार ने छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। उन्होंने पौधे एवं बांस के गेबियन उपलब्ध कराए तथा शिक्षक बिनेश्वर कुमार के साथ पौधरोपण कर वन महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को वन, वन्यजीवों और जैव विविधता के संरक्षण का महत्व बताते हुए प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित होकर सभी छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। बच्चों का उत्साह और पर्यावरण के प्रति उनकी जागरूकता कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही। इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्र नीरज कुमार वर्मा, कृष्णा तुरी, जलेश्वर प्रजापति, वन विभाग के वाचर सुरेश तुरी एवं केशीपाल राम सहित विद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार ने टंडवा वन क्षेत्र का आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से बीट ऑफिसर विजय कुमार, वाचर सुरेश तुरी, केशीपाल राम, पूर्ववर्ती छात्रगण तथा सभी छात्र-छात्राओं के योगदान की सराहना की गई। संदेशः 'धरती माता करे पुकार, हराभरा कर दो संसार।

# विद्या भारती 2027 में मनायेगी 75वां अमृत वर्ष महोत्सव, देशभर में होंगे भव्य आयोजन

## 25 हजार विद्यालयों के 36 लाख छात्र-छात्राओं व अभिभावकों की भागीदारी, झारखंड के 213 विद्यालयों के 96 हजार विद्यार्थी होंगे शामिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**झुमरी तिलैया :** विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम ने आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि वर्ष 2027 में संगठन अपने स्थापना के 75वें अमृत वर्ष महोत्सव को देशव्यापी स्तर पर भव्य रूप से मनाएगा। इस अवसर पर देशभर के लगभग 25 हजार विद्यालयों में अध्ययनरत 36 लाख भाई-बहनों एवं उनके अभिभावकों की सहभागिता से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। झारखंड प्रांत के 213 विद्यालयों के लगभग 96 हजार छात्र-छात्राएं भी इस महोत्सव का हिस्सा बनेंगे।उन्होंने बताया कि अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में 75 महिलाओं का सम्मान, संस्कृतिक ज्ञान परीक्षा, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा नई दिल्ली में देशभर के 75 हजार घोष वादकों द्वारा सामूहिक घोष प्रदर्शन की भी योजना बनाई गई है। इसके लिए सभी घोष वादकों से अभी से तैयारी में जुटने का आह्वान किया गया है। ख्याली राम ने कहा कि समाज के सहयोग, समर्पण निधि तथा पूर्व छात्रों की सहभागिता से वर्षभर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सिक्किम में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए झारखंड एवं बिहार के विद्या भारती विद्यालयों का सहयोग लिया जाएगा, ताकि वहां के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि विद्या भारती ने अपने पूर्व छात्र-छात्राओं के पंजीकरण अभियान की शुरूआत की है, जिसमें 14 अगस्त तक अधिक से अधिक पूर्व विद्यार्थियों से जुड़ने की अपील की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वदेशी सप्ताह मनाया जाएगा। इसके साथ ही कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को सात प्रकार के कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने की स्वीकृति मिली है। विद्यालय स्तर पर इन प्रशिक्षणों के सफल समापन पर प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिन्हें सरकारी मान्यता प्राप्त होगी। प्रेस वार्ता में परीक्षा प्रणाली पर चर्चा करते हुए ख्याली राम ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक और नकल जैसी समस्याओं पर रोक लगाने के लिए विद्या भारती बिना पर्यवेक्षक (निरीक्षक) के परीक्षा आयोजित करने की योजना पर कार्य कर रही है।

### जेपीएससी परीक्षा पेपर लीक युवाओं से विश्वासघात

**बोकारो :** झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में कथित पेपर लीक एवं अन्य अनियमितताओं के आरोप राज्य के लाखों युवाओं के साथ विश्वासघात है। मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच आवश्यक है ताकि निर्दोष अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा हो सके। यह मांग आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता भाष्कर सुमन ने रविवार को की है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का स्पष्ट मानना है कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की विश्वसनीयता लोकतंत्र और सुशासन की आधारशिला होती है। यदि भर्ती प्रक्रिया पर ही सवाल उठने लगें तो सबसे बड़ा नुकसान उन लाखों मेहनती युवाओं का होता है, जो वर्षों की तैयारी के बाद ईमानदारी से परीक्षा देते हैं।

# बीएसएल के बोकारो जनरल अस्पताल में 'विश्व स्तनपान सप्ताह' का शुभारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र के बोकारो जनरल अस्पताल में 1 अगस्त 2026 से 'विश्व स्तनपान सप्ताह' का शुभारंभ किया गया। शिशु रोग विभाग तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस सप्ताहव्यापी जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजनों को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना है, ताकि आने वाली पीढ़ी का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा अस्पताल के अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। इस पहल के दौरान नर्सिंग स्कूल की छात्राओं द्वारा आकर्षक पोस्टरों, स्लोगन एवं मॉडलों के माध्यम से स्तनपान के विभिन्न वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गर्भवती महिलाओं, माताओं एवं अभिभावकों को नवजात शिशु के लिए स्तनपान के लाभों से अवगत कराया गया तथा हेल्प डेस्क के माध्यम से उनकी शंकाओं एवं प्रश्नों का समाधान किया गया। 'जीवन की स्थायी शुरूआत के लिए स्तनपान' की थीम पर आधारित इस विशेष अभियान के तहत सप्ताह भर पीडियाट्रिक एवं गायनी ओपीडी परिसर में मरीजों व उनके परिजनों को निरंतर जागरूक किया जा रहा है।

## एक झलक

### राजेन्द्र सिंह लगातार 31वीं बार ओसीसी क्लब के अध्यक्ष निर्वाचित




रांची : ओसीसी क्लब एवं दुर्गा पूजा समिति की बैठक रविवार को बंगला स्कूल परिसर में आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026 के लिए नई कार्यकारिणी समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में राजेंद्र सिंह को लगातार 31वें वर्ष अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार, डॉ. शिवेश भगत, आलोक कुमार लाल एवं पार्थो दोरिया को जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के सचिव के रूप में राजेश दास का चयन किया गया। उप सचिव पद पर गिरीश सिंह, कुशल सरकार, राकेश कुमार (गोपी) एवं विजय कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया। वहीं कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी आनंद किशोर प्रसाद को दी गई, जबकि सह कोषाध्यक्ष के रूप में नवीन कर्मकार एवं मनोज मजूमदार का चयन किया गया। बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी के गठन के साथ आगामी दुर्गा पूजा एवं क्लब की गतिविधियों की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर गौर घोष, दीपक कुंडा, पप्पी मल्होत्रा, मनीष घोष, बिनोद कुमार, चंदन दत्ता, सतीश, सिद्धार्थ, सुरज सिंह, दीपक गुप्ता, मनोज मजूमदार, आंचल कुमार, तारकनाथ पाल सहित बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद सदस्यों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए क्लब एवं दुर्गा पूजा समिति के सफल संचालन की कामना की।

### संत रविदास की 650वीं जयन्ती पर झारखंड में 04 अगस्त से निकलेगी कलश वंदन यात्रा

रांची : संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के तहत झारखंड में 4 अगस्त से कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ होगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। बाउरी ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य संत रविदास के समता, सेवा, भक्ति, सामाजिक न्याय और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि 4 अगस्त को रांची के डिबडीह स्थित कार्निवल बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम के बाद विधिवत पूजा-अर्चना के साथ 30 सुसज्जित रथों को झारखंड के सभी 30 सांगठनिक जिलों के लिए रवाना किया जाएगा। जिलों में पहुंचने के बाद यह कलश वंदन यात्रा मंडलों, पंचायतों और गांवों के मंदिरों तक पहुंचेगी तथा समरसता और सामाजिक सद्भाव का संदेश देगी।

### 108 एम्बुलेंस सेवा को लेकर भाजपा का स्वास्थ्य मंत्री पर हमला, टेंडर प्रक्रिया की जांच की मांग

रांची : झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने राज्य की 108 एम्बुलेंस सेवा की स्थिति को लेकर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जीवनरक्षक एम्बुलेंस सेवा को पारदर्शिता और योग्यता के बजाय कथित मित्रवाद और पक्षपात का शिकार बनाया गया है, जिसका खामियाजा राज्य की जनता भुगत रही है। रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में अजय साह ने कहा कि वर्ष 2023 में 108 एम्बुलेंस सेवा के संचालन की जिम्मेदारी जीवीके सर्विसेज को सौंपी गई थी। उनका आरोप है कि स्वास्थ्य मंत्री का पद संभालने के बाद इरफान अंसारी ने पुरानी एजेंसी को हटाकर यह जिम्मेदारी पटना स्थित सम्मान फाउंडेशन को दे दी। भाजपा का दावा है कि संस्था का चयन उसकी कार्यक्षमता, अनुभव या मेरिट के आधार पर नहीं, बल्कि स्वास्थ्य मंत्री के कथित करीबी इरफान आलम से संबंधों के कारण किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट करने की मांग की कि सम्मान फाउंडेशन का चयन किन तकनीकी, वित्तीय और प्रशासनिक मानकों के आधार पर किया गया। साथ ही सवाल उठाया कि आखिर इरफान आलम कौन हैं, जिन पर स्वास्थ्य मंत्री कथित रूप से मेहरबान हैं।

---

### युवा कलोत्सव के दूसरे दिन लोक एवं शास्त्रीय कलाओं की विविध रंगछटाओं ने दर्शकों को किया मुग्ध

# शानदार रही युवा कलाकारों की प्रस्तुति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की स्वायत्त संस्था संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली एवं रांची विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित युवा कलोत्सव2026 के दूसरे एवं अंतिम दिन आर्यभट्ट सभागार में लोक एवं शास्त्रीय संगीत, नृत्य तथा रंगमंच की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति की बहुरंगी छटा से अभिभूत कर दिया। देश के विभिन्न राज्यों से आए युवा कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रख्यात युवा सरोद वादक शुभ ज्योति सेन, हावड़ा द्वारा हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की मधुर सरोद वादन प्रस्तुति से हुआ। उनके सुरों की साधना ने सभागार में शास्त्रीय संगीत का गंभीर और आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया। इसके उपरांत राहुल कुमार रजक, कटिहार ने कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति देकर लय, ताल और भावाभिव्यक्ति का उत्कृष्ट समन्वय प्रस्तुत किया। दर्शकों ने उनकी प्रस्तुति की मुक्त कंठ से सराहना की। लोक संस्कृति की श्रृंखला में खुखराग सांस्कृतिक केंद्र, बेड़ो के कलाकारों ने झूमर नृत्य प्रस्तुत कर झारखंड की लोक परंपरा की जीवंत झलक दिखाई।



वहीं हेतीराल, सरायकेला के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत संथाली दसाय नृत्य ने आदिवासी जीवन, प्रकृति और सामुदायिक उत्सवधर्मिता को सशक्त रूप में मंच पर साकार किया। इस अवसर पर रंगवतन, रांची द्वारा वरिष्ठ रंगकर्मी अशोक गोप के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक 'आरण्यगाथा' की प्रस्तुति हुई। इसके लेखक डॉ अनिल ठाकुर ने इस अवसर पर बताया कि झारखंड की डायन बिसाही पर आधारित यह नाटक अखड़ा शैली में है इसमें नागपुरी लोकगीत,मांदर, नगाड़ा, बांसुरी लोकनृत्य ओर पारंपरिक लोकसंवाद का अद्भुत संयोजन है। प्रभावशाली अभिनय, सशक्त संवाद, संगीत और मंच-सज्जा से सुसज्जित इस प्रस्तुति ने दर्शकों को अंत तक बाँधे रखा तथा उन्हें गंभीर चिंतन के लिए प्रेरित किया। दो दिवसीय युवा कलोत्सव के समापन पर उपस्थित कला प्रेमियों ने संगीत नाटक अकादमी द्वारा युवा कलाकारों को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने तथा भारतीय लोक एवं शास्त्रीय कलाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कलाकार, शिक्षाविद, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं शहर के कला-रसिक उपस्थित रहे। इस अवस पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति सारंग मेढेकर ,सेंट्रल विजिलेंस अफसर डी बी लाटा भी विशेष तौर पर उपस्थित थे।

---

### अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन के संरक्षक बने दिव्यानंद जी महाराज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन की ओर से प्रख्यात ज्योतिषी एवं धर्मगुरु दिव्यानंद जी महाराज को संगठन का झारखंड प्रदेश संरक्षक नियुक्त करते हुए कहा गया है कि महाराज जी के संगठन से जुड़ने पर उनका मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद मिलता रहेगा और संगठन को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर स्वामी दिव्यानंद महाराज जी ने संगठन के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा...'आप सबों ने जो मेरे ऊपर विश्वास



जताया है, मैं उसके प्रति आभारी हूं। संगठन के साथ हमेशा रहूंगा, अपने विवेक के अनुसार तथा अपने ज्ञान की क्षमता के अनुसार यथासम्भव मार्गदर्शन करता रहूंगा।' स्वामी जी ने कहा, 'एक स्वर्णकार तो जन्म से ही मूलतः यानी बाय डिफॉल्ट शिल्पी होता है। क्रिएशन ; यानी सृजनात्मक क्षमता कण-कण में बसी होती है। साथ ही, स्वर्णकार समाज का देश के प्रति अर्थव्यवस्था में हमेशा सक्रिय और सकारात्मक भूमिका रहा है। ऐसे समाज का मैं हर्षपूर्वक साथ निभाने का वादा करता हूं।'

---

## मधुकम खादगढ़ा जमीन विवाद में पीड़ित परिवारों से मिले हरिनाथ साहू

- हाईकोर्ट के फैसले के बाद लोकहित अधिकार पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल प्रभावित परिवारों को न्यायिक लड़ाई में मिली जीत के लिए दी बधाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के मधुकम स्थित सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित दखल-दिहानी मामले में झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले के बाद लोकहित अधिकार पार्टी के नेताओं ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी तथा न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि लगभग छह माह पूर्व स्थानीय प्रशासन ने खतियानधारी महादेव उरांव के पक्ष में दखल-दिहानी की कार्रवाई करते हुए वर्षों से रह रहे कई परिवारों के मकान एवं दुकानों पर बुलडोजर चलाया था। इसके बाद प्रभावित परिवारों ने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए झारखंड उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के उपरांत उच्च न्यायालय ने पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान करते हुए महादेव उरांव को प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक-एक लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया। न्यायालय ने एकपक्षीय कार्रवाई को लेकर स्थानीय प्रशासन पर भी टिप्पणी की तथा अपने आदेश में संबंधित तथ्यों पर स्पष्ट निर्देश दिए।



लोकहित अधिकार पार्टी ने कहा कि बुलडोजर कार्रवाई के दौरान भी पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी रही और न्याय की मांग को लेकर लगातार आवाज उठाती रही। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने उस समय प्रभावित परिवारों को कानूनी लड़ाई लड़ने तथा उच्च न्यायालय में अपना पक्ष प्रभावी ढंग से रखने का सुझाव दिया था। उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महासचिव प्रमोद प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ नेता कपिल साहू, नंदकिशोर साहू, सरिता देवी, गायत्री देवी, अंशु कुमार, रवि कुमार, प्रदीप साहू सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय सामाजिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पीड़ित परिवार के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर हरिनाथ साहू ने झारखंड उच्च न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला केवल मधुकम के पीड़ित परिवारों की जीत नहीं, बल्कि न्याय और कानून के शासन की भी जीत है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय भविष्य में आदिवासी भूमि से जुड़े विवादों में कानूनसम्मत प्रक्रिया को मजबूती देगा तथा किसी भी प्रकार की एकपक्षीय कार्रवाई और अनावश्यक विवादों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में बिना विधिसम्मत प्रक्रिया के किसी भी परिवार के मकान या दुकान को ध्वस्त करने जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

---

## छात्रों के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष मिल कर करें समाधान : सुजीत कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** गैर सरकारी संगठन जनकल्याण समर्पण संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने झारखंड में जेपीएससी (जेपीएससी) और जेएसएससी ( जेएसएससी ) से जुड़े मामलों को लेकर छात्रों द्वारा किए जा रहे आंदोलन पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य से जुड़े इस गंभीर विषय पर सत्ता पक्ष और विपक्ष को राजनीतिक लाभ-हानि से ऊपर उठकर एकजुट होकर समाधान निकालना चाहिए। सुजीत कुमार ने कहा कि भाजपा, झामुमो, कांग्रेस, आजसू और राजद सहित सभी प्रमुख राजनीतिक दलों को छात्रों के हित में ठोस और सकारात्मक पहल करनी चाहिए। उनका कहना है कि युवाओं और छात्रों की समस्याओं को राजनीतिक मुद्दा बनाने के बजाय सभी दलों को साझा जिम्मेदारी निभाते हुए स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज झारखंड के हजारों छात्र नियुक्ति प्रक्रियाओं में देरी, परीक्षा संबंधी विवाद और अनिश्चितता के कारण मानसिक, आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से छात्रों का कोई भला नहीं होगा। राज्य के भविष्य को संवारने के लिए आवश्यक है कि सभी दल मिलकर छात्रों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करें और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। सुजीत कुमार ने कहा कि झारखंड में छात्रों की वर्तमान स्थिति के लिए केवल छात्रों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि वर्षों से सत्ता में रही विभिन्न राजनीतिक पार्टियों की नीतियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के कारण ही ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं। इसलिए अब सभी दलों का नैतिक दायित्व बनता है कि वे अपनी राजनीतिक मतभेदों को किनारे रखकर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए संयुक्त पहल करें। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जेपीएससी और जेएसएससी से जुड़े लंबित मामलों का पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन किया जाए, ताकि छात्रों का विश्वास बहाल हो सके। साथ ही विपक्ष से भी अपील की कि वह केवल विरोध की राजनीति करने के बजाय रचनात्मक सुझाव देकर सरकार के साथ मिलकर समाधान की दिशा में काम करे। सुजीत कुमार ने कहा कि छात्र किसी राजनीतिक दल के नहीं, बल्कि पूरे राज्य की अमूल्य संपत्ति हैं। उनके भविष्य के साथ किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए। यदि सत्ता पक्ष और विपक्ष मिलकर इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें तो छात्रों की अधिकांश समस्याओं का समाधान संभव है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से सकारात्मक राजनीति की शुरुआत करने और युवाओं के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

---

## सावन की कलश यात्रा में अभाविप ने लगाया सेवा शिविर, शिवभक्तों को पिलाया शर्बत और पेयजल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** सावन माह के अवसर पर रविवार को गोला के बी.एस. रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), गोला इकाई की ओर से शीतल शर्बत एवं शुद्ध पेयजल सेवा शिविर लगाया गया। कलश यात्रा मार्ग पर आयोजित सेवा शिविर में परिषद के कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव के साथ हजारों महिला एवं पुरुष शिवभक्तों के बीच ठंडा शर्बत और पेयजल का वितरण किया। उमस भरी गर्मी के बीच श्रद्धालुओं को इस सेवा शिविर से काफी राहत मिली। एबीवीपी के इस जनसेवा कार्य की स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने सराहना की। सेवा शिविर के संचालन में एबीवीपी के नगर मंत्री नैतिक पोद्दार एवं नगर सह मंत्री रोशन कुमार सिंह की सक्रिय भूमिका रही। वहीं विक्की स्वर्णकार, प्रिंस पोद्दार, समीर पोद्दार, रोशन पोद्दार, दीपू पोद्दार, आयुष पोद्दार, कुंदन कुमार सहित संगठन के कई कार्यकर्ताओं ने पूरे समर्पण के साथ शिवभक्तों की सेवा कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

---

## सरना सनातन समिति की हुई एक दिवसीय बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** लापुंग प्रखंड के लालगंज शिव मंदिर व काली मंदिर परिसर में रविवार को सरना सनातन समिति की एक दिवसीय बैठक गंगा साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बड़ी संख्या में समिति के सदस्य व ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान पबिरा गांव के आधा दर्जन से अधिक किसानों की जमीन कथित रूप से जबरन जमीन जोते जाने तथा विधवा राधिका देवी, पत्नी स्व. हरखनाथ साहू, के लिए स्वीकृत अर्द्ध निर्मित प्रधानमंत्री आवास को गांव के दबंगों द्वारा ध्वस्त किए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पीड़ित किसानों ने थाना और प्रखंड कार्यालय में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना था कि प्रशासन ने शिकायतों को गंभीरता से लेने के बजाय उपेक्षित कर दिया, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि शिकायतों पर कार्रवाई के बजाय उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। समिति ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई, किसानों की भूमि की सुरक्षा, क्षतिग्रस्त प्रधानमंत्री आवास के पुनर्निर्माण तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि क्षेत्र का माहौल बिगड़ने से कई परिवार पलायन के लिए मजबूर हैं और सामाजिक कार्यक्रम, विशेषकर शादी-विवाह, भी प्रभावित हो रहे हैं। समिति ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो ग्रामीणों के द्वारा चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

---

### उप स्वास्थ्य केन्द्र सीरु में वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र बुधबाजार सीरु परिसर में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष, कांग्रेस प्रवक्ता एवं जिला मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर दर्जनों छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं देता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण की नींव भी तैयार करता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जन्मदिन, विवाह, वर्षगांठ एवं अन्य सभी शुभ अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएँ और उसकी देखभाल भी करें। पौधारोपण तभी सफल माना जाएगा जब लगाए गए पौधे वृक्ष बनकर समाज और प्रकृति की सेवा करें। मौके पर युगलकिशोर महतो, सपूत कुमार, विनोद कुमार, बबलू कुमार, शिशुपाल कुमार, बिरसा कुमार, सुमित कुमार आदि मौजूद थे।

---

### तैयारियों को लेकर मातृशक्ति की बैठक सम्पन्न

## श्रावण के प्रथम सोमवार पर ओरमांझी में निकलेगी भव्य जल कलश कांवड़ यात्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक एवं भव्य जल कलश कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को दुर्गा महादेव मंदिर, ओरमांझी परिसर में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी ने सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में जल कलश यात्रा के संचालन, श्रद्धालुओं के स्वागत, पूजा-अर्चना, अरघा के माध्यम से जलाभिषेक, प्रसाद वितरण, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं मातृशक्ति की जिम्मेदारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पूजा समिति के सचिव सह मुखिया दीपक बड़ाईक ने कहा कि श्रावण मास का प्रथम सोमवार शिवभक्तों की आस्था का विशेष पर्व है। आयोजन में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना समिति की प्राथमिकता है और सभी के सहयोग से इस वर्ष का जलाभिषेक कार्यक्रम भव्य एवं अनुशासित ढंग से संपन्न होगा। युवा समाजसेवी शशि मेहता ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी से प्रत्येक आयोजन दिव्य एवं सफल बनता है। उन्होंने सभी शिवभक्तों से 3 अगस्त को आयोजित जल कलश कांवड़ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने और सनातन संस्कृति की इस परंपरा को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में पूजा समिति के अध्यक्ष रामकुमार महतो, सचिव सह मुखिया दीपक बड़ाइक, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, उपाध्यक्ष कुलदीप तिवारी, संतोष कुशवाहा, उप सचिव सह महावीर मंदिर अध्यक्ष आनंद महतो, युवा समाजसेवी शशि मेहता, मीडिया प्रभारी रूपेश साहू, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार, पंचायत समिति सदस्य ललिता मेहता, पूर्व मुखिया मीणा देवी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

### 31 जोड़ों के रुद्राभिषेक और पहली भजन जैमिंग संध्या ने रचा इतिहास

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठी रांची

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सावन माह की पावन बेला में रविवार को डंगराटोली स्थित स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल शिवभक्ति का ऐसा केंद्र बन गया, जहां आस्था, अध्यात्म और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा आयोजित भव्य रुद्राभिषेक एवं रांची की पहली भजन जैमिंग संध्या ने शहर के धार्मिक आयोजनों में एक नया अध्याय जोड़ दिया। सुबह 8 बजे से शुरू हुए इस महाआयोजन में 31 दंपतियों ने महाराष्ट्र के नासिक से आए विद्वान वैदिक आचार्यों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान



भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया। जैसे ही सभी दंपतियों ने एक साथ ॐ नमः शिवाय के मंत्रों के साथ जलाभिषेक किया, पूरा सभागार शिवमय हो उठा। घंटियों, शंखनाद और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजित महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु एक साथ भगवान शिव की आराधना में लीन दिखाई दिए। आरती की दिव्य छटा और दीपों की रोशनी ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक आभा से आलोकित कर दिया। संध्या 7 बजे जैसे ही रांची की पहली भजन जैमिंग संध्या का आगाज हुआ, पूरा सभागार तालियों और जयघोष से गूंज उठा। केशवम् डिवोशनल रॉक बैंड की मधुर प्रस्तुतियों, शिव स्तुति और भक्तिमय भजनों ने ऐसा "समां बांधा कि श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। आधुनिक संगीत और पारंपरिक भजनों के इस अद्भुत संगम ने युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि रांची में इस तरह का भव्य और दिव्य आयोजन पहली बार देखने को मिला। कई लोगों ने इसे सावन का सबसे यादगार और ऐतिहासिक आयोजन बताया।

---

## दिशोम गुरु की प्रथम पुण्यतिथि को लेकर युद्धस्तर पर हो रहीं अंतिम चरण की तैयारियां

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर बरलंगा थाना क्षेत्र के लुकैया स्थित सोना सोबरन प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। वहीं गुरु जी की 14 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा स्थापित करने को अंतिम स्वरूप दिया जा रहा है। प्रतिमा स्थल को आकर्षक और भव्य बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य जारी है, ताकि श्रद्धांजलि अर्पित करने आने वाले लोगों को गुरुजी के संघर्षमय जीवन की प्रेरणा का सजीव एहसास हो सके।

**10 हजार लोगों के लिए विशाल वाटरप्रूफ पंडाल, श्रद्धांजलि**



**सभा बनेगी ऐतिहासिक**

लुकैया स्थित कार्यक्रम स्थल पर लगभग दस हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाला विशाल वाटरप्रूफ पंडाल तैयार किया जा रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाले समर्थकों और श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल, प्रकाश, सुरक्षा, चिकित्सा तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की जा रही है। आयोजन समिति का लक्ष्य है कि प्रत्येक आगंतुक सम्मानपूर्वक कार्यक्रम में सहभागी बन सके।

**दुल्हन की तरह सज रहा नेमरा सहित कार्यक्रम स्थल, रोशनी से जगमगायेगा पूरा इलाका**

श्रद्धांजलि समारोह को अविस्मरणीय बनाने के लिए कार्यक्रम स्थल सहित आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, रंग-रोगन, डेंटिंग-पेंटिंग और आकर्षक विद्युत सज्जा का कार्य तेजी से चल रहा है। शाम ढलते ही पूरा परिसर रोशनी से आलोकित दिखाई देगा। आयोजकों का प्रयास है कि यहां पहुंचने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस ऐतिहासिक आयोजन की गरिमा और भव्यता को महसूस कर सके तथा इसका गवाह बने।

**हर व्यवस्था पर प्रशासन की पैनी नजर, लगातार हो रहा स्थल निरीक्षण**

रामगढ़ जिला प्रशासन कार्यक्रम की प्रत्येक व्यवस्था पर लगातार निगरानी बनाए हुए है। अधिकारी प्रतिदिन कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा तथा भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। उद्देश्य यही है कि लाखों भावनाओं से जुड़े इस आयोजन में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।


---

### जेपीएससी-जेएसएससी नियुक्ति घोटालों पर संजय सेठ का बयान

# अविलम्ब इस मामले को सीबीआई को सौंपे सरकार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची/नयी दिल्ली :** झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी के माध्यम से हुई नियुक्तियों में लगातार सामने आ रही कथित अनियमितताओं और नए-नए खुलासों पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रियाओं में गड़बड़ी के आरोपों ने झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ-साथ पूरे राज्य की प्रतिष्ठा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। संजय सेठ ने कहा कि पिछले कई दिनों से खरदउ और खरदउ की नियुक्तियों को लेकर लगातार चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। हर दिन अखबारों में नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े नए मामले प्रकाशित हो रहे हैं। इन घटनाओं ने हर झारखंडवासी को शर्मसार किया है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य सरकार पर इसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि खरदउ के माध्यम से हुई नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और कथित खरीद-फरोख्त के आरोप सामने आने के बाद राज्य सरकार ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की अनुशंसा की। लेकिन सवाल यह है कि जब जांच आगे बढ़ी और कुछ अधिकारियों ने पूरे मामले की निष्पक्षता एवं ईमानदारी से जांच करने का प्रयास किया, तो उनका तबादला क्यों कर दिया गया? खदरउ के मामले में भी ऐसे ही सवाल सामने आए हैं। श्री सेठ ने सवाल किया, जो अधिकारी भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने की कोशिश कर रहे थे, आखिर उनका तबादला क्यों किया गया? क्या सरकार नहीं चाहती कि नियुक्ति प्रक्रिया की सच्चाई सामने आए? उन्होंने कहा कि अब खरदउ के माध्यम से हुई महिला पर्यवेक्षक नियुक्ति को लेकर भी गंभीर सवाल सामने आए हैं। मीडिया में प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार तीन दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता और डिग्री से जुड़े तथ्य प्रथम दृष्टया कई सवाल खड़े करते हैं। बताया जा रहा है कि इन अभ्यर्थियों ने एक ही विश्वविद्यालय से, एक ही अवधि में और एक ही विषय में स्नातक किया है।




# ताइपे ओपन की चैम्पियन बनीं तन्वी

एजेंसी

**ताइपे (ताइवान) :** भारत की 17 वर्षीय उभरती बैडमिंटन स्टार तन्वी शर्मा ने ताइपे ओपन सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। रविवार को खेले गए फाइनल में तन्वी ने वियतनाम की थुई लिन्ह गुयेन को सीधे गेमों में 21-16, 21-16 से हराकर अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम किया। महज 36 मिनट तक चले मुकाबले में तन्वी ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और अनुभवी वियतनामी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। इस शानदार जीत के साथ उन्होंने अपने करियर की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की। पिछले साल यूएस ओपन सुपर-300 में उपविजेता रहीं तन्वी ने इस बार खिताब जीतकर साबित कर दिया कि वह भारतीय बैडमिंटन की अगली बड़ी स्टार बनने की राह पर हैं। उनके खेल में लगातार आक्रामकता और निरंतरता साफ दिखायी दी। भारतीय बैडमिंटन संघ (बाएआई) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तन्वी की उपलब्धि की सराहना करते हुए लिखा, 17 साल की उम्र... रिकॉर्ड तोड़ने वाली... चैंपियन! तन्वी शर्मा ने ताइपे ओपन 2026 जीतकर टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे युवा चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। साथ ही वह सुपर-300+ खिताब जीतने वाली भारत की चौथी महिला एकल खिलाड़ी भी बन गई हैं। तन्वी ने फाइनल में पहुंचने से पहले सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन को 21-17, 21-11 से हराया था। तन्वी शर्मा की यह ऐतिहासिक जीत भारतीय बैडमिंटन के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है और आने वाले वर्षों में उनसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।




## ताइपे ओपन चैम्पियन तन्वी शर्मा को पीवी सिंधु ने दी बधाई, बोलीं...'मुझे तुम पर गर्व है'



**नयी दिल्ली :** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने ताइपे ओपन सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीतने वाली 17 वर्षीय तन्वी शर्मा को बधाई दी। सिंधु ने कहा कि यह तो बस शुरूआत है और मेहनत करती रहो। मुझे तुम पर गर्व है। तन्वी शर्मा ने रविवार को ताइपे ओपन सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में वियतनाम की थुई लिन्ह गुयेन को 21-16, 21-16 से हराकर अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीता। यह उनके करियर की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। युवा खिलाड़ी को बधाई देते हुए पीवी सिंधु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'मुझे इस लड़की पर बेहद गर्व है। मैं कई वर्षों से कहती आ रही हूं कि तन्वी में एक बेहद खास खिलाड़ी बनने के सभी गुण हैं। प्रतिभा, शानदार शॉट्स खेलने की क्षमता और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का सामना करने का साहस, उसमें सब कुछ है।' सिंधु ने आगे कहा कि उसे केवल थोड़ी और स्थिरता और अनुभव की जरूरत थी और यह देखकर बहुत खुशी होती है कि अब वह सब उसके खेल में दिखाई दे रहा है। तन्वी, यह तो सिर्फ शुरूआत है। मेहनत करती रहो, खुद पर विश्वास बनाए रखो और हमेशा बेहतर बनने की भूख बनाए रखो। तुम जैसे खिलाड़ियों के साथ भारतीय बैडमिंटन का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। मुझे तुम पर बहुत गर्व है।

## एक झलक

### आठ मैचों के एक्सपोजर टूर के लिए बेंगलुरु पहुंची मलेशिया अंडर-21 पुरुष हॉकी टीम

**नयी दिल्ली :** मलेशिया की अंडर-21 पुरुष हॉकी टीम आठ मैचों के एक्सपोजर टूर के लिए बेंगलुरु पहुंच गई है। यहां वे साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) नेताजी सुभाष दक्षिणी केंद्र में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के खिलाफ पांच मैच और साई टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेंगे। हॉकी इंडिया ने रविवार को जानकारी दी कि यह सीरीज आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए दोनों टीमों की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मलेशिया टीम के साथ भारतीय जूनियर पुरुष टीम 7 अगस्त, 08 अगस्त, 10 अगस्त, 12 अगस्त और 13 अगस्त खेलेगी। इसके अतिरिक्त मलेशियाई टीम 03 अगस्त, 05 अगस्त और 15 अगस्त को साई टीम से भिड़ेगी। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच फ्रेडरिक सोयेज ने कहा कि ये मैच एशिया कप के लिए महत्वपूर्ण तैयारी साबित होंगे। ये बेल्जियम दौरे के दौरान शुरू किए गए हमारे काम की निरंतरता का हिस्सा हैं, जहां हमने खेले गए मैचों में उल्लेखनीय प्रगति देखी। हमें उम्मीद है कि मलेशिया के खिलाफ यह सीरीज हमें बेल्जियम में किए गए प्रयासों और पिछले सप्ताह के प्रशिक्षण में किए गए सुधारों को मजबूत करते हुए उस प्रगति को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। यह एक्सपोजर टूर बेल्जियम में भारतीय जूनियर पुरुष टीम के सफल प्रशिक्षण और प्रतियोगिता चरण के बाद हो रहा है और आगामी जूनियर एशिया कप की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## ग्लासगो से लौटे भारतीय वेटलिफ्टर्स का भव्य स्वागत, मीराबाई चानू बोलीं

# देश के लिए पदक जीतना गर्व की बात

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल-2026 में शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने वाले भारतीय भारोत्तोलक (वेटलिफ्टर्स) खिलाड़ी रविवार को स्वदेश लौट आए। स्वर्ण पदक विजेता मीराबाई चानू समेत अन्य खिलाड़ियों का दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। भारतीय खिलाड़ियों के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में प्रशंसक पहले से मौजूद थे। जैसे ही खिलाड़ी बाहर आए, फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। लगातार तीसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली मीराबाई चानू ने मीडिया से बातचीत में कहा, मैं बहुत ज्यादा खुश हूं कि मैंने भारत के लिए पदक जीता है और मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं मणिपुर से हूं, इसलिए मुझे बहुत खुशी है कि मैंने अपने देश के लिए कुछ करके दिखाया है। मीराबाई चानू ने महिलाओं के 48 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 190 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। इसके साथ ही उन्होंने लगातार तीसरे राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने की उपलब्धि भी हासिल की। महिलाओं के 53 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतने वाली ज्ञानेश्वरी यादव ने कहा कि देश के लिए पदक जीतना उनके लिए बेहद गर्व और खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। महिलाओं के 69 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतने वाली हरजिंदर कौर ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि देश के लिए पदक जीतकर उन्हें बहुत गर्व महसूस हो रहा है। पुरुषों के 110 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में रजत पदक जीतने वाले लवप्रीत सिंह ने कहा कि वह अपने प्रदर्शन से खुश हैं, लेकिन अगली प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य के साथ और कड़ी मेहनत करेंगे। पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक विजेता ऋषिकांत सिंह ने भी अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है कि देश के लिए पदक लेकर आए हैं। राष्ट्रमंडल खेल-2026 में भारोत्तोलन में भारत ने एक स्वर्ण सहित आठ पदक जीते हैं। मीराबाई चानू ने महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। ज्ञानेश्वरी यादव और हरजिंदर कौर ने क्रमशः महिलाओं के 53 किलोग्राम और 69 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक हासिल किए, जबकि ऋषिकांता सिंह, राजा मुथुपंडी, वल्लूरी अजय बाबू और लवप्रीत सिंह ने भी क्रमशः पुरुषों के 60 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 79 किलोग्राम और 110 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में रजत पदक जीते।




## थाईलैंड ओपन कराटे में भाग लेने रेंशी सुनील किस्पोट्टा जायेंगे बैंकॉक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** 14 से 16 अगस्त तक थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में थाईलैंड कराटे फेडरेशन के तत्वाधान आयोजित थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है जिसमें भारतीय टीम कराटे इंडिया आर्गनाइजेशन के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए कराटे इंडिया आर्गनाइजेशन के ट्राइबल और माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन रेंशी सुनील किस्पोट्टा 12 अगस्त को थाईलैंड के लिए रवाना होंगे वो आधिकारिक रूप से इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे। रेंशी सुनील किस्पोट्टा कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत देश के कराटे खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। पिछले दिनों इंडोनेशिया के बाली में आयोजित एशियन कराटे चैंपियनशिप में देश को हरियाणा के खिलाड़ी अलीशा ने स्वर्ण पदक दिलाया है।





स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में जारी राष्ट्रमण्डल खेलों में महिलाओं के वर्ग में एक मील फाइनल में जीत के बाद उत्साहित होती हुई काल्डवेल।

## अंशुमन ने पांच विकेट लेकर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को दिलायी जीत

**नयी दिल्ली :** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में 25 साल के युवा गेंदबाज अंशुमन हुड्डा ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ हुए रोमांचक मुकाबले में 4 विकेट से मिली जीत में अहम भूमिका निभाई। अंशुमन ने इस मैच में पांच विकेट लेकर विरोधी टीम की बल्लेबाजी ध्वस्त कर दी। अंशुमन ने केवल 3.1 ओवर में ही 24 रन देकर ईस्ट दिल्ली के पांच बल्लेबाजों को आउट किया। उनकी गेंदबाजी के सामने ईस्ट दिल्ली राइडर्स की टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और 18.1 ओवर में ही 165 रनों पर पेवेलियन लौट गयी। अंशुमन ने अपनी रफ्तार और सटीक लाइन-लेंथ से विपक्षी बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया।

## श्रीलंका में एक्स फैक्टर होंगे कुलदीप : दीप दासगुप्ता

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दीप दासगुप्ता ने स्पिनर कुलदीप यादव की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि श्रीलंका दौरे में स्पिनर कुलदीप यादव को शामिल किया जाना सही है। दासगुप्ता का मानना है कि श्रीलंका में कुलदीप कमाल का प्रदर्शन कर सकते हैं। 14 अगस्त से दो टेस्ट मैचों की एक सीरीज हो रही है। इसका पहला मैच 22 अगस्त से कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेला जाएगा। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) को देखते हुए ये सीरीज बेहद अहम है। इसका कारण है कि गॉल की पिचें स्पिन गेंदबाजों के लिए सहायक मानी जाती हैं। दीप दासगुप्ता ने कहा कि श्रीलंका दौरे के लिए जो टीम घोषित की गयी है। उसमें तेज गेंदबाजों की तुलना में स्पिनरों को अधिक प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने यहां तक कहा कि टीम चार स्पिनरों के साथ भी खेल सकती है, जैसा कि श्रीलंका में टेस्ट मैचों में पहले भी देखा गया है। उनके अनुसार, अतिरिक्त स्पिनर का होना बेहद जरूरी था और टीम का चयन उम्मीदों के अनुरूप रहा है। दासगुप्ता ने वाशिंगटन सुंदर को अपनी पहली पसंद बताया, लेकिन चोट के कारण उनके उपलब्ध न होने पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्हें कोई ऐसा नाम याद नहीं आता जिसे टीम में होना चाहिए था लेकिन मौका नहीं मिला। दासगुप्ता ने कहा कि अंतिम ग्यारह में निश्चित रूप से तीन स्पिनरों को शामिल रहना चाहिये। इसमें एक कुलदीप भी हैं। कुलदीप अभी इंग्लैंड में यॉर्कशायर की ओर से एकदिवसीय खेल रहे हों पर टेस्ट क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है। साल 2017 में डेब्यू करने के बाद से, उन्होंने सिर्फ 18 टेस्ट मैचों में 79 विकेट हासिल किए हैं, जिसमें पांच बार एक पारी में पांच या उससे अधिक विकेट लेने की उपलब्धि भी है।



# अमेरिकी ओपन के मिश्रित युगल में पहली बार उतरेगी जोकोविच-साबालेंका की जोड़ी



एजेंसी

**न्यूयार्क :** अमेरिका में इस माह के अंत में शुरू होने वाली यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट की मिश्रित युगल स्पर्धा इस साल और भी रोमांचक होगी। इसमें दुनिया के कई दिग्गज टेनिस सितारे एक साथ कोर्ट पर उतरने जा रहे हैं। इमसें सर्बिया के नोवाक जोकोविच और बेलारुस की महिला टेनिस स्टार आर्यना साबालेंका की जोड़ी है, जो पहली बार इस स्पर्धा में एक साथ खेलती नजर आएगी। जोकोविच और साबालेंका 25 अगस्त से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाली इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। टेनिस जगत इस जोड़ी को प्रतियोगिता की सबसे मजबूत जोड़ियों में से एक मान रहा है। पिछले वर्ष यूएस ओपन के मिश्रित युगल प्रारूप में बड़े बदलाव किए गए थे, जिसका उद्देश्य इसे अधिक आकर्षक बनाने और दुनिया के नामी एकल खिलाड़ियों को एक साथ खेलने के लिए प्रोत्साहित करना था। हालांकि इस बदलाव को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई थीं, पर इसका असर इस साल की स्टार-स्टडेड लाइनअप में साफ दिख रहा है। इस बार भी कई चर्चित जोड़ियां मैदान में उतरने को तैयार हैं। ब्रिटेन के जैक ड्रेपर और अमेरिका की जेसिका पेगुला, जो पिछले वर्ष सेमीफाइनल तक पहुंचे थे, एक बार फिर साथ खेलेंगे। पोलैंड की इगा स्वियातेक और नॉर्वे के कैस्पर रूड, जो पिछले साल उपविजेता रहे थे, भी अपनी साझेदारी को दोहरा रहे हैं। इनके अलावा, जापान की नाओमी ओसाका और केई निशिकोरी, अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और कजाकिस्तान की एलेना राइबाकिना, तथा रूस की मिर्रा आंद्रेयेवा और आंद्रेई रुबलेव ने भी साथ खेलने की इच्छा जताई है। इन जोड़ियों के मैदान में उतरने से प्रतियोगिता का स्तर और भी ऊंचा होने की उम्मीद है। हालांकि, कुछ बड़े नाम इस बार प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं होंगे। स्पेन के युवा स्टार कार्लोस अल्काराज अपनी कलाई की चोट से उबर रहे हैं, और उनकी वापसी की तारीख अभी तय नहीं हुई है। वहीं, हाल ही में विंबलडन का खिताब जीतने वाले यानिक सिनर ने अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए पहले कनाडाई ओपन से नाम वापस लिया था और अब उन्होंने यूएस ओपन मिश्रित युगल में भी भाग नहीं लेने का फैसला किया है। महिला टेनिस की दिग्गज खिलाड़ी सेरेना विलियम्स का नाम भी शुरूआती सूची में शामिल नहीं है। पिछले महीने विंबलडन में वापसी के बावजूद, घुटने की चोट के कारण वह अपनी बहन वीनस विलियम्स के साथ प्रस्तावित युगल मुकाबला नहीं खेल सकी थीं। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 17 अगस्त तक पूरी होगी। इसके बाद सर्वश्रेष्ठ संयुक्त एकल रैंकिंग वाली छह जोड़ियों को सीधे मुख्य दौर में जगह मिलेगी, आठ जोड़ियों को विशेष आमंत्रण मिलेगा, जबकि अंतिम दो स्थानों का फैसला 24 अगस्त को होने वाले क्वालीफिकेशन मुकाबलों से होगा।

## राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण हासिल नहीं कर पाये बेरवाल, बोले

# एशियाई खेलों में प्रयास करेंगे

एजेंसी

**ग्लासगो :** भारतीय मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल ने राष्ट्रमण्डल खेलों में 90 किलो से अधिक के वर्ग में रजत पदक जीता है। नरेंद्र ने कहा कहा कि अब उनका लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना रहेगा बेरवाल ने पुरुषों के 90 किलो से अधिक वजन वर्ग में रजत पदक जीता पर वह स्वर्ण नहीं जीत पाये। उन्हें फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड केमुक्केबाज डैमर थॉमस के खिलाफ 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। बेरवाल इससे निराश दिखे। इसके साथ ही उन्होंने भविष्य के लिए एक मजबूत संकल्प भी जताया। उन्होंने कहा, मैं बहुत कम अंतर से स्वर्ण नहीं जीत पाया। से चूक गया, मैंने अपनी पूरी ताकत लगायी थी। इंग्लैंड के खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला काफी कठिन था। मुझे स्वर्ण पदक न जीत पाने का दुख है पर मैं इस कमी को अगले एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर पूरा करने के प्रयास करूंगा। बेरवाल की ये बातें उनकी दृढ़ता और अगले बड़े लक्ष्य के प्रति उनके समर्पण को दशार्ती हैं। बेरवाल ने भारतीय मुक्केबाजी दल के समग्र प्रदर्शन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कई भारतीय मुक्केबाज बेहद करीबी मुकाबलों में हार गए, जो थोड़ी निराशाजनक बात थी। बेरवाल के अनुसार, सुमित कुंडू, आदित्य यादव, परवीन हुड्डा और कपिल पोखरिया जैसे खिलाड़ी 3-2 के बेहद करीबी अंतर से हारे। यदि ये मुकाबले हमारे पक्ष में जाते, तो भारत कुल 14 में से 14 पदक जीत सकता था।



## विश्व फुटबॉल में घमसान जारी, फीफा और यूईएफए आमने-सामने आये

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लंदन :** विश्व फुटबॉल में विवाद गहरा गया है। वैश्विक संस्था फीफा और यूरोपीय फुटबॉल महासंघ (यूईएफए) आमने-सामने आ गये हैं। उसके सदस्य देशों ने कड़ा रुख अपना लिया है। स्थिति इतनी गंभीर है कि यूईएफए अपने 55 सदस्य फुटबॉल संघों की आपात बैठक बुलाने की तैयारी में है, जिसमें भविष्य के विश्व कप के संभावित बहिष्कार जैसे गंभीर विकल्पों पर चर्चा हो सकती है। इस विवाद का कारण फीफा की वह योजना है जिसके तहत वह अपनी एक नई इकाई फीफा फॉरवर्ड एंटरप्राइज में अल्पांश हिस्सेदारी बाहरी निवेशकों को बेचने की योजना बना रहा है। इस इकाई के पास पुरुष और महिला विश्व कप सहित फीफा की सभी प्रमुख प्रतियोगिताओं के व्यावसायिक और आयोजन संबंधी अधिकार होंगे। रिपोर्टों के अनुसार, फीफा इस पहल से लगभग 4.2 अरब डॉलर जुटाना चाहता है, जबकि इस इकाई का प्रारंभिक मूल्यांकन 20 अरब डॉलर आंका गया है। इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए फीफा ने वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी जे. पी. मॉर्गन की सेवाएं ली हैं, और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जारेड कुशनर के भाई जोशुआ कुशनर की निवेश कंपनी थ्राइव इटरनल का नाम संभावित निवेशकों में सामने आया है।




## भारतीय टीम नौवी बार श्रीलंका में द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज खेलेगी

# 12 खिलाड़ी पहली बार श्रीलंका में टेस्ट खेलेंगे

एजेंसी

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट टीम अगले माह 15 अगस्त से श्रीलंका में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। 9 साल के बाद भारतीय टेस्ट टीम एक बार फिर श्रीलंका में खेलती दिखेगी। भारतीय टीम को ये दौरा 9वां द्विपक्षीय टेस्ट दौरा होगा। अगर पिछले तीन दशक के इतिहास पर नजर डालें, तो साल 1985 से 2017 तक भारतीय टीम ने श्रीलंका में कुल 24 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान भारत ने 9 जीत दर्ज की हैं, 7 में उसे हार मिली और 8 मुकाबले ड्रॉ रहे। हालांकि, पिछले कुछ सालों से भारत का पलड़ा भारी रहा है और टीम ने श्रीलंकाई मैदानों पर अपने पिछले पांचों टेस्ट मैच जीते हैं। इस बार भारतीय टीम के 15 सदस्यीय दल में से 12 खिलाड़ी ऐसे हैं जो पहली बार श्रीलंका में टेस्ट मैच खेलने उतरेंगे। इसमें कप्तान शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने भले ही बाकी जगहों पर कई रिकार्ड बनाये हों पर श्रीलंका में टर्निंग विकेट पर स्पिनरों के सामने इनकी असल परीक्षा होगी। गौरतलब है कि भारतीय टीम ने पहली बार 1985 में कपिल देव की कप्तानी में श्रीलंका का दौरा किया, जहां उसे सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। 1993 में, भारत को श्रीलंका की धरती पर अपनी पहली टेस्ट जीत मिली, लेकिन सीरीज बराबरी पर समाप्त हुई। इसके बाद 1997, 1999 और 2001 में भी भारतीय टीम को खास सफलता नहीं मिली और या तो सीरीज ड्रॉ रही या भारत को हार झेलनी पड़ी। 2008 का दौरा अजंता मेंडिस की रहस्यमी स्पिन के लिए याद किया जाता है, जिसने भारतीय बल्लेबाजों को खासा परेशान किया था, और भारत को सीरीज गंवानी पड़ी। 2010 में रोमांचक सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही। हालांकि, 2015 का श्रीलंका दौरा भारतीय क्रिकेट इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। गॉल में 63 रनों की हार श्रीलंका की धरती पर टेस्ट मैचों में भारत की आखिरी हार थी। उस हार के बाद, विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम ने वापसी की और अगले दोनों टेस्ट जीतकर 2-1 से ऐतिहासिक सीरीज अपने नाम की। 2017 में भारत ने श्रीलंकाई टीम का पूरी तरह सफाया कर दिया।



## एक झलक

### जुलाई में देश का कोयला उत्पादन 7.51 प्रतिशत बढ़ा आवंटन में 17.34 प्रतिशत वृद्धि

**नयी दिल्ली :** देश में जुलाई के दौरान कोयला उत्पादन में 7.51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल उत्पादन 69 करोड़ 75 लाख टन (अनंतिम) रहा, जबकि जुलाई 2025 में यह 64 करोड़ 88 लाख टन था। इसी महीने कोयला आवंटन में भी उल्लेखनीय 17.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 86 करोड़ 33 लाख टन (अनंतिम) तक पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष जुलाई में यह 73 करोड़ 57 लाख टन था। कोयला मंत्रालय ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 में जुलाई तक का संचयी उत्पादन 302 करोड़ 24 लाख टन (अनंतिम) रहा, जबकि संचयी आवंटन 354 करोड़ 70 लाख टन (अनंतिम) दर्ज किया गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 5.87 प्रतिशत अधिक है। कोल इंडिया लिमिटेड ने जुलाई में 50 करोड़ 35 लाख टन (अनंतिम) उत्पादन किया, जो जुलाई 2025 की तुलना में 8.42 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने जुलाई 2026 में 63 करोड़ 67 लाख टन (अनंतिम) कोयला प्रेषित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17.43 प्रतिशत अधिक है। संचयी आवंटन में भी 6.81 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक आज से, रेपो रेट यथावत रहने की सम्भावना

**नयी दिल्ली :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक 3 अगस्त से शुरू होकर पांच अगस्त तक चलेगी। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में होने वाली बैठक के निर्णय की जानकारी संजय मल्होत्रा 5 अगस्त को देंगे। आर्थिक मामलों के जानकारों ने रविवार को बताया कि आरबीआई पश्चिम एशिया संकट और महंगाई के जोखिमों को देखते हुए इस बार भी अपने नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा और उसे 5.25 फीसदी पर यथावत (अपरिवर्तित) रख सकता है। केंद्रीय बैंक ने वृद्धि दर को बढ़ावा देने के लिए पिछले साल नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को 1.25 फीसदी की कटौती की थी। आरबीआई वर्तमान रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर स्थिर रखा है।

### रोल्टा इंडिया समाधान योजना को एनसीएलएटी से हरी झंडी दूरसंचार विभाग की चुनौती खारिज

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने कर्ज में डूबी रोल्टा इंडिया लिमिटेड की समाधान योजना को चुनौती देने वाली दूरसंचार विभाग (डीओटी) की याचिका खारिज कर दी है। न्यायाधिकरण ने स्पष्ट किया कि समाधान योजना को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है और उसका क्रियान्वयन भी पूरा हो चुका है, ऐसे में इस स्तर पर इसमें हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा। डीओटी ने रोल्टा इंडिया पर समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) से संबंधित 469.09 करोड़ रुपए के बकाया लाइसेंस शुल्क का दावा करते हुए एनसीएलटी द्वारा मंजूर समाधान योजना को चुनौती दी थी। यह योजना एशडन प्रॉपर्टीज ने 900 करोड़ रुपए में पेश की थी। डीओटी का तर्क था कि समाधान योजना में सरकारी और वैधानिक संस्थाओं के साथ उचित व्यवहार नहीं किया गया।

# 09 कम्पनियों के मार्केट कैप में 2.51 लाख करोड़ की बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल नौ कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई, जबकि एक कंपनी के मार्केट कैप में गिरावट दर्ज की गई। देश में मार्केट कैप के मामले में शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से नौ के मार्केट कैप में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद 2.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक फायदा बजाज फाइनेंस को हुआ, जबकि मार्केट कैप में बढ़ोतरी के मामले में दूसरा स्थान भारती एयरटेल ने



हासिल किया। दूसरी ओर, टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल सिर्फ एक कंपनी के मार्केट कैप में पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गयी। पिछले सप्ताह के पांच में से चार कारोबारी दिनों के दौरान उत्साह के साथ हुए कारोबार के बावजूद मार्केट कैप में गिरावट का सामना करने वाली एकमात्र कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर रही। सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और आईसीआईसीआई बैंक के मार्केट कैप में 2,51,228.75 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 10,326.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गयी। पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 80,345.97 करोड़ रुपये बढ़ कर 7,10,817.51 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

## त्योहारी मांग के बीच किसानों की कम आवक से तेल-तिलहनों के दाम मजबूत

**नयी दिल्ली :** देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह सभी खाद्य तेलों और तिलहनों के दाम में मजबूती दर्ज की गई। आगामी त्योहारों की मांग में तेजी और किसानों द्वारा फसल की आवक घटने से कीमतों में उछाल आया है। फिलहाल घरेलू बिनौला, सरसों और मूंगफली तेल आयातित तेलों की तुलना में महंगे बिक रहे हैं। बाजार सूत्रों के अनुसार, किसान पहले ही ऊंचे दाम का लाभ ले चुके हैं और अब मौजूदा, हालांकि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से ऊपर, कीमतों पर अपनी उपज (बिनौला, सोयाबीन, सरसों) बेचने से कतरा रहे हैं, जिससे आवक प्रभावित हुई है। त्योहारों की बढ़ती मांग ने भी इस स्थिति को और मजबूत किया है। सूत्रों ने सरकार से खाद्य तेलों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को नियंत्रित और व्यवस्थित करने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि इसमें मनमाने ढंग से हेरफेर होता है। उदाहरण के लिए, थोक में सरसों और मूंगफली तेल का दाम लगभग 170 रुपये प्रति किलोग्राम है, लेकिन खुदरा में मूंगफली तेल काफी महंगा मिलता है। सूत्रों के अनुसार, सरसों तेल का एमआरपी 180-185 रुपये प्रति लीटर से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, आयातकों की वित्तीय तंगी के कारण लागत से नीचे दामों पर बिकवाली भी एक बड़ी समस्या है। विशेषज्ञों ने सरसों की बढ़ती मांग के मद्देनजर सरकार को अक्टूबर में आने वाली सोयाबीन और मूंगफली का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने की सलाह दी है। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 125 रुपये के सुधार के साथ 8,250-8,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों तेल दादरी 100 रुपये के सुधार के साथ 16,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी ओर सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल क्रमशः 15-15 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,720-2,820 रुपये और 2,720-2,870 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। सोयाबीन दाना और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 7,525-7,575 रुपये और 7,375-7,475 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

### मारुति ने जुलाई में रिकॉर्ड वाहन उत्पादन दर्ज किया, 2.48 इकाई के पार पहुंचा आंकड़ा

**नयी दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने जुलाई में अपना रिकॉर्ड मासिक उत्पादन दर्ज किया है। जुलाई में कंपनी ने 2,48,845 वाहनों का उत्पादन किया, जो पिछले साल के इसी महीने के आंकड़े 1,87,073 इकाई के मुकाबले 33 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का इससे पहले का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड मार्च, 2026 में बना था, जब उसने 2,31,933 वाहनों का विनिर्माण किया था। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने बताया कि रिकॉर्ड उत्पादन के बावजूद डीलर नेटवर्क में वाहन का स्टॉक सामान्य स्तर से काफी कम है। जुलाई में कंपनी की खुदरा बिक्री 1.78 लाख इकाई रही। उन्होंने कहा कि डीलर नेटवर्क में मौजूदा स्टॉक करीब 16 दिन का है, जबकि उद्योग का औसत लगभग 30 दिन का रहता है।

## जुलाई माह में बायर की भूमिका में लौटे विदेशी निवेशक, स्टॉक मार्केट में किया 20,199 करोड़ का निवेश

**नयी दिल्ली :** साल 2026 में ज्यादातर समय तक बिकवाल (सेलर) की भूमिका में बने रहने के बाद जुलाई में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) लिवाल (बायर) की भूमिका में बने रहे। जुलाई के पहले लगातार चार महीने यानी जून, मई, अप्रैल और मार्च में एफपीआई घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली कर अपना पैसा निकालने में लगे हुए थे। लेकिन, इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बिकवाली की तुलना में लिवाली अधिक की। इस महीने के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध निवेश किया।




एक जुलाई से 31 जुलाई के बीच के 23 कारोबारी दिन के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इक्विटी की लिवाली और बिकवाली मिला कर स्टॉक मार्केट में शुद्ध 20,199 करोड़ रुपये का निवेश किया। माना जा रहा है कि भारत में बेहतर होते घरेलू आर्थिक संकेतकों, रुपये की स्थिरता और वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की बढ़ती धारणा से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के बीच भारतीय बाजार में खरीदारी का यह रुझान देखने को मिला है। साल 2026 में जुलाई में हुई खरीदारी के पहले सिर्फ फरवरी में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक खरीदार की भूमिका में नजर आए थे। फरवरी में एफपीआई ने कुल 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार जुलाई के पहले जून के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 49,340 करोड़ रुपये की निकासी की थी। अगर साल की शुरुआत से ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लिवाली और बिकवाली के आंकड़े की बात करें तो जनवरी के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 35,962 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। फरवरी में एफपीआई ने बिकवाली की जगह लिवाली पर जोर दिया। इस महीने इन्होंने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया। मार्च में एक बार फिर स्थिति बदल गई। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने स्टॉक मार्केट में लगातार चौतरफा बिकवाली कर रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी की। अप्रैल में भी एफपीआई की ओर से हो रही बिकवाली का सिलसिला जारी रहा। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 60,847 करोड़ रुपये के शेयर बेच डाले।

## घरेलू सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना चांदी के भाव में दिखी सांकेतिक तेजी

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दो दिन तक तेजी दिखाने के बाद सोने की कीमत में आज कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इसके विपरीत चांदी के भाव में आज सांकेतिक तेजी नजर आ रही है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में सोना आज 360 रुपये प्रति 10 ग्राम लेकर 390 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली तेजी नजर आ रही है। कीमत में हुए बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,44,220 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,32,200 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,32,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में सांकेतिक तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाये, तो लगातार उठापटक होने के कारण सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में कमजोरी आई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना 700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक नीचे आ गया। इसी तरह 22 कैरेट सोने के भाव में साप्ताहिक आधार पर 750 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई। चांदी भी उतार-चढ़ाव के बावजूद पिछले सप्ताह के कारोबार में सस्ता हो गया। कीमत में आई गिरावट के कारण चांदी का भाव साप्ताहिक आधार पर पांच हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक फिसल गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,44,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गयी है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,44,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आवास ऋण पर ब्याज दर घटा कर किया सात प्रतिशत

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए अपने आवास ऋण पर ब्याज दरों में कटौती की है। बैंक ने एक सीमित अवधि की विशेष पेशकश मानसून धमाका के तहत होम लोन की ब्याज दर को 7.1 प्रतिशत से घटाकर अब मात्र 7 प्रतिशत कर दिया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा जारी बयान के अनुसार, इस योजना में केवल कम ब्याज दर ही नहीं, बल्कि ग्राहकों को प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेजीकरण शुल्क से भी पूरी छूट दी जाएगी। बैंक ने कहा कि इस विशेष पेशकश का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें अपने घर के सपने को पूरा करने में सहायता देना है। बैंक का दावा है कि आवास ऋण पर 7 प्रतिशत और वाहन कर्ज पर 7.45 प्रतिशत की उनकी ब्याज दरें उद्योग में सबसे प्रतिस्पर्धी दरों में शामिल हैं। इन सुविधाओं से ग्राहकों पर मासिक किस्त का बोझ काफी कम होगा। यह नई दरें एक सीमित अवधि के लिए लागू रहेंगी।

## अगले सप्ताह छह आईपीओ की लॉन्चिंग, 11 कम्पनियों के शेयर हो सकते हैं लिस्ट

**नयी दिल्ली :** सोमवार यानी तीन अगस्त से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में अच्छी हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह छह कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। इनमें दो कंपनियों के आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं, जबकि शेष चार आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए खुले छह आईपीओ में भी तीन और चार अगस्त तक बोली लगाई जा सकती है। इस सप्ताह 11 कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। इनमें तीन कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की, जबकि शेष आठ कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन तीन अगस्त को अनविल वायर एंड इंजीनियरिंग का 177.81 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में पांच अगस्त तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 257 रुपये प्रति शेयर से लेकर 270 रुपये प्रति




शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 400 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 10 अगस्त को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसके अगले दिन चार अगस्त को एजियस टेक्नोलॉजीज का 23.71 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में छह अगस्त तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 100 रुपये प्रति शेयर से लेकर 105 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 11 अगस्त को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन पांच अगस्त को आरडी इंडस्ट्रीज का 425.87 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में सात अगस्त तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 50 रुपये प्रति शेयर से लेकर 53 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 281 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 12 अगस्त को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसके अगले दिन छह अगस्त को एलएपीएल ऑटोमोटिव लिमिटेड का 32.40 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 10 अगस्त तक बोली लगायी जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 88 रुपये प्रति शेयर से लेकर 94 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 13 अगस्त को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसी तरह सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सात अगस्त को ऑप्टीमिस्टिक्स इंटरटेनमेंट का 107.88 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 11 अगस्त तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 165 रुपये प्रति शेयर से लेकर 174 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। आईपीओ के लॉट साइज का अभी ऐलान नहीं किया गया है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 14 अगस्त को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसी दिन टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स का आईपीओ भी सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी 11 अगस्त तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए प्राइस बैंड और लॉट साइज का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

## पेज एक के शेष

**पहली सोमवारी पर बाबा नगरी में उमड़ेगा आस्था का सैलाब...**

ब्रीफिंग बैठक में अनुमान जताया गया था कि पहली सोमवारी पर दो लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण करेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है।

रविवार शाम तक हजारों कांवरिया देवघर की सीमा में प्रवेश कर मंदिर की ओर बढ़ने लगे थे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यह स्पष्ट हो गया कि पहली सोमवारी पर बाबा नगरी में आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ेगा। जिला प्रशासन और पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम जलार्पण कराने में जुटे हुए हैं।

**एक अरब टन के पार पहुंचा कोयला उत्पादन...**

मिलियन टन कोयला उत्पादन हुआ, जो पहली बार 200 मिलियन टन के आंकड़े को पार कर गया। इनमें व्यावसायिक खदानों का योगदान 26.12 मिलियन टन रहा और वर्तमान में 23 व्यावसायिक खदानें उत्पादन में हैं।

मंत्रालय के अनुसार, नीलाम की गयी सभी व्यावसायिक खदानों के पूर्ण संचालन पर लगभग 48,756 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश होगा। साथ ही, प्रीमियम से प्राप्त राजस्व वर्ष 2014-15 के 461 करोड़ रुपये से बढ़ कर वर्ष 2025-26 में 5,553 करोड़ रुपये हो गया है।

मंत्रालय ने कहा कि सभी नीलाम खदानों को शीघ्र उत्पादन में लाने के लिए मंजूरी प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। इसके परिणामस्वरूप पूर्ण रूप से अन्वेषित खदानों के संचालन की समयसीमा 51 महीने से घटा कर 40 महीने तथा आंशिक रूप से अन्वेषित खदानों के लिए 66 महीने से घटा कर 52 महीने कर दी गयी है।

**करियर और परिवार को बर्बाद कर देता है नशा...**

पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि व्यक्तिगत प्रयास करते समय निराशा और थकान हो सकती है, लेकिन जब कोई अभियान सामूहिक स्वरूप ले लेता है और करोड़ों लोग मिल कर आगे बढ़ते हैं, तो सामूहिकता की ताकत उसे नयी ऊर्जा देती है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि देशभर के लाखों युवाओं ने नशा मुक्ति की शपथ ली है। उन्होंने बताया कि यह संकल्प अगले 100 सप्ताह तक लगातार आगे बढ़ेगा। इस दौरान प्रत्येक रविवार कला, संस्कृति, खेल, ध्यान, अध्यात्म और सेवा से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आनेवाले 100 रविवार नशा मुक्त भारत की दिशा में 100 मजबूत कदम साबित होंगे।

प्रधानमंत्री ने प्रोफेसरों और शिक्षकों से आग्रह किया कि वे केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के साथ ड्रग्स के दुष्प्रभावों पर भी नियमित चर्चा करें। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थान युवाओं को नशे से बचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ अभियान में सरकार पूरी मजबूती से युवाओं के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि नशे के कारोबारियों और तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पहले की तुलना में कई गुना अधिक गिरफ्तारियां हुई हैं और हजारों करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गयी हैं। यह सरकार की कठोर नीति को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि केन्द्र और राज्य सरकारें इस अभियान को मिशन मोड में आगे बढ़ायेंगी। उन्होंने कहा कि देश का युवा नशे से मुक्त रह कर अपनी ऊर्जा को सुरक्षित रखने के साथ विकसित भारत के संकल्प को भी मजबूत करेगा। उन्होंने सभी सामाजिक और आध्यात्मिक संस्थाओं तथा गुरुजनों से अपील की, कि जिनके संगठन देशभर में सक्रिय हैं और जिनसे बड़ी संख्या में युवा जुड़े हैं, वे आनेवाले 100 सप्ताह में प्रत्येक संगठन कम से कम एक सप्ताह की जिम्मेदारी लेकर नशा मुक्ति अभियान को जन-आन्दोलन बनाने में योगदान दें।

**लखनऊ में आज से होगी ब्रिक्स देशों के सांख्यिकी प्रमुखों की बैठक...**

इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें सांख्यिकी उत्पादों को मजबूत करने, राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणालियों में सुधार, आंकड़ों के प्रसार और उपलब्धता बढ़ाने तथा मैक्रो-आर्थिक व क्षेत्रीय सांख्यिकी को सुदृढ़ करने पर चर्चा होगी। ब्रिक्स देशों ने 2010 से संयुक्त सांख्यिकी प्रकाशन (जेएसपी) जारी करना शुरू किया था और 2020 से स्नैपशॉट जेएसपी भी प्रकाशित किया जा रहा है। इस सहयोग ने आंकड़ों के संग्रह से आगे बढ़ कर मानकों के सामंजस्य और नवाचार तक का रूप ले लिया है। इसी वर्ष 16-17 अप्रैल को तकनीकी बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें जेएसपी और स्नैपशॉट 2026 के लिए रूपरेखा तय की गयी थी।

लखनऊ बैठक के साथ दो अर्ध-दिवसीय साइड इवेंट भी होंगे। 03 अगस्त को 'प्रशासनिक आंकड़ों की क्षमता का उपयोग' और 04 अगस्त को 'बदलते डेटा पारिस्थितिकी तंत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तैयारी' विषय पर चर्चा होगी। इन आयोजनों में ब्रिक्स देशों के सांख्यिकी कार्यालयों के साथ नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों, थिंक टैंक, नागरिक समाज संगठनों और तकनीकी विशेषज्ञों की भागीदारी होगी।

**एसआईटी करे राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच : कांग्रेस...**

बल्कि शिला पूजन के समय से ही गड़बड़ियां शुरू हो गयी थीं। भाजपा ने मंदिर निर्माण को हमेशा चुनावी मुद्दा बनाये रखा और वास्तविक निर्माण उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद ही सम्भव हुआ।

उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा अधूरे मंदिर में करायी गयी और शंकराचार्यों को आमंत्रित नहीं किया गया, जबकि पूजा उन्हीं से करायी जानी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अयोध्या दौरे की तैयारियों पर 112 करोड़ रुपये खर्च किये गये, जिसमें फूल और कुर्सियों की खरीद कई गुना अधिक कीमत पर की गयी।

उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के दौरान सात बड़े जमीनी सौदे हुए, जिनमें सर्किल रेट से 17 गुना अधिक रकम का भुगतान किया गया। एक सौदे में 02 करोड़ रुपये की जमीन खरीद कर 10 मिनट बाद 18 करोड़ रुपये में बेची गयी। मंदिर से 'चढ़ावा चोरी' होने पर प्रधानमंत्री भी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते।

उन्होंने कहा कि भाजपा 'चढ़ावा चोरी' को भुलाने की कोशिश कर रही है, लेकिन उन्हें जवाब देना ही होगा। हमारी मांग है कि उच्चतम न्यायालय की देखरेख में एसआईटी जांच करायी जाये, ताकि आस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके।

**एनबीए ने धान अनुसंधान संस्थानों और राज्यों को 8.22 करोड़ रुपये किये जारी...**

प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उत्तराखंड को 3.26 लाख रुपये मिले हैं।

मंत्रालय ने बताया कि 33 राज्य जैव विविधता बोर्डों और केन्द्र शासित प्रदेश जैव विविधता परिषदों को 5.75 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। यह आवंटन कृषि मंत्रालय के एकीकृत पोर्टल में दर्ज धान उत्पादक क्षेत्र के आधार पर किया गया है। उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक 73 लाख रुपये से अधिक मिले हैं। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पंजाब, बिहार, मध्य प्रदेश, असम और आंध्र प्रदेश भी शीर्ष दस राज्यों में शामिल हैं।

इन निधियों का उपयोग अनुसंधान संस्थान बीज संग्रहण, जर्मप्लाज्म संरक्षण, अनुसंधान और प्रशिक्षण को मजबूत करने में करेंगे। वहीं, राज्य बोर्ड और परिषदें स्थानीय फसल विविधता संरक्षण, पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्स्थापन, पारम्परिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और किसानों व ज्ञानधारकों को सहयोग देने जैसी गतिविधियों में इसका उपयोग करेंगी।

एनबीए ने अब तक कृषि और बीज क्षेत्र से लगभग 83 करोड़ रुपये की लाभ-साझेदारी राशि प्राप्त की है। सभी क्षेत्रों में इसकी कुल वितरण राशि 162 करोड़ रुपये से अधिक हो गयी है।

**10 किलो हेरोइन व 11 विदेशी हथियार बरामद...**

के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश के निर्देशन में डीएसटी और खाजूवाला थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए खाजूवाला थाना क्षेत्र के 32 हेड स्थित चक 06 बीडी सड़क मार्ग पर दबिश दी। वहां से आरोपित को करीब 10 किलोग्राम हेरोइन, विदेशी हथियारों के जखीरे और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपित के कब्जे से दो तुर्किये निर्मित जिगाना पिस्टल, चार ग्लॉक पिस्टल, पांच स्टार मार्क .30 बोर पिस्टल, 22 मैगजीन तथा 100 जीवित कारतूस बरामद किये गये हैं। इसके अलावा 999 अफगान मार्का करीब 10 किलोग्राम हेरोइन भी जब्त की गयी है।

**ईपीएफओ से धोखाधड़ी मामले में अनिल अम्बानी और रिलायंस कैपिटल पर एफआईआर...**

शिकायत में कहा गया है कि यह शिकायत ईपीएफओ की ओर से उसके अधिकृत अधिकारी के जरिये सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद रिलायंस कैपिटल लिमिटेड द्वारा जारी किये गये सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों में निवेश के कारण ईपीएफओ को हुए भारी नुकसान और बाद में मिले ऐसे सबूतों के सम्बन्ध में दर्ज की जा रही है, जो इस निवेश से जुड़े धोखाधड़ीपूर्ण आचरण का संकेत देते हैं।

**थम नहीं रहा जेपीएससी-जेएसएससी में हुई अनियमितताओं का मामला...**

29 जुलाई 2026 को पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से संविधान मार्च आयोजित किया गया, जिसे झारखंड के लाखों छात्र-छात्राओं का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ।'

अपने पत्र में राम अवतार महतो ने आरोप लगाते हुए कहा है, 'आयोजन शांतिपूर्ण चल रहा था, किन्तु 29 जुलाई 2026 की ही रात्रि में संविधान मार्च की सफलता के उपरांत कुणाल प्रताप सिंह (डायरेक्टर, एग्जाम फाइटर) अपने सहयोगियों राजेश प्रसाद, रवीन्द्र पासवान, विनय मेहता एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे। वहां उन्होंने मेरे साथ एवं अन्य सत्याग्रहियों के साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करते हुए प्रताड़ना दी तथा आन्दोलन बंद करने के लिए दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी दी।'

पत्र में राम अवतार महतो ने आरोप लगाया है कि इसके अतिरिक्त उक्त व्यक्तियों ने सत्याग्रहियों की सहमति के बिना आन्दोलन के नाम पर एक कथित समिति बना कर QR कोड के माध्यम से धन संग्रह करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा है, 'जब मैंने आन्दोलन की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाये रखने के उद्देश्य से इसका विरोध किया, तब उक्त व्यक्तियों ने मुझे घेर लिया तथा गम्भीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी।'

राम अवतार महतो ने कहा है कि इस घटना से वह एवं अन्य सत्याग्रही भयभीत एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। साथ ही, ऐसे कृत्यों से राज्य के लाखों छात्रों के शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक आन्दोलन को बाधित करने तथा कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो गयी है। श्री महतो ने उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी से अनुरोध किया है कि उक्त घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच करायी जाये। नामजद व्यक्तियों एवं अन्य दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी उन्होंने अनुरोध किया है। साथ ही, जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम स्थित सत्याग्रह स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर आन्दोलनकारियों को सुरक्षा मुहैया कराने और भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, हिंसा या अराजकता को रोकने हेतु आवश्यक प्रशासनिक कदम उठाने एवं सुरक्षा सम्बन्धी निर्देश जारी करने की भी मांग की है।

राम अवतार महतो ने उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी को प्रेषित अपने पत्र के आलोक में उम्मीद जतायी है कि शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक आन्दोलन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करनेवाले तत्त्वों के खिलाफ तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जायेगी, ताकि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा हो सके और कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रह सके।

**झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को भी लिखा पत्र...**

निकाय (सीबीआई या सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज) से करायी जाये।

- 14वीं जेपीएससी एवं बैकलॉग सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम के बाद श्रेणी वार कटऑफ जारी किया जाये। जेपीएससी की सभी परीक्षाएं कैलेंडर के आधार पर समय के अनुरूप हों और मुख्य परीक्षा के लिए कम से कम 90 दिन का समय दिया जाये।
- जारी किये गये परिणाम पर जेपीएससी के सदस्यों के हस्ताक्षर नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है। आयोग इसका स्पष्टीकरण प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देने की कृपा करे।
- सोशल मीडिया पर एक ओएमआर शीट वायरल है, जिसमें पेपर-1 में केवल 48 प्रश्न तथा पेपर-2 में 45 प्रश्न; यानी कुल 93 हल किये गये बताये जा रहे हैं, फिर भी सम्बन्धित अभ्यर्थी का चयन हुआ है। इस तरह के सभी चयनित अभ्यर्थियों के ओएमआर शीट की फोरेंसिक जांच की जाये।

उल्लेखनीय है कि 14वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा में हुई अनियमितताओं की सीबीआई जांच कराने तथा जेएसएससी द्वारा आयोजित सीजीएल व अन्य चयन भर्ती परीक्षाओं में उठे घोर आरोपों की स्वतंत्र व निष्पक्ष सीबीआई जांच करा कर परीक्षा को रद्द करने की मांग लगातार तेज होती जा रही है।

**बाहरी असामाजिक तत्त्वों ने रची आन्दोलन बाधित करने की साजिश...**

के बावजूद झारखंडी अभ्यर्थी अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर पूरी दृढ़ता के साथ आन्दोलन जारी रखेंगे।

इस बीच राम अवतार महतो ने 30 जुलाई को कोतवाली थाना में एक कथित कोचिंग संचालक के विरुद्ध शिकायत दर्ज करायी है। साथ ही, अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर आन्दोलन स्थल में व्यवधान उत्पन्न करनेवाले असामाजिक तत्त्वों से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि झारखंड लोक सेवा आयोग की 14वीं सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद कथित अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का आन्दोलन लगातार जारी है। रामगढ़ निवासी व अभ्यर्थी राम अवतार महतो द्वारा प्रशासन को पूर्व सूचना देकर 24 जुलाई से विभिन्न चरणों में आन्दोलन संचालित किया जा रहा है।

25 जुलाई को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में सत्याग्रह धरना प्रारम्भ किया गया। इसके बाद नेशनल डूरंड कप के दौरान प्रशासन की गाइडलाइन से धरना स्थल को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम स्थानांतरित कर आन्दोलन जारी रखा गया। सत्याग्रही अभ्यर्थी राम अवतार महतो द्वारा प्रशासन के सूचनार्थ से 28 जुलाई को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक संविधान पदयात्रा निकाली गयी, जो शांतिपूर्ण एवं सफल रही। इसके बाद से आन्दोलन को बाधित करने के कथित प्रयास लगातार सामने आने लगे।

## एक झलक

### वीजा नियमों के उल्लंघन का आरोप, छह पकड़ाये

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस की स्पेशल स्टाफ की फॉरेनर सेल ने ऑपरेशन विस्टा 1.0 के तहत 6 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। इन सभी पर वीजा नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक सभी बांग्लादेशी नागरिक डबल एंट्री वीजा पर भारत आए थे। जांच में पता चला कि उन्होंने वीजा की शर्तों का उल्लंघन किया है। इसके बाद फॉरेनर सेल ने सभी को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रूस के हमले में 09 लोगों की मौत

**कीव :** रूस के ताजा मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिका और यूरोपीय देशों से तुरंत पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम के इंटरसेप्टर मिसाइल भेजने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ये मिसाइलें लोगों की जान बचाने के लिए हैं, इसलिए इन्हें गोदामों में रखने के बजाय यूक्रेन भेजा जाना चाहिए। रूस ने शनिवार रात कीव समेत कई शहरों पर बड़े पैमाने पर हमला किया था। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक हमले में 9 लोगों की मौत हुई, जबकि करीब 40 लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि रूस ने रातभर में 35 मिसाइलें, जिनमें 27 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं, और करीब 185-190 ड्रोन दागे। इनमें से यूक्रेन केवल एक बैलिस्टिक मिसाइल को ही रोक सका, क्योंकि पैट्रियट सिस्टम के लिए इंटरसेप्टर मिसाइलों का भंडार लगभग खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूरोप जानते हैं कि हमें क्या चाहिए। अब केवल राजनीतिक फैसला लेने की जरूरत है।

### इंडोनेशिया में फेरी बोट में लगी आग, 05 की मौत

**271 लोग सवार थे, 41 अब भी लापता; रेस्क्यू ऑपरेशन जारी**

**जकार्ता :** इंडोनेशिया के मादुरा द्वीप के पास रविवार सुबह एक यात्री फेरी बोट में आग लग गई। हादसे में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लोग अब भी लापता हैं। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी के मुताबिक फेरी में कुल 271 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। दोपहर तक 225 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि बाकी लोगों की तलाश जारी है। फेरी पूर्वी जावा के सुराबाया से दक्षिण सुलावेसी के मकासार जा रही थी। इसी दौरान मादुरा द्वीप के पास उसमें आग लग गई। आग लगने की वजह साफ नहीं हो सकी है। फिलहाल लापता लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

### इराक-तुर्किये का पाइपलाइन के जरिये तेल निर्यात पर समझौता

**बगदाद :** इराक और तुर्किये ने शनिवार को तुर्किये के भूमध्यसागरीय बंदरगाह 'सीहान' तक जाने वाली पाइपलाइन के जरिए तेल निर्यात बढ़ाने के लिए एक समझौते किया है। इराक अपने तेल निर्यात मार्गों में विविधता लाना चाहता है और खाड़ी के समुद्री मार्गों पर निर्भरता कम करना चाहता है। इराक के तेल मंत्री बासिम मोहम्मद खुदैर अल-अबादी ने एक बयान में कहा कि यह समझौता एक साल तक लागू रहेगा।

### रेस्टोरेंट के बाहर बम धमाका, 03 की मौत

**मॉस्को :** रूस की राजधानी मॉस्को में शनिवार शाम एक निजी कार्यक्रम के दौरान हुए बम धमाके ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। शहर के व्यस्त इलाके में स्थित बाल्ज़ी रसोई रेस्टोरेंट के बाहर हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 अन्य घायल हुए हैं। मृतकों में वह महिला भी शामिल बताई जा रही है, जो कथित तौर पर एक गिफ्ट बॉक्स लेकर रेस्टोरेंट पहुंची थी। यह धमाका मॉस्को के कुद्रिन्स्काया स्क्वायर स्थित रेस्टोरेंट के प्रवेश द्वार के पास हुआ। घटना के समय रेस्टोरेंट आम ग्राहकों के लिए बंद था और वहां एक निजी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था।

# आज धूमधाम से निकलेगी महाकाल की सवारी, चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में देंगे भक्तों को दर्शन

एजेंसी

**उज्जैन :** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की श्रावण-भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारी के क्रम में सोमवार, 03 अगस्त को पहली सवारी निकलेगी। इस दौरान अवंतिकानाथ नगर भ्रमण कर अपनी प्रजा का हाल जानेंगे। सवारी में बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में अपने भक्तों को दर्शन देंगे। श्रावण-भाद्रपद मास में उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर की छह सवारी निकाली जाती है। इनमें श्रावण के चार और भादौ महीने के दो सोमवार को भगवान महाकाल अपनी प्रजा का हाल जानने के लिए नगर भ्रमण पर निकलते हैं। इस बार भगवान महाकालेश्वर की पहली सवारी 3 अगस्त और अंतिम राजसी सवारी 7 सितंबर को निकाली जाएगी। सवारी निकलने से पहले दोपहर 3:30 बजे सभा मंडप में भगवान चंद्रमौलेश्वर का पूजन होगा। इसके बाद शाम 4 बजे मंदिर प्रांगण से सवारी प्रस्थान करेगी और करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी दूरी तय कर शाम 5 बजे रामघाट पहुंचेगी। रामघाट पर शिप्रा से जलाभिषेक, पूजन, आरती के बाद बाबा वापस मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। सवारी शाम 7 बजे मंदिर पहुंचेगी। महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने रविवार को बताया कि इस साल भी सभी आरतियों में कार्तिक मंडप की पहली तीन पंक्तियों से श्रद्धालुओं को चलित आरती दर्शन कराए जाएंगे। सभी



सवारियों में जनजातीय सांस्कृतिक दल प्रस्तुति देंगे। हर सवारी में पांच एलईडी रथ शामिल किए गए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 15 जगहों पर मेडिकल टीमें और 247 एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि श्रावण के पहले सोमवार, 03 अगस्त को भगवान महाकाल पालकी में विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे और श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। सवारी से पहले प्रशासन ने पूरे मार्ग को दुरुस्त कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं।

गौरतलब है कि सिंहस्थ 2026 की तैयारियों के लिए चल रहे निर्माण कार्यों के चलते 15 दिन पहले तक सवारी मार्ग पर सड़कें जर्जर थीं और बुनियादी सुविधाओं का अभाव था, वहां अधिकारियों ने दिन-रात मेहनत कर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर दी हैं। प्रशासन के प्रयासों से अब श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल के दर्शन अधिक सुगमता से हो सकेंगे। सवारी के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और साफ-सफाई की व्यापक व्यवस्था की गई है। महाकाल मंदिर के मुख्य द्वार से निकलकर पालकी गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी होते हुए रामघाट पहुंचेगी। यहां क्षिप्रा नदी के पवित्र जल से भगवान महाकाल का अभिषेक और आरती की जाएगी। इसके बाद सवारी रामघाट, रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, ढाबा रोड, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी चौराहा होते हुए पुनः महाकाल मंदिर पहुंचेगी। श्रावण के पहले सोमवार भगवान महाकाल चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में पालकी में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे। सवारी के दौरान सशस्त्र पुलिस बल बाबा महाकाल को गार्ड ऑफ ऑनर देगा। ढोल-नगाड़ों, झांझ-मंजीरों और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से पूरी उज्जैन नगरी शिवमय हो जाएगी। जब सवारी गोपाल मंदिर पहुंचेगी, तब हरि-हर मिलन का अद्भुत दृश्य देखने को मिलेगा, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है।

# केरलम व कर्नाटक में भारी बारिश से बिगड़े हालात

## लैंडस्लाइड से अब तक 11 की मौत, 08 लापता

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** देश के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित है। केरलम में भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड और बाढ़ से 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 8 लोग लापता हैं। सरकार ने 209 राहत शिविर बनाए हैं, जहां 5,792 लोगों को सुरक्षित पहुंचाया गया है। कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में रविवार सुबह लैंडस्लाइड में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मल्लिकार्जुन (35), उनकी पत्नी नागवेणी (28) और 3 साल का बेटा संतोष शामिल हैं। हादसे के समय तीनों पहाड़ी के पास बने घर में सो रहे थे। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग और केदार घाटी में लगातार भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड और चट्टानें गिरने से केदारनाथ मार्ग और हाईवे बाधित हो रहे हैं। जिससे जारी कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, राजस्थान के 24 जिलों में बारिश हो रही है। इसकी वजह से अजमेर की सड़कों पर पानी भर गया।

**किम नदी का जलस्तर अब भी बढ़ा हुआ**

**गुजरात** के सूरत में फिलहाल बारिश रुक गई है, लेकिन किम नदी का जलस्तर अब भी बढ़ा हुआ है। नदी के किनारे स्थित मुक्तिधाम श्मशान घाट पानी में डूब गया, जिसके चलते लोगों को अंतिम संस्कार के लिए दूसरे श्मशान घाटों पर जाना पड़ रहा है।

**केरल के अलप्पुझा में बाढ़ का खतरा बढ़ा**



### असम में 80 की मौत, ओडिशा में कई गांव डूबे

**मानसून** देश के कई हिस्सों में तबाही मचा रहा है। जम्मू-कश्मीर से केरल तक बादल फटने से हाहाकार मचा हुआ है। गुजरात से ओडिशा तक आसमानी आफत से लोग परेशान हैं। उत्तराखंड में भारी बारिश से नदी नाले उफान पर हैं। कश्मीर के शोपियां और किश्तवाड़ में बादल फटने भारी तबाही हुई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कश्मीर से केरल तक मानसून की मूसलाधार बारिश से हाहाकार मचा है। बादल फटने से पहाड़ी इलाकों में भारी तबाही मची है तो मैदानी इलाकों में विनाशकारी बाढ़ से हजारों लोग परेशान हैं। लैंडस्लाइड और पहाड़ के दरकने से अमरनाथ यात्रा बाधित हुई है तो सड़कों पर बड़े-बड़े बोल्डर और मलबे ने चार धाम यात्रा पर भी ब्रेक लगा दिया है। ओडिशा में विनाशकारी बाढ़ से गांव के गांव डूब गए तो केरल में भी मॉनसून का कहर जारी है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और शोपियां में बादल फटने से भारी तबाही हुई, जिसमें गाड़ियां बह गईं और नेशनल हाईवे बंद हो गए। तबाही की तस्वीरें किश्तवाड़ के चन्नू इलाके से भी आई हैं, यहां देर रात करीब 2 बजकर 30 मिनट पर बादल फटने की घटना हुई। पानी का बहाव इतना तेज था कि इसमें गाड़ियां बह गईं।

**केरल** के अलप्पुझा जिले के कुट्टनाड और अपर कुट्टनाड क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। पंबा और अचनकोविल नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे कई निचले इलाकों में पानी भर गया है। वीयापुरम और चेरुथाना गांवों में बाढ़ से 100 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं। अलप्पुझा में 11 राहत शिविर चल रहे हैं, जहां 169 परिवारों के 580 लोगों को ठहराया गया है। केरल मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, भारी बारिश से अब तक 8 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 8 लोग लापता हैं। इस आपदा में 13 लोग घायल हुए हैं। राज्यभर में 5,792 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाकर 209 राहत शिविरों में ठहराया गया है।

# पोल्लाची में भीषण सड़क हादसा एक ही परिवार के 05 की मौत

एजेंसी

**कोयंबटूर :** तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में पोल्लाची के निकट सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से कार की जोरदार टक्कर होने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार किसी भी व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका। पुलिस के अनुसार, कोयंबटूर जिले के मदुक्कराई एमएलए स्ट्रीट निवासी कनकराज एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी उमा महेश्वरी, बड़ी बेटी आरती और छोटी बेटी नर्मदा थीं। रविवार को कनकराज अपने परिवार तथा दूर के रिश्तेदार रामन के साथ कार से उदुमलपेट स्थित अपने कुलदेवता मंदिर में दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे। कार कनकराज स्वयं चला रहे थे। दोपहर के समय जब उनकी कार पोल्लाची के पास नल्लाम्पल्ली इलाके से गुजर रही थी, तभी वह अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।



### एन्नोर में ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**चेन्नई** के एन्नोर रेलवे स्टेशन के पास भी रविवार को एक हादसा हुआ। रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान कन्नन नामक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए बताया कि इस क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पार करते समय होने वाले हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### जितेन्द्र सिंह ने उझ बहुउद्देशीय परियोजना की समीक्षा की

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में प्रस्तावित उझ बहुउद्देशीय परियोजना की स्थिति और चरणबद्ध क्रियान्वयन की समीक्षा की। यह परियोजना लगभग 90 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगी और कठुआ जिले को पेयजल उपलब्ध कराएगी। साथ ही पंजाब के पठानकोट और गुरदासपुर जिलों को भी सिंचाई लाभ मिलेगा। परियोजना से 186 से 212 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य है। केंद्रीय विज्ञान मंत्रालय के अनुसार, बैठक में वॉप्कॉस लिमिटेड के अधिकारियों ने जानकारी दी कि परियोजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है।

### बसपा ने अशोक सिद्धार्थ और रणधीर सिंह बेनीवाल को पार्टी से निकाला

एजेंसी

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अनुशासनहीनता और पार्टी के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के आरोप में पूर्व राज्यसभा सदस्य अशोक सिद्धार्थ और पार्टी के को-ऑर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया है। अशोक सिद्धार्थ बसपा प्रमुख मायावती के समधी तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता आकाश आनंद के ससुर हैं। रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी सिलसिलेवार पोस्ट में मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ को पहले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट वितरण के मुद्दे पर प्रदेश नेतृत्व के साथ तालमेल नहीं बैठा पाने और अनुशासनहीनता के कारण पार्टी से निकाला गया था। बाद में इस शर्त पर उन्हें दोबारा पार्टी में शामिल किया गया था कि वे भविष्य में ऐसी गलती नहीं करेंगे। मायावती के अनुसार, दोबारा जिम्मेदारी मिलने के बाद भी अशोक सिद्धार्थ अपने दायित्वों का निर्वहन अपेक्षित ढंग से नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के अलावा ओडिशा और पश्चिम बंगाल से भी उनके खिलाफ पार्टी के दिशा-निर्देशों की अनदेखी और अनुशासनहीनता की शिकायतें लगातार मिलती रहीं। कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद सुधार नहीं होने पर पार्टी और आंदोलन के हित में उन्हें स्थायी रूप से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया है।

# असम बाढ़ : रिलायंस फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 21 करोड़ का दिया योगदान

एजेंसी

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को बताया कि रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने ऊपरी असम में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए असम के मुख्यमंत्री राहत कोष में 21 करोड़ का योगदान दिया है। सोशल मीडिया फेसबुक पर मुख्यमंत्री ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन का आभार जताते हुए कहा कि इस संगठन ने संकट के समय में हमेशा असम के लोगों की मदद की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी राज्य ने मुश्किल समय का सामना किया है, रिलायंस



फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता अंबानी हमेशा असम के लोगों के साथ खड़ी रही हैं। डॉ. सरमा ने कोविड-19 महामारी के दौरान फाउंडेशन की मदद को याद किया, जब उसने राज्य के लोगों को समय पर सहायता प्रदान की थी। कहा कि इस नए योगदान से ऊपरी असम में बाढ़ से प्रभावित परिवारों के लिए राहत और पुनर्वास के प्रयासों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि आर्थिक सहायता के साथ-साथ, रिलायंस फाउंडेशन की टीमें बाढ़ प्रभावित इलाकों में भोजन, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं, आपातकालीन आश्रय और पशुधन के लिए सहायता प्रदान करने का काम कर रही हैं।

### कर्नाटक में जल्द होगा कैबिनेट विस्तार

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ लेने के करीब दो महीने बाद भी मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हुआ है। शिवकुमार और राज्य के कई कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर आलाकमान से मुलाकात की। यहां कैबिनेट विस्तार पर चर्चा हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 20 नए मंत्रियों के नाम आज तय हो सकते हैं। वहीं, अगले सप्ताह शपथ ग्रहण हो सकता है। अभी कैबिनेट में सीएम समेत 14 मंत्री हैं। डीके शिवकुमार ने 3 जून को उपमुख्यमंत्री जी परमेश्वर और 12 अन्य मंत्रियों के साथ शपथ ली थी। कर्नाटक में संवैधानिक रूप से मुख्यमंत्री सहित कुल 34 मंत्री हो सकते हैं, जिसके चलते अभी भी लगभग 20 पद खाली हैं।

# ऋतिक रोशन पर बरसीं कंगना रनौत

**मुम्बई :** अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री कंगना रनौत के बीच वर्षों पुराना विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। सोशल मीडिया पर 'सॉरी ऋतिक' ट्रेंड वायरल होने के बाद दोनों के बीच बयानबाजी का नया दौर शुरू हो गया है। ऋतिक की प्रतिक्रिया के कुछ घंटों बाद कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए उन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें पुराने विवाद को हवा देने के बजाय अपनी साथी सबा आजाद का सम्मान करना चाहिए। पूरा विवाद उस समय फिर चर्चा में आया जब नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कंगना की टिप्पणी के बाद सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास ने तंज कसते हुए कहा कि वह ऋतिक जैसे दिखते हैं, इसलिए, कंगना उन पर नाराज हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर 'सॉरी ऋतिक' ट्रेंड शुरू हो गया। इस ट्रेंड पर प्रतिक्रिया देते हुए ऋतिक ने कहा कि वह बिना पूरी जानकारी और सच्चाई जाने कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। ऋतिक के इस बयान पर कंगना ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके नाम का इस्तेमाल कर कुछ लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं, लेकिन ऋतिक ऐसे लोगों की आलोचना करने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं। कंगना ने लिखा कि चूंकि ऋतिक अब एक स्थिर रिश्ते में हैं, इसलिए उन्हें किसी महिला को परेशान करने जैसी स्थिति पैदा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बेवजह आग में घी डालना और अपनी पार्टनर को असहज करना उचित नहीं है।



# मध्य प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों में की गयी शराबबंदी : मोहन यादव

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों पर निकाय और पंचायत की सीमा में हमने शराब बंदी लागू कर दी है। शराब की दुकानें हटा दी गईं हैं। मध्य प्रदेश सरकार हर गली, मोहल्ले, गांव-चौराहे तक नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाकर लोगों को समझाइश दे रही है और नशे के अवैध कारोबार में लिप्त अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई भी कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प' के राष्ट्रव्यापी अभियान के शुभारंभ अवसर पर भोपाल के मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब सड़कों के किनारे लगी धूम्रपान की दुकानें धीरे-धीरे कम होती जा रही हैं, लेकिन वर्तमान समय में दूसरे प्रकार का नशा बढ़ रहा है। युवाओं को बिगाड़ने के तरह-तरह के सामान आ गए हैं। हमारी सरकार ने प्रदेश में नशे के अवैध कारोबार और नशे के सामानों की तस्करी पर सख्ती से नकेल कसने के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर बेहतर समन्वय स्थापित किया है। 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प' के राष्ट्रव्यापी अभियान का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली से वर्चुअल शुभारंभ किया। इस



राष्ट्रीय अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का देश के सभी राज्यों में सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में देश के 24 राज्यों के राज्यपाल, 11 राज्यों के मुख्यमंत्री ने वर्चुअली सहभागिता की। देश के 28 स्थानों पर अभियान के शुभारंभ पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की सरकारों तथा माय भारत युवा संगठन के सामूहिक एवं सक्रिय प्रयासों से चलाए जाने वाला यह अभियान अगले 100 सप्ताह तक लगातार जारी रहेगा। अभियान के तहत नागरिकों विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर उन्हें संकल्पित कराया जाएगा।

**■ मुख्यमंत्री ने नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प के राष्ट्रव्यापी अभियान के शुभारम्भ अवसर पर सहभागिता कर नशे से दूर रहने की दिलायी शपथ**

अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को समाज सेवा और जन-जागरूकता से जुड़ी विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रव्यापी अभियान के शुभारंभ अवसर पर भोपाल के मैनिट में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहभागिता की। उन्होंने यहां नशामुक्त भारत और नशामुक्त मध्यप्रदेश के लिए सभी को हर प्रकार के नशे से दूर रहने और नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने मैनिट से ही प्रधानमंत्री के राष्ट्र संबोधन सुना। इस अवसर पर खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, मैनिट के डायरेक्टर प्रो. मनमोहन कापसे, माय भारत युवा संगठन के राज्य निदेशक मंगलराम जाखड़, जनसम्पर्क आयुक्त मनीष सिंह, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा सहित मैनिट की सभी फैकल्टीज, प्रोफेसर्स तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी और युवा साथी उपस्थित थे। राष्ट्रव्यापी अभियान के शुभारंभ से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक और युवा देश है। स्वामी विवेकानंद ने सौ साल पहले कहा था कि युवाओं के सामर्थ्य से 21वीं सदी भारत की होगी। ऐसे में शक्तिशाली और सर्वगुण संपन्न भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नशामुक्ति का अभियान चल रहा है।